* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

06 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 195

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

ऋषभ पंत ने बैसाखी को हटाया, दुर्घटना के बाद पहली बार बिना सहारे के खड़े हुए






# आइएएस छवि रंजन भेजे गये जेल, रिमांड पर आज सुनवाई

- इडी ने पूछताछ के बाद गुरुवार को किया था गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के पूर्व उपायुक्त और वर्तमान में समाज कल्याण विभाग के निदेशक छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने छवि रंजन को गुरुवार की रात सेना की जमीन और अन्य भूंखंडों के फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार किया था। उन्हें शुक्रवार को इडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में पेश किया गया। जरूरी औपचारिकताएं, प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद कोर्ट ने आइएएस छवि रंजन को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया। वहीं कोर्ट को इडी ने पांच दिनों के रिमांड के लिए आवेदन दिया था। अदालत मामले में 6 मई को सुनवाई करेगी।

**जमीन घोटाले में छवि रंजन की सीधी संलिप्तता :** इडी ने 13 अप्रैल को सेना की 4.55 एकड़ जमीन फर्जीवाड़ा मामले में छापेमारी की थी। इसमें छवि रंजन समेत अंचलकर्मी भानु प्रताप प्रसाद और अन्य जमीन दलालों के ठिकाने शामिल थे। इडी ने सात लोगों को गिरफ्तार किया था और जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े कई दस्तावेज मिले थे। इडी ने सातों से पूछताछ के बाद छवि रंजन को 24 अप्रैल को पूछताछ के लिए बुलाया था। सूत्रों के मुताबिक सातों आरोपियों को छवि रंजन के सामने बिठा कर पूछताछ की गयी थी। तब उन लोगों ने कहा था कि उन्होंने जो किया, वह साहेब (छवि रंजन) के कहने पर किया। छवि रंजन को गुरुवार यानी 4 मई को दुबारा पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उनसे लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गयी। सूत्रों के मुताबिक इस पूछताछ में छवि रंजन कई सवालों का संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये। इडी ने अपनी जांच में पाया कि रांची में जमीन के कागजातों में हेरफेर और इसकी बिक्री में तत्कालीन डीसी छवि रंजन की अहम भूमिका थी। छवि रंजन के डीसी रहते ही बजरा, सेना जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन का फर्जीवाड़ा में अहम भूमिका थी।



## न्यायालय से जेल गेट तक रोते-रोते गये छवि रंजन

**रांची (आजाद सिपाही)। समय सबसे बलवान होता है। समय का चक्र कब किसे किस स्थिति में लाकर पटक दे, कोई कह नहीं सकता। रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के मामले में यह बात एक बार फिर साबित हुई है। महज एक साल पहले जिस होटवार जेल में वह छापा मारने जाते थे और जहां का प्रत्येक कर्मी उनके सामने हाथ बांधे खड़ा रहता था, शुक्रवार को उसी जेल में बंदी के रूप में लाये गये छवि रंजन को देखने के लिए कैदियों में भारी उत्सुकता थी। अदालत से होटवार जेल जाते समय रास्ते भर छवि रंजन रोते रहे। वह बार-बार अपनी आंख पोछ रहे थे। कोर्ट परिसर से निकलते वक्त जब छवि रंजन गाड़ी में बैठ रहे थे, वह भावुक दिखे और अपने आंसू पोछने लगे।**

### छवि रंजन की आज फिर होगी पेशी

आइएएस अफसर छवि रंजन को शुक्रवार को दोपहर तकरीबन तीन बजे कोर्ट में पेशी के लिए लाया गया था। सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक इडी ने और पूछताछ के लिए छवि रंजन की पांच दिनों के लिए रिमांड मांगी है। कोर्टने शुक्रवार को उन्हें एक दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। अब शनिवार छह मई को कोर्ट में उनकी फिर पेशी होगी। रिमांड पर लेने के लिए इडी की अर्जी पर सुनवाई करेगी।

(संबंधित खबर पेज-3 पर)

इडी ने छवि रंजन पर पद का दुरुपयोग करने और तथ्यों को छिपाने का आरोप लगाया

## प्रेम प्रकाश ने छवि रंजन को एक करोड़ की घूस दी, विष्णु अग्रवाल ने गोवा ट्रिप का खर्च उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी द्वारा गिरफ्तार किये गये आइएएस अधिकारी छवि रंजन के खिलाफ पद का दुरुपयोग करने के अलावा घूस लेने के भी आरोप लगाये गये हैं। इडी द्वारा उनकी रिमांड के लिए दायर याचिका में ये आरोप लगाये गये हैं। बरियातू स्थित सेना की कब्जे वाली जमीन में फर्जीवाड़ा, बजरा मौजा की जमीन का अवैध हस्तांतरण करने और कई अन्य तथ्यों का जिक्र याचिका में किया गया है।

याचिका में दर्शाये गये आरोपों के अनुसार इडी की जांच से पता चला है कि छवि रंजन ने 2020-21 से 2022 के दौरान रांची के उपायुक्त के रूप में काम करते हुए अपने पद और एक लोक सेवक की क्षमता का दुरुपयोग किया। उन्होंने खुद को लाभ पहुंचाने के लिए कई पार्टियों को अनुचित लाभ पहुंचाया और तथ्यों को छिपाया। उन्होंने निजी व्यक्तियों को धोखाधड़ी करने में मदद की।

याचिका में कहा गया है कि जांच में छवि रंजन द्वारा एक करोड़ रुपये की घूस लेने की बात का पता चला है। यह रकम पूर्व में गिरफ्तार आरोपी प्रेम प्रकाश द्वारा दी गयी। यह रकम छवि रंजन ने बड़गाई मौजा में एक जमीन को प्रतिबंधित सूची से हटाने के एवज में ली। इसके अलावा इडी की जांच में यह भी पता चला है कि अंचल कार्यालय से छवि रंजन को दो-ढाई लाख का भुगतान भी किया गया था, जो उनके एक करीबी विश्वासपात्र के पास जमा किया गया था।

**विष्णु अग्रवाल ने गोवा ट्रिप का खर्च उठाया :** इडी के अनुसार, जांच में यह भी पता चला है कि आइएएस अधिकारी छवि रंजन ने मौखिक रूप से अंचल अधिकारी मनोज कुमार से विष्णु अग्रवाल और उनकी पत्नी अनुश्री अग्रवाल के नाम चेशायर होम रोड पर एक एकड़ जमीन का नामांतरण करने के लिए कहा था। हालांकि अंचल कार्यालय के समक्ष विवाद लंबित था। विष्णु कुमार अग्रवाल के मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच से पता चला कि उन्होंने छवि रंजन की गोवा यात्रा की सुविधा प्रदान की, जिसमें गोवा के अगुआडा में ताज फोर्ट होटल में ठहरने और आने-जाने समेत दूसरे खर्च शामिल थे। बुकिंग के तरीके को छिपाने के लिए एक ट्रैवेल एजेंट के माध्यम से यह व्यवस्था की जाती थी। बुकिंग की राशि विष्णु अग्रवाल के एक कर्मचारी द्वारा दिल्ली में एक ट्रैवेल एजेंट को नगद दी जाती थी।

### नामकुम की जमीन के लिए किया गड़बड़झाला

**इडी की जांच में पता चला है कि छवि रंजन ने नामकुम स्थित पुगरू मौजा में 7.16 एकड़ गैर-मजरुआ जमीन की बिक्री और हेहल मौजा स्थित एक जमीन का म्यूटेशन बिनोद सिंह के नाम पर करने के लिए फर्जी दस्तावेज का इस्तेमाल किया। नामांतरण के बाद यह संपत्ति श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया के नाम दर्ज की गयी। इस जमीन का वास्तविक मूल्य 29 करोड़ था, जिसका सौदा 15.10 करोड़ में हुआ। इसमें चेक के माध्यम से 3.45 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था। हालांकि बिनोद सिंह के दावे को पहले सीओ और एलआरडीसी द्वारा वर्ष 2021 में खारिज कर दिया गया था, लेकिन छवि रंजन ने बिनोद सिंह के नाम पर नामांतरण की अनुमति दी थी। यहां तक कि छवि रंजन द्वारा साहू परिवार के नाम पर जमाबंदी रद्द कर दी गयी थी। इतना ही नहीं, छवि रंजन ने पुलिस की मौजूदगी में उपरोक्त स्थल पर चहारदीवारी निर्माण के निर्देश जारी किये थे।**

## जयशंकर ने बिलावल को सुनायी खरी-खरी

**पणजी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एससीओ बैठक के दौरान पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की मौजूदगी में पाकिस्तान पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की विश्वसनीयता लगातार घट रही है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं। सीमा पर हालात सुधरने तक ये रिश्ते सामान्य हो भी नहीं सकते। बैठक के बाद जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि वे यहां आतंक की इंडस्ट्री का प्रवक्ता बन कर आये। जयशंकर ने पाक विदेश मंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि आतंकवाद के पीड़ित और पोषण करनेवाले साथ नहीं बैठ सकते हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का एक अभिन्न अंग था, है और रहेगा।

रांची के मोरहाबादी में सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ

## जे नाची से बाची को चरितार्थ कर रहे हैं सांसद संजय सेठ

- महोत्सव के दूसरे दिन राज्यपाल, कड़िया मुंडा और बाबूलाल मरांडी शामिल होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** रांची के मोरहाबादी में शुक्रवार को सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो, पद्मश्री मुकुंद नायक, पद्मश्री मधु मंसूरी, विधायक सीपी सिंह, नवीन जायसवाल, समरी लाल प्रमुख रूप से मौजूद रहे। महोत्सव के उद्घाटन सत्र में सांसद संजय सेठ ने कहा कि झारखंड की कला और संस्कृति को देश के पटल पर दिखाने का एक प्रयास है। झारखंड में कला के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री के चिंतन को आगे बढ़ाते हुए इस सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया है। सेठ ने कहा कि जिस समाज ने अपनी संस्कृति, अपने विचार को छोड़ दिया, वह देश कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। खुशी की बात है कि झारखंड ने अपनी संस्कृति नहीं छोड़ी।

बता दें कि रांची लोकसभा क्षेत्र स्तरीय इस महोत्सव में रांची, हटिया, सिल्ली, खिजरी, ईचागढ़ और कांके विधानसभा क्षेत्र से 2683 प्रतिभागियों ने भाग लिया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम चार स्थानों पर आयोजित किया गया, जिसमें आर्यभट्ट ऑडिटोरियम रांची यूनिवर्सिटी मोरहाबादी, ऑड्रे हाउस सूचना भवन कांके रोड, मयूरी ऑडिटोरियम सीएमपीडीआइ कांके रोड, श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम मोरहाबादी। संस्कृति महोत्सव सुबह 9:00 बजे से रात्रि 9:00 बजे तक चला। सासंद संजय सेठ ने बताया कि सांस्कृतिक महोत्सव में 10 विधाओं की प्रतियोगिता हुई, जिसमें नवोदित कलाकारों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

प्रधानमंत्री का चिंतन और उनके विशेष आग्रह पर युवा रंगमंच के द्वारा धरती करे पुकार मुझे बचाओ का नाट्य मंचन किया गया। आज के समय धरती मां कराह रही है। केमिकल युक्त खाद और केमिकल के उपयोग से खेत की मिट्टी जहरीली होती जा रही है। प्रदूषण फैल रहे हैं। इससे बचाने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देना औरइसे जन जागरण के रूप में कैसे लोगों को जागरूक किया जा सके, इसी को लेकर नाटक का विशेष रूप से मंचन किया गया। झारखंड सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा कला संस्कृति भाषा किस राज्य की पहचान है। अपनी भाषा संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के आयोजन आवश्यक हैं। झारखंड की संस्कृति को बचाने का लक्ष्य हम सभी लोगों का दायित्व है। इस राज्य का चेहरा यहां की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि धन्यवाद देना चाहता हूं रांची के सांसद संजय सेठ का, जिन्होंने स्वर्गीय राम दयाल मुंडा, जिन्होंने कहा था: जे नाची से बाची की संस्कृति को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

इस महोत्सव में महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, अनेकता में एकता, गुरु शिष्य परंपरा, स्वतंत्रता सेनानी, वसुधैव कुटुंबकम, तकनीकी नवाचार, प्राकृतिक खेती से जुड़ी थीम पर भी प्रस्तुति दी गयी। पद्मश्री मुकुंद नायक ने इस कार्यक्रम को अनूठा कार्यक्रम बताया और कहा कि यह पहला मौका है, जब कला और कलाकारों के प्रति किसी सांसद ने प्रेम दिखाया है। अपनी रुचि दिखायी है। उन्होंने कहा कि महोत्सव झारखंड के लिए ऐतिहासिक महोत्सव होगा।

पद्मश्री मधु मंसूरी ने कहा कि भारत में कलाकारों के लिए सांस्कृतिक महोत्सव रांची में पहला अवसर है। यह पूरे देश को एक नयी दिशा देगा और पूरे देश में कलाकारों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का एक अनूठा प्लेटफार्म मिलेगा।

पूर्व सांसद राज्यसभा महेश पोद्दार ने महोत्सव की तैयारियों और अन्य विषयों की जानकारी दी। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट दिये जायेंगे, साथ ही सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दिया जायेगा। इस महोत्सव पर पूरे देश की नजर है। यह महोत्सव सिर्फ रांची लोकसभा क्षेत्र का महोत्सव न होकर पूरे देश का महोत्सव बने, राष्ट्रीय पटल पर अमिट छाप बनाये, इस दिशा में हम और हमारी पूरी टीम काम कर रही है। इस वार्ता में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, सुरेंद्र महतो, गार्गी मलकानी, राजश्री जयंती, नरेंद्र सिंह, धीरज महतो, महानगर के महामंत्री वरुण साहू, बलराम सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, नकुल तिर्की, रोमित नारायण, अर्जुन मुंडा, प्रमोद सिंह, संजीव साहू, विनोद महतो, राकेश केसरी, अशोक मुंडा, विकास, रवि, रामेंद्र कुमार आदि कार्यक्रम के सभी कोऑर्डिनेटर मौजूद थे।


## राजौरी एनकाउंटर में अब तक पांच जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच शुक्रवार सुबह से चल रही मुठभेड़ में सेना के पांच जवान शहीद हो गये हैं। सुबह दो जवान मुठभेड़ में शहीद हुए, वहीं घायल हुए तीन और जवानों की दोपहर में मौत हुई। एक जवान घायल है। एनकाउंटर शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे शुरू हुआ, जो खबर लिखे जाने तक जारी था। सेना से मिली जानकारी के मुताबिक दोनों ओर से फायरिंग जारी है। इसी दौरान आतंकियों के ब्लास्ट में आर्मी जवान शहीद हुए। सेना ने दो से तीन आतंकवादियों को घेर लिया है।

## शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद से इस्तीफा वापस लिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुंबई।** शरद पवार ने एनसीपी अध्यक्ष पद से दिये गये अपने इस्तीफे को वापस ले लिया है। उन्होंने 2 मई को पद छोड़ने के लिए इस्तीफा दिया था। एनसीपी का नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कोर कमेटी की शुक्रवार को मुंबई में मीटिंग हुई थी। मीटिंग में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रफुल्ल पटेल ने पवार का इस्तीफा खारिज करने के लिए प्रस्ताव पेश कर उनसे फैसला वापस लेने का अनुरोध किया था। कमेटी के बाकी सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का समर्थन किया और पवार का इस्तीफा नामंजूर कर दिया। पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के लगातार विरोध के बाद शरद पवार भी कह चुके थे कि नया अध्यक्ष चुनने के लिए 16 सदस्यीय कमेटी जो फैसला लेगी, उन्हें वह मंजूर होगा। पार्टी कोर कमेटी की बैठक खत्म होने के बाद प्रफुल्ल पटेल मुंबई के यशवंत राव चह्वाण सेंटर से बाहर आये और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीटिंग में हुए फैसले की जानकारी दी।

पटेल बोले कि शरद पवार ने हम लोगों को सूचना दिये बिना फैसला लिया। सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं की मांग पर कमेटी ने उनका इस्तीफा खारिज कर दिया। हमने उनसे पार्टी अध्यक्ष बने रहने की अपील की है। हमने उनसे अपील की है कि देश और पार्टी को आपकी जरूरत है। केवल एनसीपी ही नहीं, दूसरी पार्टियों के नेताओं ने भी यह रिक्वेस्ट की है कि शरद पवार अध्यक्ष बने रहें।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 57,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |



# झारखंड की बदनामी के कारण बन गये हैं छवि रंजन जैसे अफसर

## ■ इनके कारनामों ने राज्य ही नहीं, देश के सामने पेश कर दी है चुनौती

## ■ आम लोग हैं शर्मिंदा, और एक ये आइएएस हैं कि शर्म इनको आती नहीं

## ■ बड़ा सवाल: ऐसे नौकरशाहों को इतनी ताकत मिलती कहां से है

**झारखंड के एक और आइएएस अधिकारी छवि रंजन की प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तारी के बाद इस राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों के मन में एक बार फिर यह सवाल कौंध गया कि आखिर अफसरों को इस तरह का काम करने की ताकत मिलती कहां से है। 15 नवंबर 2000 को देश के राजनीतिक नक्शे पर 28वें राज्य के रूप में जब झारखंड का उदय हुआ था, तब किसी को इस बात का इल्म नहीं था कि निश्छल समाज और संवेदनशील संस्कृति वाला यह प्रदेश बहुत जल्द भ्रष्टाचार की नयी परिभाषा गढ़ेगा और देश में इसकी चर्चा इसकी खनिज संपदा के साथ भ्रष्टाचार के कारण भी होगी। झारखंड को राजनीति के चतुर खिलाड़ियों, नौकरशाहों की अति महत्वाकांक्षा और पैसा कमाने की अंधाधुंध होड़ में लगे लोगों ने जम कर लूटा और हर दिन यहां भ्रष्टाचार के नये किस्से सामने आने लगे। लेकिन खास बात यह रही कि नौकरशाह कभी-कभार ही लपेटे में आये। हालत यह है कि झारखंड को लूटनेवालों की पहचान अब जरा भी मुश्किल नहीं है। उनकी विलासिता, बेहिसाब दौलत और संपत्ति का अश्लील प्रदर्शन झारखंड के सवा तीन करोड़ लोगों के सीने पर सांप बन कर लोटने लगा है। भ्रष्टाचार ने झारखंड को आर्थिक चोट ही नहीं पहुंचायी है, बल्कि पूरी दुनिया में इसकी इज्जत को मिट्टी में मिला दिया है। आज हर झारखंडी पूछा रहा है कि क्या झारखंड को ऐसे धनलोलुप अधिकारियों से छुटकारा पाने के लिए अभी और इंतजार करना होगा? भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुई कार्रवाई की कोख में पल रहे इन सवालों के जवाब तलाशने के साथ उन चर्चित आइएएस अधिकारियों के कारनामों की पोल खोलती आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह की विशेष रिपोर्ट।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

इन दिनों झारखंड पूरे देश में चर्चा के केंद्र में है। यह चर्चा प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राज्य के भ्रष्ट नौकरशाहों के खिलाफ शुरू किये गये अभियान और आइएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी के कारण हो रही है। करीब एक साल पहले राज्य की महिला आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को इडी ने गिरफ्तार किया था और अब एक और आइएएस अफसर छवि रंजन इडी की गिरफ्त में हैं। इनके अलावा अभी कम से कम तीन आइएएस भी रडार पर हैं। दो अन्य आइएएस राजीव अरुण एक्का और रामनिवास यादव से पूछताछ हो चुकी है। इडी का अभियान लगातार जारी है। लेकिन इसके साथ ही एक सवाल भी उठ रहा है कि क्या झारखंड में भ्रष्टाचार की एकमात्र प्रतीक पूजा सिंघल या छवि रंजन ही हैं या पाप की इस नाली में डुबकी लगानेवाले किरदार और भी हैं?

भारत और झारखंड में भ्रष्टाचार की कहानी नयी नहीं है, लेकिन इसके बेलगाम होने का सिलसिला उदारीकरण के बाद शुरू हुआ। लोग कह रहे हैं कि इस काली होती तस्वीर को बदलने का वक्त अब आ गया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के 28वें राज्य झारखंड को अब उन उपायों को सख्ती से लागू करना होगा, जिसमें काली कमाई करनेवालों को सामने लाया जा सके। लोग मान चुके हैं कि भ्रष्टाचार का यह दानव अब पूरे देश और राज्य को अपने कब्जे में ले चुका है। इसे काबू में करना किसी सरकार या अदालत के वश की बात नहीं है, बल्कि इसके लिए सामाजिक रीति तैयार करनी होगी। भ्रष्टाचार और घूसखोरी को हम चाहे कितना भी कोस लें, यह हकीकत है कि आज यह हमारे सिस्टम का अंग बन गया है। इस अंग को हर हाल में काट कर अलग करना ही होगा। एक तरफ हम विश्व गुरु बनने का सपना देख रहे हैं, तो दूसरी तरफ पूजा सिंघल और छवि रंजन जैसे नौकरशाह हैं, जो 130 करोड़ लोगों के इस सपने को इस सड़ांध में डुबोने के लिए तैयार बैठे दिखायी देते हैं।



यहां मध्यप्रदेश की महिला आइएएस अधिकारी दीपाली रस्तोगी के उस चर्चित लेख को उद्धृत करना जरूरी है, जिसे भारतीय नौकरशाही के लिए 'आइ ओपनर' कहा जाता है। इस लेख में वह लिखती हैं: हम अपने बारे में, अपनी बुद्धिमत्ता के बारे में और अपने अनुभव के बारे में बहुत ऊंची राय रखते हैं और सोचते हैं कि लोग इसीलिए हमारा सम्मान करते हैं, जबकि असलियत यह है कि लोग हमारे आगे इसलिए समर्पण करते हैं, क्योंकि हमें किसी को फायदा पहुंचाने या किसी का नुकसान करने की ताकत दी गयी है। हमें वेतन और सुविधाएं इसलिए मिलती हैं कि हम अपने काम को कुशलता से करें और 'सिस्टम' विकसित करें। सच्चाई यह है कि हम कुप्रबंध और अराजकता फैला कर पनपते हैं, क्योंकि ऐसा करने से हम कुछ को फायदा पहुंचाने के लिए चुन सकते हैं और बाकी की उपेक्षा कर सकते हैं। हमें भारतीय गणतंत्र का 'स्टील फ्रेम' माना जाता है। सच्चाई यह है कि हममें दूरदृष्टि ही नहीं होती। हम अपने राजनीतिक आकाओं की इच्छा के अनुसार औचक निर्णय लेते हैं। हम पूरी प्रशासनिक व्यवस्था का अपनी जागीर की तरह अपने फायदे में या अपने चहेते लोगों के फायदे में शोषण करते हैं। हम काफी ढोंगी हैं, क्योंकि यह सब करते हुए हम यह दावा करते हैं कि हम लोगों की 'मदद' कर रहे हैं।

दीपाली रस्तोगी के लेख के इस अंश को छवि रंजन और पूजा सिंघल जैसे झारखंड के नौकरशाहों से जोड़ने पर साफ पता चलता है कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं कहा है। झारखंड के संदर्भ में देश के एक अन्य चर्चित आइएएस अधिकारी रहे अनिल स्वरूप ने कहा था: झारखंड की कुव्यवस्था के लिए नौकरशाही ढांचा और लोकसेवक आंशिक रूप से जिम्मेवार हैं। जब झारखंड अलग राज्य बना, बिहार की नौकरशाही चारा घोटाले के दबाव से गुजर रही थी। ऐसे में आरएस शर्मा और राजीव गौबा जैसे उत्कृष्ट लोक सेवक थोड़े दिनों के लिए नये राज्य में मुख्य सचिव बनने के बाद केंद्र में चले गये। बकौल अनिल स्वरूप, झारखंड में अनेक ऐसे नौकरशाह हैं, जो बेहद काबिल हैं, लेकिन कुछ अधिकारियों की अक्षमता, अनिर्णय और बेइमानी की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है।

लौटते हैं झारखंड में। छवि रंजन ने रांची डीसी के पद पर रहते हुए जमीन लूटने के जिस नेटवर्क का पोषण किया, वह शर्मनाक है। चाहे सेना की जमीन हो या किसी आम व्यक्ति की, एक बार उनकी या उनके गुर्गों की नजर उस पर पड़ी, तो वह उनके कब्जे में चली जाती थी। छवि रंजन जैसे अधिकारियों को भरोसा हो गया था कि उनका पद, उनका रुतबा हमेशा उनका रक्षा कवच बना रहेगा। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने जिस तरह से जांच शुरू की है, इसकी आंच झारखंड के कई भ्रष्ट अधिकारियों को अपने लपेटे में लेगी। फिलहाल कई वरिष्ठ आइएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं। इस चर्चा की पुख्ता वजह भी है। आइएएस छवि रंजन जैसे चर्चित अधिकारियों के अपने कारनामे हैं। वह जब जिला या विभाग में महत्वपूर्ण पदों पर रहे, तो भ्रष्टाचार का आरोप लगता रहा। किसी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, तो किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की कार्रवाई चली या फिर चल रही है। कुछ ऐसे अधिकारी भी हैं, जिनके खिलाफ जांच के लिए फाइल ही आगे नहीं बढ़ी। अभी भी वह सरकार के स्तर पर लंबित है और वे बेधड़क अपने काले कारनामों को अंजाम दे रहे हैं।

पिछले साल राजभवन ने झारखंड सरकार से पूछा था कि राज्य में कितने अफसरों के खिलाफ कौन-कौन से मामले कब से चल रहे हैं। इसके जवाब में सरकार ने एसीबी द्वारा तैयार रिपोर्ट राजभवन को भेजी। सूत्रों के मुताबिक रिपोर्ट में केवल पांच अधिकारियों के नाम थे। इनमें छवि रंजन के अलावा आइएएस अधिकारी के श्रीनिवासन और सुनील कुमार के नाम शामिल थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भ्रष्टाचार को लेकर 10 कांड अंकित हैं, जिनमें ये अधिकारी नामजद अभियुक्त नहीं हैं। ना ही जांच में दोनों के खिलाफ कोई साक्ष्य मिला है।

कहते हैं कि दस्तावेज कभी मरते नहीं है। इसी तरह फाइल में दर्ज बातें कभी नहीं मिटती हैं। कभी न कभी मामला उजागर होता ही है। यह छवि रंजन के मामले में भी देखा जा सकता है। पद और पैसे के रसूख के गुमान में उन्हें अंदेशा भी नहीं होगा कि वह इस तरह लपेटे में आयेंगे। इसलिए भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों के पास अभी भी संभलने का मौका है। वे संभल जायें। पूर्व के कारनामों को तो नहीं मिटा सकते, भविष्य के लिए तो कम से कम शपथ ले ही सकते हैं।

यहां प्रख्यात हास्य कवि काका हाथरसी की उस मशहूर कविता का उल्लेख जरूरी है, जिसमें वह कहते हैं, 'क्यों डरता है बेटा रिश्वत लेकर-छूट जायेगा तू भी रिश्वत देकर'। अच्छी और कमाऊ पोस्टिंग की लालच में अफसर अपने राजनीतिक आकाओं के आगे दुम हिलाते हैं और बदले में भ्रष्टाचार का लाइसेंस पाते हैं। झारखंड को लूटनेवाले इन अफसरों के खिलाफ अब कार्रवाई का समय आ गया है। इनकी महंगी पार्टियों का शोर, जिनमें विदेशी शराब पानी की तरह बहायी जाती है और संपन्नता का अश्लील प्रदर्शन किया जाता है, अब झारखंड के जंगलों-बस्तियों में सुनी जानेवाली मांदर की थाप की गूंज में दबाने के लिए यह मुफीद वक्त है।

# देशभर के कार्यकर्ताओं का केंद्र बिंदु होगा भाजपा का देवघर कार्यालय: दीपक प्रकाश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश के साथ संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने शुक्रवार को झारखंड की सांस्कृतिक आध्यात्मिक राजधानी देवघर में चितौड़िया रोड स्थित थारी दुलमपुर माया पहाड़ के समीप भाजपा के जिला कार्यालय का भूमि पूजन सह शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता और भूमि पूजन जिलाध्यक्ष और देवघर के विधायक नारायण दास ने की। संचालन जिला महामंत्री पंकज भदौरिया ने और धन्यवाद ज्ञापन अधीर चंद्र भैया ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दीपक प्रकाश ने कहा कि देवघर झारखंड की सांस्कृतिक आध्यात्मिक राजधानी है। यह बाबा बैजनाथ की नगरी है। यह देश के सिद्ध संतों-महापुरुषों की भूमि है। ऐसे पावन पवित्र धरती पर भाजपा का जिला कार्यालय राष्ट्रवाद के प्रचार प्रसार का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव अपने राष्ट्रवादी और अंत्योदय आधारित विचारों, कार्यक्रमों के माध्यम से प्राप्त किया है। इसे मूर्त रूप देने में पार्टी के असंख्य कार्यकर्ताओं का त्याग, बलिदान और समर्पण शामिल है। साथ ही कहा कि कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए सुविधा संपन्न कार्यालय आवश्यकता है। इसलिए पार्टी ने सभी जिलों में कार्यालय बनाने का निर्णय लिया है। प्रदेश भाजपा के 27 सांगठनिक जिलों में से 11 जिलों में नवनिर्मित कार्यालय कार्य करने लगे हैं जबकि देवघर सहित आठ जिलों में निर्माण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि कार्यालय में कामकाज की आवश्यक सुविधाओं के साथ जिलाध्यक्ष और जिला पदाधिकारियों के बैठने की व्यवस्था, सभाकक्ष और अतिथियों के लिए आवास की सुविधा भी बनायी गयी है। साथ ही कहा कि देवघर जिला कार्यालय देशभर के कार्यकर्ताओं का केंद्र बिंदु बनेगा। यहां देशभर से आने वाले कार्यकर्ताओं की सेवा का अवसर मिलेगा। वहीं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि सांगठनिक विस्तार, कार्यकर्ताओं के विकास में विचारों, कार्यक्रमों की तरह कार्यालय का भी महत्व है। उन्होंने कहा कि कार्यालय की गतिविधियां बाहर से आनेवाले कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा बनती है। देवघर का जिला कार्यालय संथाल परगना क्षेत्र के कार्यकर्ता निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। जिलाध्यक्ष ने अंगवस्त्र देकर दीपक प्रकाश, कर्मवीर सिंह सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री लुईस मरांडी और विधायक रणधीर सिंह ने भी संबोधित किया।

### बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा

**वहीं, पार्टी कार्यालय के शिलान्यास के पहले दीपक प्रकाश, कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका, विधायक नारायण दास सहित अन्य ने आज बुद्ध पूर्णिमा पर बाबा मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्य की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।**

# सांप ने काटा, तो जिंदा सांप हाथ में लेकर अस्पताल पहुंचा युवक

**पश्चिमी सिंहभूम।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक अतरंगी मामला सामने आया है, जहां एक जहरीले सांप ने शख्स को डंस लिया तो, शख्स ने सांप को जिंदा उठाया और अस्पताल पहुंच गया। घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले के जैतगढ़ प्रखंड अंतर्गत चंपुआ अनुमंडल की है, जहां वासुदेवपुर स्वास्थ्य केंद्र में एक अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला।

जानकारी के अनुसार, चंपुआ अनुमंडल अंतर्गत बडीता गांव के 31 वर्षीय कालिया मुंडा कुछ काम कर रहा था। इसी दौरान युवक के दाहिने हाथ में एक जहरीले सांप ने काट लिया, जिसेक बाद युवक ने साहस दिखाते हुए फौरन सांप को पकड़ लिया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा गया। सांप के साथ युवक को अस्पताल में देखने पर वहां लोगों की भीड़ जुट गयी।

वहीं, अस्पताल कर्मियों ने युवक को वासुदेवपुर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया और डॉक्टर ने तुरंत उसका इलाज शुरू किया। इलाज के बाद युवक की हालत स्थिर है। इधर, सूचना मिलते ही चंपुआ वन विभाग की टीम ने युवक के हाथ से सांप को ले लिया और प्लास्टिक के डब्बे में भर कर जंगल में छोड़ दिया।

# मणिपुर की हिंसा को नियंत्रित करे केंद्र सरकार : बंधु तिर्की

**पूर्वोत्तर में आदिवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पूर्व मंत्री की अपील**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य और झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि मणिपुर में आदिवासियों और गैर आदिवासियों के बीच जारी हिंसा को नियंत्रित करना केंद्र सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि वे ना केवल मणिपुर, बल्कि संपूर्ण पूर्वोत्तर भारत में आदिवासियों के साथ ही सभी लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

श्री तिर्की ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि हिंसा की ताजा घटनाएं इस बात के प्रति आशंका उत्पन्न करती हैं कि कहीं फिर से पूर्वोत्तर को दंगे और सांप्रदायिक उन्माद की चपेट में डालने की साजिश तो नहीं की जा रही है। श्री तिर्की ने कहा कि सोशल मीडिया पर मणिपुर की जैसी तस्वीरें सामने आ रही हैं, वह बहुत अधिक चिंताजनक और निराश करनेवाली है। सैकड़ों-हजारों वर्षों से बसे आदिवासियों के घरों को न केवल तोड़ा जा रहा है, बल्कि उनकी दुकानों को भी जलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के एक निर्णय के बाद स्थानीय आदिवासियों और मेतई समुदाय के बीच हिंसा भड़की है, जो सीधे-सीधे मणिपुर सरकार की असफलता है। श्री तिर्की ने कहा कि जैसी परिस्थिति उत्पन्न हुई है, वह बेहद अफसोस जनक है।

# बाबा वैद्यनाथ मंदिर में क्यू कांप्लेक्स के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय हुआ : हाइकोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में शुक्रवार को देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर के निकट क्यू कांप्लेक्स के फेज दो के निर्माण को जल्द कराने को लेकर सांसद निशिकांत दुबे की जनहित याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि नवयुग कंपनी लिमिटेड के द्वारा सीएसआर के तहत क्यू कांप्लेक्स के द्वितीय फेज के निर्माण के लिए 120 करोड़ देने के आग्रह पर क्या निर्णय लिया गया? इस पर राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गयी। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 18 मई निर्धारित की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता पार्थ जालान और शिवानी जालुका ने पैरवी की।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.0 °c | 21.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.18 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |


आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 मई, 2023
www.azadsipahi.in



**श्रद्धासुमन अर्पित किया : संताली साहित्यकार गुरु गोमके को 119वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि**

# पंडित रघुनाथ मुर्मू के अविस्मरणीय योगदान को कभी भूल नहीं सकते: हेमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**मयूरभंज (ओड़िशा)।** महान संताली साहित्यकार और ओलचिकी लिपि के आविष्कारक गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की शुक्रवार को 119वीं जयंती थी। इस अवसर पर पंडित रघुनाथ मुर्मू के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का दांडबोस, रायरंगपुर, मयूरभंज, ओड़िशा पहुंचे। मुख्यमंत्री ने यहां उनकी समाधि पीठ (स्मारक) और प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समाधि पीठ परिसर का भ्रमण करने के साथ स्थानीय लोगों से संवाद भी किया।





## आदिवासी समाज को नयी दिशा दी

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि संताली भाषा और साहित्य के विकास में पंडित रघुनाथ मुर्मू के अविस्मरणीय योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते हैं। उन्होंने ओलचिकी के रूप में संताली को एक नयी लिपि दी। विशेषकर आदिवासी समाज की परंपरा, कला संस्कृति और भाषा-साहित्य के संरक्षण और उसे समृद्ध करने में उनकी भूमिका इतिहास के पन्नों में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। विशेषकर आदिवासियों के बीच शिक्षा का अलख जगाने में उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी। पंडित रघुनाथ जी की रचनाएं और कृतियां अमर हैं। आज संताली भाषा और साहित्य की अपनी समृद्ध परंपरा कायम है, तो इसमें सबसे बड़ा योगदान पंडित रघुनाथ मुर्मू का ही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, अमर शहीद सिदो-कान्हू, वीर बुधु भगत और तेलंगा खड़िया जैसे अनेकों वीर हुए हैं, जिन्होंने अंग्रेजी हुकूमत और जमींदारों के शोषण-अन्याय के विरुद्ध हुए आंदोलनों का नेतृत्व किया। अन्याय के खिलाफ आदिवासी वीर ना कभी झुके और ना ही कभी डरे हैं। इन्होंने अपनी वीरता, संघर्ष और नेतृत्व क्षमता से ब्रिटिश हुकूमत की जड़ें हिला दी थी। हमें ऐसे वीर शहीदों पर गर्व है। इस अवसर पर राज्य सरकार में मंत्री चंपई सोरेन और कई गणमान्य मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री ने दी बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर राज्यवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि सत्य, प्रेम, अहिंसा और भाईचारे का परम संदेश देनेवाले भगवान गौतम बुद्ध का जीवन और शिक्षा, हमें हमेशा प्रेरणा देता रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** रोग-शोक-दु:श्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा, सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** लोकप्रियता का विस्तार, अधूरा कार्य पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल होगा, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति, पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।
- **सिंह** परिस्थितियों में सुधार, बिगड़ा काम बनेगा, व्यवसाय में आशातीत लाभ।
- **कन्या** नयी आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** आर्थिक संतुलन बनाये रखने में सफल होंगे, पारिवारिक दायित्व में खर्च अधिक करेंगे।
- **वृश्चिक** रोजी-रोजगार में शुभ परिवर्तन, आर्थिक लाभ, सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा होगी।
- **धनु** किसी बृहद योजना को साकार करने में कई लोगों का साथ मिलेगा।
- **मकर** साहसिक कार्य में सफलता, विरोधियों पर विजय, सामाजिक-राजनीतिक संपर्क-प्रभाव का लाभ मिलेगा
- **कुंभ** परिस्थितियों में सुधार,व्यवसाय में आशातीत लाभ, सपरिवार भ्रमण-मनोरंजन के साधन बनेंगे।
- **मीन** स्वाभिमान और स्वावलंबन बढ़ेगा, घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण।

**कार्यक्रम : बौद्ध सोसाइटी ने मनायी बुद्ध जयंती**

# बुद्ध के विचारों को जीवन में आत्मसात करें : डॉ रामेश्वर

छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी ने गोरखा चौक स्थित बुद्ध मंदिर में मनायी भगवान बुद्ध की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी द्वारा गोरखा चौक स्थित बुद्ध मंदिर में भगवान बुद्ध की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनायी गयी। बुद्ध जयंती के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव और विशिष्ट अतिथि पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे और उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने समिति के सदस्यों के साथ भगवान बुद्ध की पूजा अर्चना की। इस अवसर पर उनके साथ रोहित प्रियदर्शी उरांव, शिव उरांव और मेहुल दुबे मौजूद थे। इस दौरान मौजूद सभी ने राज्य की खुशहाली, शांति, प्रेम, सौहार्द्र, भाईचारा, तरक्की की कामना की। अपने संदेश में डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि दुनिया अगर आज भी भगवान बुद्ध के उपदेशों का पालन करे, तो कहीं भी हिंसा नहीं होगी। जहां बुद्ध के विचार होते हैं, वहां करुणा और दया का भाव रहता है। जहां लोग बुद्ध के विचारों और उद्देश्यों को लेकर चलते हैं, वहां शांति और प्रेम का वास होता है। आज के दिन हम संकल्प लेते हैं कि बुद्ध के विचारों को आत्मसात करेंगे। वहीं पासवा प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दुबे ने कहा कि भगवान बुद्ध के सिद्धांत आज भी मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उनका जीवन हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है, उनकी शिक्षा में हिंसा का त्याग और अहिंसा का मार्ग अपनाने की प्रेरणा मिलती है।

साथ ही प्रदेश पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा भगवान बुद्ध ने अपने धर्म में सामाजिक, आर्थिक, बौद्धिक, राजनीतिक स्वतंत्रता और समानता की शिक्षा दी है। दार्जिलिंग से आये तीन लामाओं दावा लामा, सोनम लांबा और बुद्धा सागर लामा ने सभी पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। छोटानागपुर बौद्ध सोसायटी के सचिव सुमन प्रधान, धीरज राई, कृष्णा लींबू, मुन्ना गुरुंग, इंद्र बहादुर गुरुंग, मिथिला सिंह राई, दीपाली राई, सुमन तामंग, छाया थापा, महेश्वरी राई, सांगी तामंग, सपना राई ने बुद्ध जयंती कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# बेंगलुरु से रेस्क्यू करायी गयीं पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को लाया गया रांची

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के बच्चे- बच्चियां ह्यूमन ट्रैफिकिंग की शिकार नहीं हों। जो किन्ही भी वजहों से ह्यूमन ट्रैफिकिंग के शिकार हो चुके हैं, उनकी पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द रेस्क्यू कराया जाये। इतना ही नहीं, जो भी बच्चे- बच्चियां और युवक -युवतियां दूसरे राज्यों और बड़े शहरों से रेस्क्यू करा कर वापस लाए जायें, उनके पुनर्वास और रोजगार की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा अधिकारियों को दिये गये इस निर्देश के सकारात्मक नतीजे लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग की टीम शुक्रवार को बेंगलुरु से रेस्क्यू करायी गयीं पहाड़िया जनजाति की 11 नाबालिग बच्चियों को रांची लेकर पहुंची।

बच्चियों की सकुशल रेस्क्यू कराने में राज्य बाल अधिकार व संरक्षण आयोग, समाज कल्याण विभाग, पुलिस प्रशासन एवं राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष - श्रम विभाग की टीम का अहम योगदान रहा।

### प्रेमाश्रय रांची में रखी गयी हैं सभी बच्चियां

साहिबगंज और पाकुड़ जिले की रहने वाली इन सभी बच्चियों को फिलहाल प्रेमाश्रय बालिका गृह, रांची में रखा गया है। मनरेगा आयुक्त - सह- निदेशक-सह-सदस्य सचिव, झारखंड राज्य बाल संरक्षण संस्था, राजेश्वरी बी ने यहां इन बच्चियों से मुलाकात कर उनसे पूरी जानकारी ली। अब जिला बाल संरक्षण अधिकारी, रांची इन सभी बच्चियों को शनिवार को इनके साहिबगंज और पाकुड़ जिले में स्थित उनके घर ले जाकर परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करेंगे।

### क्या है पूरा मामला

पाकुड़ जिला के हिरणपुर थाना क्षेत्र से 25 व्यक्ति इस वर्ष 7 जनवरी को बेंगलुरु गये थे। इनमें एक बालक समेत 11 नाबालिग बच्चियां भी शामिल थीं। इनमे सात पाकुड़ और चार साहिबगंज जिले की रहने वाली थी। इनके नाबालिग होने की बात सामने आने पर बेंगलुरु पुलिस ने सभी को सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु के सुपुर्द कर दिया। सीडब्ल्यूसी की जांच में पता चला कि ये सभी ह्यूमन ट्रैफिकिंग का शिकार हुईं हैं। ऐसे में सीडब्ल्यूसी, बेंगलुरु ने इन सभी बच्चियों को वापस उनके घर भेजने के लिए डीसीपीओ और बेंगलुरु पुलिस से संपर्क किया। इसके उपरांत उन्होंने रांची के जिला बाल संरक्षण अधिकारी से संपर्क साध पूरी जानकारी दी। इसके बाद राज्य बाल अधिकार और संरक्षण आयोग के द्वारा इन सभी बच्चियों को वापस लाने की सारी प्रक्रिया पूरी की गयी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में एक गिरफ्तार

**रांची।** नामकुम थाना पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते गुरुवार को नाबालिग ने नामकुम थाना में सूर्यकांत मुंडा उर्फ सुरजू मुंडा, रवि मुंडा उर्फ बोडा मुंडा, प्रदीप मुंडा उर्फ पुंडी पाहन और एक अन्य युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 27 अप्रैल की शाम नाबालिग गांव की दुकान गयी थी। इसी दौरान घात लगाये चार आरोपितों ने नाबालिग को कब्जे में लेकर जान से मारने की धमकी दी और एक घर में ले गये, जहां चारों ने दुष्कर्म किया। सुबह चारों शौच के लिए निकले तो किसी तरह भाग कर वह अपने मामा के घर चली गयी। वह 4 मई को मामा के घर से अपने घर लौटी और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ थाना पहुंची और लिखित आवेदन दिया।

# षड्यंत्र के तहत नगर निकाय चुनाव नहीं होने दिया: धर्मेंद्र तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि राज्य की हेमंत सरकार ने ओबीसी आरक्षण सर्वेक्षण और रोटेशन पद्धति की आड़ में षड्यंत्र के तहत नगर निकाय चुनाव नहीं होने दिया। इसका खमियाजा राज्य की जनता भुगत रही है। ससमय निकाय चुनाव नहीं होने के कारण वित्त आयोग द्वारा मिलनेवाली सहायता राशि पर भी रोक लग गयी है। इससे शहर की सरकार जन-प्रतिनिधि विहीन और अनाथ हो गयी है। वहीं अब पार्षदों के अधिकारों को नगर निगम ने सुपरवाइजरों को सौंप दिया है, जो कि निगम के अधीन अनुबंध पर कार्यरत हैं। पहले जहां लोग अपने मुहल्ले में रहनेवाले पार्षदों से मिल कर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, सड़क, नाली, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं का कार्य आसानी से करा लेते थे। अब लोगों को इसके लिए नगर निगम के कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। एक ही काम के लिए उन्हें अनेकों बार निगम कार्यालय दौड़ना पड़ रहा है। निगम का कंट्रोल रूम भी कारगर साबित नहीं हो रहा है। शहर की सरकार में फिर से बाबूराज कायम हो गया है। पानी और बिजली की समस्या से राजधानी के लोग काफी हलकान और परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आज हर सरकारी विभाग में भ्रष्टाचार चरम पर है। बिचौलिए सरकारी व्यवस्था पर हावी हैं, सरकार भी कुछ नहीं कर पा रही है। तिवारी ने कहा कि ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा जनहित के कार्य के लिए शहरवासियों की सेवा में आगे आया है। शहरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपनी समस्याओं को उन्हें बतायें, समाधान हम करेंगे।

# योगदा सत्संग सोसाइटी ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों को छात्रवृत्ति दी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** योगदा सत्संग सोसाइटी (वाइएसएस) ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी, रांची में बीटेक कर रहे तीन छात्रों को 2.85 लाख रुपये की छात्रवृत्ति दी। इसके लिए पांच मई को एक समारोह का आयोजन किया गया। इस छात्रवृत्ति पुरस्कार की परीक्षा (स्कॉलरशिप अवार्ड) योगी कथामृत पुस्तक पर आधारित होती है और यह उन जरूरतमंद छात्रों को दी जाती है, जो प्रोफेशनल डिग्री कोर्स कर रहे होते हैं। इस साल सिद्धांत गोखले और प्रेम प्रकाश को 1.25-1.25 लाख रुपये और चेरूकुमुदी श्रीवास्तव को 35 हजार रुपये के चेक दिये गये। स्वामी अमरानंद गिरि ने विजेताओं को चेक दिये तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

बता दें कि वाइएसएस छात्रवृत्ति विभाग प्रति वर्ष वित्तीय सहायता प्रदान करके आर्थिक रूप से कमजोर और कुशाग्र बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करता है। योगदा कई श्रेणियों में छात्रवृत्तियां देता है यथा, जो छात्राओं, व्यवासायिक पाठ्यक्रम के छात्रों और वंचित सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से संबंधित चुनिंदा स्कूली बच्चों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करती है। गत वर्षों में छात्रों को दी गयी वित्तीय सहायता ने उन्हें आइआइटी धनबाद में प्रवेश पाने में सहायता की है। इन बच्चों के अभिभावक पटरी-विक्रेता और रिक्शा चालक थे। पढ़-लिख कर ये बच्चे अब अच्छी धनराशि कमा रहे हैं और उनके परिवार निर्धनता की रेखा से बाहर हो गये हैं।

### हर साल गरीब और जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप देती है संस्था

सन 1917 में, स्थापित योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इंडिया (वाइएसएस) अपने संस्थापक और गुरुदेव श्रीश्री परमहंस योगानंद, जो एक सौ से अधिक वर्षों से एक आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ योगी कथामृत के लेखक हैं, के आध्यात्मिक और मानवीय कार्यों को संपन्न कर रही है। योगानंदजी द्वारा प्रतिपादित, संस्था के उद्देश्य और आदर्श, सत्यान्वेषियों को ऐसा पूर्ण और भरा-पूरा जीवन जीने हेतु मार्गदर्शन करते हैं, जो आध्यात्मिक अभ्यासों और मानव-जाति की सेवा के संतुलित मिश्रण का हो। योगदा के उद्देश्यों और आदर्शों में से एक है, अपनी ही बृहद् आत्मा (परमात्मा) के रूप में मानव-जाति की सेवा करना, जो सोसाइटी के सभी धर्मार्थ और संस्थागत उपक्रमों के लिए मिशन वक्तव्य के रूप में कार्य करता है। इस मिशन के अंतर्गत योगदा सोसाइटी धर्मार्थ शैक्षणिक संस्थान चलाती है, निर्धन छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करती है, धर्मार्थ चिकित्सा सेवाएं देती है, योगानंदजी की जीने की कला की शिक्षाओं के माध्यम से आध्यात्मिक प्रचार-प्रसार करती है और बच्चों के लिए शिविर आयोजित करती है तथा राष्ट्रीय आपदाओं के समय राहत कार्य करती है।

# गांवों का विकास हमारी पहली प्राथमिकता: राज्यपाल

**कार्यक्रम में बोले : हम सब भारतीय हैं और हम सब एक हैं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गिरिडीह।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को नक्सल प्रभावित पीरटांड़ प्रखंड का दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। वह जैनियों के तीर्थराज मधुबन स्थित तमिलनाडु भवन फीनचे और यहां पर आयोजित लघु पंचकल्याणक महोत्सव में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने सिंघपुर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान पारंपरिक लोक नृत्य के साथ उनका स्वागत किया गया।

राज्यपाल ने सिंहपुर में आंगनबाड़ी के केंद्र और स्कूल में बच्चों के बीच टॉफी बांटी। काफी देर तक बच्चों के साथ समय बिताया। इस दौरान राज्यपाल ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना और समस्याओं का समाधान कराने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सबसे पहले भारत माता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भले ही हमारे पंथ और भाषा अलग हों, लेकिन हम सब भारतीय हैं और हम सब एक हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता गांवों का विकास कराना है। इसके लिए भागीदारी और एकजुटता जरूरी है। अगर हम एकजुट रहेंगे, तो विकास निश्चित होगा। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने स्कूल की चहारदीवारी के निर्माण की बात कही। इस पर राज्यपाल ने तुरंत डीसी नमन प्रियेश लकड़ा को बिल पास कर चहारदीवारी कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को परेशानी होती है, तो तुरंत एसपी-डीसी को सूचना दें। वैसे लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जयेगी।

उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा कई योजनाएं चलायी जा रही हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के कई लोगों को इसकी जानकारी नहीं रहती है। इस कारण बड़ी संख्या में लोग सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। इस बीच कई लोगों ने कहा कि सिंहपुर पंचायत में पानी की समस्या भी है, लेकिन इस पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। इस पर राज्यपाल ने कहा कि सिंहपुर गावं में घर- घर तक पानी पहुंचेगा। यदि इस गांव के विकास के लिए फंड नहीं है, तो तुरंत फंड दिया जायेगा। सिंहपुर पूरे राज्य में मॉडल के रूप में विकसित होगा।

इसके बाद राज्यपाल पीरटांड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। यहां बच्चियों ने उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने बच्चियों से बातचीत की और उनका हाल जाना।

## रिम्स : पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी, 25 अभ्यर्थियों का चयन

**रांची।** रिम्स के विभिन्न विभागों में पीएचडी करने के लिए फरवरी महीने में प्रवेश परीक्षा ली गयी थी। शुक्रवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के आदेश पर परिणाम की घोषणा कर दी गयी है। रिम्स के विभिन्न विभागों में पीएचडी करने के लिए 25 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इनमें कम्युनिटी मेडिसिन, बायोकेमिस्ट्री, डेंटिस्ट्री, नर्सिंग, पीएमआर, न्यूरोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी, सायकेट्री बॉयोस्टैटिसटिक्स और फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग शामिल हैं।

### इन विभागों में इतने अभ्यर्थियों का चयन

कम्युनिटी मेडिसिन : 02
बायोकेमिस्ट्री : 02
डेंटिस्ट्री : 01
नर्सिंग : 10
पीएमआर : 01
न्यूरोलॉजी : 02
बायोटेक्नोलॉजी : 01
माइक्रोबायोलॉजी : 02
सायकेट्री : 01
बॉयोस्टैटिसटिक्स : 02
फॉरेंसिक मेडिसिन : 01

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 06 मई, 2023
www.azadsipahi.in


## हाथी ने ग्रामीण ढोलिया को कुचल कर मार डाला



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पपलो पंचायत स्थित अंबाडीह गांव में एक ग्रामीण ढोलिया को जंगली हाथी ने शुक्रवार की सुबह कुचलकर मार दिया। मृतक की पहचान बिरनी प्रखंड के पड़रिया पंचायत स्थित ग्राम वृंदा का रहने वाला लखन दास (68 वर्ष, पिता स्वर्गीय मोहनदास) के रूप में किया गया। सूचना मिलते ही मरकच्चो थाना प्रभारी लव कुमार, वनपाल अभिमन्यु कुमार, पीयूष प्रभाकर आदि दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व शव को पोस्टमार्टम हेतु कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक की पत्नी रुक्मिणी देवी को वन विभाग द्वारा 25 हजार रुपए मुआवजा के रूप में अग्रिम राशि दी गयी।

## अलग-अलग मामले में दो गिरफ्तार, भेजा जेल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने दो अलग अलग मामलों के फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी द्वारिका राम ने बताया कि कोडरमा थाना कांड संख्या 248/22 के आरोपी झुमरी निवासी मनोज यादव पिता महावीर यादव और कांड संख्या 54/23 के आरोपी गिरिडीह निवासी सुधीर कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## बाराती और साराती पक्ष में विवाद के बाद हुई मारपीट

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र के पिपराडीह में एक घर में विवाह को लेकर की गयी तैयारी धरी ही रह गयी। तय कार्यक्रम के तहत यहां बारात तो आयी, पर दुल्हन को पहले देखने की बात को लेकर शुरू हुए मामूली विवाद के बाद आयोजन स्थल रणक्षेत्र में बदल गया.। बाराती व सराती दोनों पक्ष में जम कर मारपीट हुई.। बाद में पथराव के साथ तोड़फोड़ होने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि शादी की रस्मों को रोक कर सभी आपस में उलझ गये। पूरे विवाद में दुल्हन सहित आधा दर्जन लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया गया कि पिपराडीह निवासी सिकंदर मियां ने अपनी बेटी 21 वर्षीय रूबी खातून की शादी भादोडीह झुमरीतिलैया निवासी मो रफीक के पुत्र मो सोनी से तय की थी। बताया जाता है कि इसके बाद खाना कम पड़ जाने की बात को लेकर भी विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि विवाद मारपीट, पथराव में तब्दील हो गया। देखते ही देखते खाने-पीने के लिए लगायी गयी करीब 75 कुर्सी, 10 टेबल सहित अन्य सामान सहित एक बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया है।

## मार्क्स और बुद्ध विज्ञान पर आधारित समाजवादी व्यवस्था के पथ प्रदर्शक थे : संजय पासवान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** क्रांतिकारी विचारक, अर्थशास्त्री और महान दार्शनिक कार्ल मार्क्स की 206 वीं जयंती और अहिंसा के रास्ते पर चलने वाले मानवता के मुक्तिदाता तथागत गौतम बुद्ध की जयंती पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने इन महान विभूतियों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्ल मार्क्स का विचार समय और विज्ञान दोनों की कसौटी पर सही साबित हुआ है। आज भारत में पूंजीवादी व्यवस्था कायम है जहां सत्ता में बैठे लोग अपने को राजा और जनता को नौकर समझ रही है। कल्याणकारी योजनाओं को समाप्त किया जा रहा है, रोजगार के अवसर कम हो रहा है। मजदूर कर्मचारियों का शोषण बढ़ रहा है। सांप्रदायिक विभाजनकारी नीतियों के आधार पर धर्म के नाम पर समाज को बांटा जा रहा है।

## वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया बाईपास रोड में गुरुवार की देर रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पीसीआर पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। घायल की पहचान नरेश यादव बिहार के सिरदला निवासी के रूप में हुई है। गुरुवार की देर रात बाईपास क्रॉस करने के दौरान किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया था।

## खातुने जन्नत कांफ्रेंस के बैनर तले जलसा 8 को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य पंचायत अंतर्गत दरगाह मुहल्ला में 8 मई की रात्रि खातुने जन्नत कांफ्रेस के बैनर तले जलसा का आयोजन किया जायेगा। उक्त बातों की जानकारी आयोजनकर्ता शेख जावेद ने दी। उन्होंने बताया कि जलसा में मुख्य वक्ता के रूप में जनाब अब्दुल वाहिद अंसारी, महाराष्ट्र जनाब दिलकश रांचवी झारखंड, मौलाना मुजफ्फर हुसैन बिहार, मौलाना फरीदुल कादरी कोडरमा, कारी गुलाम रसूल रहबर गिरिडीह, हबिबुल्लाह मुजाहिदी गिरिडीह, सफाअत बरकाती गिरिडीह मौजूद रहेंगे। वहीं जलसा में मुख्य अतिथि के रूप में वसीम आर खान चेयरमैन वक्फ डवलपमेंट कमीटी मेंबर सेन्ट्रल वक्फ कोंसिल मेंबर हजरत ख्वाजा साहब अजमेर मांइनॉरिटी अफेयर्स भारत सरकार मौजूद रहेंगे।

## पंचखेरो जलाशय में मोटर बोट का उद्घाटन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित पंचखेरो जलाशय योजना में जिला मत्स्य पदाधिकारी शंभू यादव, थाना प्रभारी लव कुमार उपस्थिति में प्रखंड प्रमुख मरकचो विजय कुमार सिंह, उत्तरी पंचायत के मुखिया रंजीत कुमार सिंह के द्वारा मोटर बोट का उद्घाटन किया गया। जानकारी हो जिला मत्स्य विभाग कोडरमा के द्वारा जलाशय के लीजधारी लक्ष्मी विस्थापित मत्स्य जीवी सहयोग समिति सचिव महेश्वरी प्रसाद कुशवाहा व अध्यक्ष सुबाष कुमार के द्वारा पचखेरो जलाशय में पर्यटक को घुमाने के लिए 90 अनुदान अनुदान पर सरकार के द्वारा मोटर बोट दिया गया है। इस मौके पर रविंद्र पांडे वर्मा समिति के अध्यक्ष सचिव के साथ सिकंदर कुमार, वर्मा कुशवाहा, समिति के सचिव संजय कुमार वर्मा, सोल्टी कुमार, अर्जुन प्रसाद कुशवाहा, वार्ड सदस्य पूजा देवी, स्वावलंबी समिति के सदस्य गीता देवी, मनोहर प्रसाद कुशवाहा, सुभाष कुमार, माहेश्वरी प्रसाद कुशवाहा समेत दर्जनों समिति के लोग मौजूद थे।

## पतंजलि स्टोर का हुआ उद्घाटन



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित बंधन चौक के समीप राधा मेडिकल के बगल में राधा स्वदेशी ग्रामीण आरोग्य केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर वयोवृद्ध समाजसेवी प्रयाग मोदी, मुकेश मोदी, सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व प्रमुख सावित्री देवी, महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बिनीता कुमारी, प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, जिप प्रतिनिधि रविंद्र कुमार तिवारी मंटू, उत्तरी पंचायत मुखिया रंजीत कुमार सिंह, दक्षिणी पंचायत मुखिया दीपक कुमार पांडे, मध्य पंचायत मुखिया प्रतिनिधि रवि शंकर सिंह रिंकू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित व नारियल फोड़ कर किया। साथ ही साथ यहा योग, यज्ञ व आयुर्वेद से चिकित्सा उपलब्ध रहेगी। इस मौके पर गोविंद शरण मोदी, शतीस सिंह, शम्भू सिंह, अवधेश सिंह, युगेश्वर मोदी, डॉ अंसार आलम, मुकेश ठाकुर, मदन कुमार, प्रदीप राम, मुकेश राम समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## मारपीट के तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** बरकट्ठा पुलिस ने मारपीट के तीन आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने ग्राम में मारपीट को लेकर दर्ज मामला थाना कांड संख्या 71/23 के तहत तीन आरोपियों रमेश यादव पिता रामचंद्र यादव, मनोज कुमार दास पिता गुलाबचंद दास को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वहीं टीनएजर पंकज भुइयां पिता ज्ञानी भुइयां को बाल सुधार गृह भेजा गया।

### बरही के चतरो गांव में दो दिन पूर्व मारपीट में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

# विधायक, परिजन और ग्रामीण शव के साथ बरही थाना परिसर में बैठे धरना पर

**मृतक के परिजनों ने डायन बिसाही और कुआं से पानी लेने के मामले में मारपीट का लगाया आरोप**

प्रभाकर पाठक



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही थाना अंतर्गत मलकोको पंचायत के चतरो गांव में पिछले बुधवार हुए मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हुए बासुदेव पंडित का 31 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार पंडित की मौत गुरुवार की रात्रि में इलाज के दौरान रांची में हो गई। मौत की खबर सुनने के बाद चतरो गांव में मातम के बीच लोगों में आक्रोश का माहौल दिन भर बना रहा। मृतक के परिजन का कहना है कि डायन बिसाही व कुआं का पानी का विवाद को लेकर मारपीट हुई। जिसमें इलाज के दौरान रोहित कुमार पंडित की मौत हो गई। साथ ही मृतक की मां नगिया देवी, पत्नी रिंकू देवी व बहन लक्ष्मी देवी घायल हो गए। इधर शुक्रवार को रांची बरियातू थाना पुलिस द्वारा रांची में मृतक रोहित पंडित के शव का पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया। शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे युवक का शव को परिजनों ने बरही थाना लाया गया। मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे। इस दौरान स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला बरही थाना पहुंचे, जहां मृतक के परिजनों, ग्रामीणों एवं डीएसपी नाजिर अख्तर से मामले की जानकारी लिया। उसके बाद बरही विधायक उमाशंकर अकेला मृतक के परिजन व ग्रामीणों के मांग का समर्थन करते हुए मृतक रोहित कुमार पंडित के शव के साथ बरही थाना परिसर मे धरना पर बैठ गए। वही समर्थन में झामुमो केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा भी धरना पर बैठ गए। वहीं आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने व सभी आरोपितों की अविलंब गिरफ्तारी का मांग कर रहे थे। वहीं अब तक एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर हल्ला मचाते हुए बरही पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। इधर मृतक के गांव में भी दिनभर माहौल गर्म रहा। जिसकी सूचना पर बरही थाने की पुलिस दिनभर चतरो गांव में कैंप करते नजर आया। बरही थाना प्रभारी ललित कुमार भी खुद चतरो गांव में दिनभर तैनात रहकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से बातचीत करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयासरत रहे। चतरो गांव में मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, गुरुदेव गुप्ता, स्थानीय मुखिया विजय यादव समेत कई नेता व ग्रामीणों के बीच बातचीत करते हुए थाना प्रभारी ने आश्वासन दिया कि दोषियों का अविलंब गिरफ्तारी किया जाएगा।

**क्या कहते हैं डीएसपी और थाना प्रभारी :** डीएसपी नाजिर अख्तर ने कहा कि मामले के हर बिंदु पर गहन छानबीन की जा रही है किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। मामला डायन बिसाही का है या कुएं में पानी से विवाद को लेकर है जांच के बाद ही उजागर हो पायेगा। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार ने बताया कि मारपीट की घटना जिस दिन हुई उस दिन वे बरही थाना में नहीं थे। दोनों पक्षों के दिए गए आवेदन के आधार पर अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज किया गया है। रोहित कुमार पंडित के हत्या मामले के बाद आरोपितों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। हालांकि खबर लिखे जाने तक बरही विधायक उमाशंकर अकेला धरना पर बैठे थे और एक भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई थी।

## बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बड़कागांव में गौतम बुद्ध जयंती समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बड़कागांव प्रखंड के सांढ पंचायत भवन में गौतम बुद्ध का जयंती समारोह आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता कर्णपुरा महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य रामसेवक एवं संचालन पूर्व मुखिया भीखन महतो ने किया। उपस्थित लोगों ने महात्मा बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी ने महात्मा बुद्ध का नारा तोड़ो नहीं जोड़ो को बुलंद करने की बात कही। उन्होंने इनके बताए मार्ग पर अधिक से अधिक लोगों को आगे आने का अपील की। उन्होंने कहा कि उस जमाने में समाज की कुरीतियों पर फोकस की गई थी जिसे आज भी अमल करने की आवश्यकता है। अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि जो अपने जीवन में त्याग बलिदान करते हुए जीव, जंतु एवं मानव कल्याण के लिए कार्य करने वाले व्यक्ति ही महापुरुष और महान बनते हैं। महात्मा बुद्ध भी जीव, जंतु, मानव एवं समाज के किए कार्य के लिए ही आज विश्व में पूजे जाते हैं। इनके मार्ग पर चलकर बड़कागांव प्रखंड के अलावा कर्णपुरा क्षेत्र की जनता के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। आज इनकी जयंती पर हम लोग संकल्प लेते हुए आगे कार्य करने का काम किया जायेगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला परिषद सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, मुखिया सुलेखा देवी, कविता देवी, सिविल सोसाइटी के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व मुखिया मुरलीधर दांगी, लखेंद्र ठाकुर, कैलाश साहू, उमेश दांगी, रामेश्वर महतो, सचिव गिन्नी बर्मा, रामेश्वर महतो, जल सहिया रेखा कुमारी, नेहा कुमारी, वीरेंद्र कुमार, पंचम कुमार, महेश महतो, डबली प्रसाद महतो, गिरेंद्र कुमार सहित अन्य लोगों ने अपना-अपना विचार रखा।

## हजारीबाग में दो महिलाओं से चेन छीनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शुक्रवार की सुबह चेन छिनतई की दो घटनाएं घटी। सुबह 6.30 बजे लोहसिंघना में भानु शंकर के हॉस्पिटल के समीप मॉर्निंग वॉक कर रहीं नेशनल स्कूल की शिक्षिका सरिता से दो बाइकसवारों ने चाकू दिखाकर सोने की चेन छीन ली। छीना झपटी की वजह से महिला को चोट भी लगी है। उन्होंने कहा कि घटना की सूचना देने के लिए वह लोहसिंघना थाने पहुंची तो वहां गेट बंद था। इस संबंध में लोहसिंघना के थाना प्रभारी ने बताया कि लोहसिंघना थाना का गेट सटाया हुआ रहता है। अंदर में पुलिस कर्मी रहते हैं। रात में सभी पुलिसकर्मी गश्ती से लौटे थे। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभी कोई आवेदन नहीं मिला है। पर पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में रखा है। वहीं कोचिंग से लौट रही महिला से छिनतई का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि दारू निवासी पिंकी कुमारी शुक्रवार को पूर्वाहन नौ बजे कोचिंग कर वापस अपने नूतन नगर स्थित अपने डेरा आ रही थी। इस दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी गले की चेन छीन कर फरार हो गए। मोटरसाइकिल सवार मुंह में मास्क पहने हुए थे। साथ में हेलमेट भी लगाए हुए थे। छिनतई की शिकार हुई महिला पिंकी कुमारी ने बताया कि बदमाशों ने अचानक धक्का देकर इस घटना को अंजाम दिया।

## हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**झुमरीतिलैया।** मोदी बरनवाल समाज की बैठक झुमरीतिलैया में हुई। बैठक में बबलू मोदी की हत्या पर नाराजगी जताई गई। समाज के सदस्यों ने प्रशासन से शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। साथ ही यह कहा गया कि प्रशासन इसे बहुत ही कैजुअल ले रही है। बबलू मोदी परिवार का इकलौता बेटा था। उनकी हत्या होने से परिजन के समक्ष भरण पोषण की समस्या उत्पन्न हो गयी है। मृतक की आत्मा को शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर मोदी बरनवाल समाज जिलाध्यक्ष रामेश्वर मोदी, डॉ बीएनपी वर्णवाल, भाजपा किसान मोर्चा नेता सुरेंद्र मोदी, अहिबरन वंशज अध्यक्ष सूर्यदेव मोदी, सचिव पंकज कुमार, युवा अध्यक्ष अजय वर्णवाल, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ परिमल तारा, डॉ सुनील मोदी, डॉ राजन कुमार, डॉ मनोज कुमार, प्रवीण वर्णवाल, साहिल मोदी, कुलदीप मोदी, मिथलेश मोदी, अशोक मोदी,अमर कुमार, रोहित कुमार, छोटेलाल मोदी, बरुन मोदी, रणवीर मोदी, अजय कृष्ण, राम कुमार, चंदन बरनवाल, प्रह्लाद मोदी, विकास कुमार, अरुण बरनवाल सहित अन्य कई लोग शामिल हुए।

## भजन गायिका शहनाज अख्तर के गीतों पर रात भर झूमे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता





**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड पंचायत स्थित ग्राम कुम्हरडीहा में पांच दिवसीय शिव-परिवार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यज्ञ के पांचवें दिन प्रसिद्ध भजन भक्ति गायिका शहनाज अख्तर एंव बबन छेला की भक्ति जागरण के माध्यम से भक्ति गीतों व झांकियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।शहनाज अख्तर के भक्ति गीत जो राम का नहीं, ओ किसी काम का नहीं सुनते ही सारे भक्त झूम उठे, ऐसा-ऐसा दर्जनों भक्ति गीत प्रस्तुत की, जिसे देखने और सुनने के लिए हजारों हजार बड़कागांव, केरेडारी, पतरातू हजारीबाग समेत अन्य गांवों और शहरों से लोगों की संख्या उमड़ पड़ी और उनके गीतों पर लोग रात भर झुमते रहे और एक से बढ़ कर झकियो कि आनंद उठाये। बड़कागांव में प्रसिद्ध भजन भक्ति गायिका शहनाज अख्तर पहली बार बड़कागांव के नयाटांड पंचायत के ग्राम कुम्हरडीहा गांव के पावन धरती पर पाव रखें, जिसे देखने और सुनने के लिए भव्य भीड़ उमड़ पड़ी । मंच का उद्घाटन समाजसेवी महेश सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया, मौके पर विधायक अंबा प्रसाद, आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, जीप सदस्य सुनीता देवी, सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, मुखिया लीलावती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, यज्ञ समिति अध्यक्ष प्रभु सिंह, सचिव आरघु महतो, कोषाध्यक्ष महेश सिंह, कुंवर महतो, पप्पू प्रजापति, राजू महतो, राजेन्द्र महतो, जगपाल ठाकुर, छोटू कुमार, हेमंत महतो, जनार्दन ठाकुर, सुमित कुमार, पप्पू सिंह, मनोज ठाकुर, कृष्णा महतो, गौतम ठाकुर, अशोक महतो, मुद्रिका सिंह, राजू रवानी, मुरली महतो, जादू सिंह, विनोद महतो, रोशन कुमार, टिंकू कुमार, सुदामा प्रजापति, महेश प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, रूपेश कुमार, रविंदर महतो, बादल कुमार, संजय ठाकुर, ब्रह्मदेव रवानी, देवदीप सिंह, छोटी प्रजापति, राहुल सिंह, मीडिया प्रभारी पंकज ठाकुर के अलावा अन्य लोगों शांति और सफल बनाने में यज्ञ कमेटी के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका रहा।

## लाखों के जेवरात समेत हजारों रुपये की चोरी

**इचाक (आजाद सिपाही)।** थाना से महज पांच सौ मीटर की दूरी पर पेठियाबागी गांव स्थित रविंद्र कुमार वर्मा उर्फ बब्लू के घर चोरों ने लाखों का जेवरात समेत पांच हजार नगद चुरा ले गए। गुरुवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस बाबत पीड़ित ने इचाक थाना में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। दिये गए आवेदन में बताया गया है कि रविंद्र अपनी पत्नी और माता के साथ मौसेरी बहन के वैवाहिक कार्यक्रम में भाग लेने पटना गया था। शुक्रवार की सुबह 3 बजे वापस अपने घर लौटा तो मुख्य दरवाजा का ताला खोल कर अंदर प्रवेश किया तो देखा कि अंदर दो कमरे का ताला टूटा हुआ है। घर में रखे गोदरेज और बक्सा का भी ताला टूटा हुआ है तथा सामान बिखरा पड़ा है। टूटे ताले को देख अंदेशा जताया कि घर में चोरी हो गई है। हो हल्ला करने पर आस पास के लोग इकट्ठा हो गए। इसी बीच देखा गया कि घर के बक्सा और गोदरेज में रखा लाखों का जेवरात और पांच हजार नगद रुपया गायब है। घटना के आलोक में इचाक थाना प्रभारी धनंजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पहुचकर जांच की। संदेह के आधार पर कुछ व्यक्तियों से पूछताछ किया जायेगा।

## अडाणी फॉउंडेशन ने स्कूल में मनाया 'विश्व हाथ स्वच्छता दिवस'



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोन्दलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने आज हरली स्थित राज्य सम्पोषित प्लस टू उच्च विद्यालय में 'विश्व हाथ स्वच्छता दिवस' के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को हाथ की स्वच्छता के महत्त्व के बारे में जानकारी दी। इसके अलावा इसी विषय पर एक चित्रांकन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें अदाणी फॉउंडेशन की ओर से स्कूल को उपलब्ध कराये गए शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को हाथ की स्वच्छता के बारे में बताया। इस दौरान शिक्षकों ने हाथ को स्वच्छ रखने के तरीके भी बताए और उससे जुड़ा एक डेमो छात्र-छात्राओं को दिखाया। कार्यक्रम के अंत में चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## पश्चिमी पंचायत में हेल्थ और वेल्थ को लेकर बैठक




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में हेल्थ और वेल्थ सुधार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता पश्चिमी पंचायत के मुखिया सह मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार और संचालन सुरेंद्र दांगी ने किया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि एसी राकेश रोशन को मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार और अन्य लोगों ने बुके देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि ऐसी राकेश रोशन ने कहा कि स्वास्थ्य शिक्षा सही रहे तो अच्छा है, हेल्थ सुधार हो जाये और वेल्थ अपने आप सुधार हो जायेगा हर व्यक्ति अपने अपने स्वास्थ्य से झेल रहा है। परिवार को स्वास्थ्य रखने के लिए स्वास्थ्य और शिक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण है तभी हमारा परिवार आगे बढ़ सकता हैं।

## स्वच्छता को लेकर मुखिया ने चलाया अभियान



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बेडोकला में मुखिया रिंकी देवी ने ग्रामीणों व स्कूली बच्चों के साथ स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता जरूरी है। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग नही करने और अपने आसपास टोले मोहल्ले को स्वच्छ रखने की अपील की। मुखिया ने स्वच्छ भारत मिशन को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान की शुरूवात पंचायत सचिवालय से की। मुखिया प्रतिनिधि देवेन्द्र पांडेय ने कहा कि हमलोग ग्रामीणों के साथ संकल्प लिया कि पंचायत के हर वार्ड गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जायेगा। वहीं बेडोकला स्थित मध्य विद्यालय पहुंचकर स्वच्छता को लेकर बच्चों को जागरूक किया गया। बताया गया कि स्वच्छता जीवन की दिनचर्या में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर वार्ड सदस्य उषा कुमारी, नीतू देवी, देवीलाल यादव, बासुदेव पासवान, बीरेंद्र शर्मा, उमेश यादव, लाखिया देवी, विजय दास, जलसहिया दीदी पूजा देवी, कंचन देवी समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

## अनुसूचित जाति संघ के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा मनी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर अंबेडकर चौक डिस्ट्रिक्ट मोड़ में अनुसूचित जाति संघ हजारीबाग के तत्वावधान में बुद्ध पुर्णिमा बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर समाज के प्रबुद्ध और बुद्धिजीवी लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर गणमान्य लोगों ने भगवान बुद्ध वंदना किये और भगवान बुद्ध के प्रतिमा पर पश्रद्धा सुमन पुष्पांजलि भी किया। इस कार्यक्रम पर वृहत तौर पर खीर का वितरण किया गया। इस अवसर पर विनोद कुमार, वासुदेव राम, डॉ राजेश रविदास, श्याम लाल, दिनेश राम, लक्ष्मण रवि, कीर्तन राम, सतीश राम, सुंदर राम, देवनारायण राम, मनोज कुमार, सुधीर कुमार, नंदू प्रसाद, डॉ अंबेडकर, डॉ सुनील कुमार, प्रो सुबोध कुमार, विजय कुमार, सिकंदर कुमार, डॉ विजय रजक, रंजीत कुमार, प्रदीप कुमार, संजय, महेंद्र दास आदि उपस्थित थे।

## हाथियों के आतंक से परेशान हैं ग्रामीण

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र में झुंड से बिछड़े तीन हाथी काफी दिनों से लगातार आतंक मचा रहे हैं। बुधवार की रात्रि में हाथियों ने सिलवार पंचायत के अंबाडीह में फिर से जबरदस्त बर्बादी मचाई पिछले कई दिनों से बानाहप्पा, सरोनी, जीनगा, कवालू सहित कई गांव में लगातार तबाही मचा रहे हैं। वन कर्मी स्थानीय प्रशासन और ग्रामीणों के सहयोग से हाथियों को भगाया गया और बताएं कि वन कर्मी और स्थानीय प्रशासन का सहयोग मिला तो इसे भी जल्द से जल्द भगा दिया जायेगा काफी दिनों से कर रहे हैं पंचायत में फसलों का नष्ट वार्ड सदस्य छोटन मेहता ने बताया कि एक दर्जन से अधिक बार हाथी आ चुका है पर स्थानीय प्रशासन और वन कर्मी कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। इस बारे में मुखिया, पंचायत समिति सदस्य और वार्ड सदस्य और स्थानीय ग्रामीण का कहना है, कि यदि हांथीयों को यहां से दूर नही खदेड़ा गया तो जल्द से जल्द सभी मिलकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## बंगाखलार में बिन दहेज की हुई शादी

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बंगाखलार पंचायत में वर्तमान में दहेज प्रथा को त्यागने के लिए लोग अब समाज के सामने मिसाल पेश कर रहे हैं। इसी कड़ी में कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड अन्तर्गत बंगाखलार पंचायत के निवासी पूर्व पंचायत समिति सदस्य मनोज दास ने भी अपने पुत्र का बिना दहेज लिये शादी करवाया। अपने सुपुत्र अजीत कुमार दास का विवाह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ भारी ढोल गाजे बाजे के बीच सुलेखा कुमारी पिता आनंद दास ग्राम नन्दूडीह, प्रखंड सतगावां के संग बिना दहेज के करवाया। लोगों का कहना है कि मनोज दास ने अपने पुत्र का दहेज मुक्त शादी करवाकर काफी सराहनीय कार्य किया है।

## जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

बरही (आजाद सिपाही)। प्रखंड के रसोइया धमना पंचायत के रसोईया धमना गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई। मारपीट में अनुज कुमार पिता महादेव साहू और उनकी पत्नी मनीषा कुमारी घायल हो गए। घायलों का इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया, वहीं अनुज कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। भुक्तभोगी अपनी पत्नी और मां के साथ बरही थाना पहुंचकर आवेदन देकर न्याय का गुहार लगाया। बताया कि उनके चाचा जगदीश साहू, चाची सुजंती देवी, चचेरे भाई अजीत कुमार और अखिलेश कुमार व बब्लू कुमार के द्वारा उनके हिस्से को जमीन पर गड्ढा करवाया जा रहा था। जिससे वह मना करने पहुंचे थे। इसी क्रम में उन लोगों ने उन पर फावड़ा कोड़ी यादि से जानलेवा हमला कर दिया। बचाव के लिए पहुंची पत्नी पर भी हमला किया गया। जिससे वह घायल हो गये।

## हिंदू संगठनों ने कांग्रेसी नेता इरफान अंसारी का फूंका पुतला, विवादित बयान का जताया विरोध

# हिंदू विरोधी मानसिकता वाले लोग उल जुलूल बयान दे रहे हैं : दीपक मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** बजरंग दल के खिलाफ विवादित बयान देने पर शुक्रवार को हिंदू संगठनों के युवाओं ने सुभाष चौक पर कांग्रेसी विधायक इरफान अंसारी का पुतला फूंका। इस दौरान हिंदू संगठन के पुरोधा दीपक मिश्रा ने कहा कि केरल फाइल नाम से जो फिल्म रिलीज हुई है, उसमे हजारों हिंदू युवतियों के लव जिहाद में फंसने और जीवन बर्बाद होने का पूरा वृतांत बताया गया है, जो सच्ची घटनाओं और आज के परिवेश पर आधारित है। उन्होंने कहा कि इस लिए फिल्म की लोकप्रियता से बौखलाए हुए हिंदू विरोधी मानसिकता वाले लोग उल जुलूल बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा की हम सभी ने मिलकर न्यू शांति सिनेमा के प्रबंधक से हमने बात कर केरला फाइल फिल्म को चलवाने का अनुरोध किया है, जिसमे उन्होंने भी अपनी सहमति जताते हुए बहुत जल्द फिल्म का प्रसारण अपने न्यूशांति सिनेमा में करवाने का आश्वासन दिया।




### पुतला दहन कार्यक्रम में ये थे शामिल

पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यजीत चौधरी, वरुण तिवारी, अविनाश गुप्ता, पब्जी बजरंगी, सागर राम, जयकुमार, बृजेश सिन्हा, गोपाल महतो, संतोष बेदिया, सूरज प्रजापति, झलकू बेदिया, विक्की बाबा, रमेश मेहता, सनी कुमार, राम प्रसाद मुखर्जी, कामेश्वर प्रसाद सिंह, जोगेंद्र सिंह जग्गी, शंकर यादव, विक्रम कुमार, अंबुज पांडे, मनोज सिंह, आयुष कुमार साहू, नीरज गोयल, गौतम राम आदि उपस्थित थे।

## हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय की पत्रकार वार्ता



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल एक राष्ट्रवादी व राष्ट्रीय संगठन है। उस पर कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की घोषणा पत्र में प्रतिबंध लगाने की बात कहना कांग्रेस की तुष्टिकरण का राजनीति है। जिसका हम घोर विरोध करते हैं। उक्त बातें हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ यदुनाथ पांडेय ने एमआर कॉम्प्लेक्स कुजू में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जातीय जनगणना पर कहा कि जातीय जनगणना का हम कड़े शब्दों में विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को जातीय आधार पर जनगणना क्यों नहीं होनी चाहिए। मुसलमानों में भी सैयद, पठान, कलाम, अंसारी हैं। ईसाइयों में भी जो जर्मन, रोमन कैथोलिक आदि हैं। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना से हिंदू समाज को जात पात में बांटकर अलग करना चाहते हैं। जिसे हिंदू समाज बर्दाश्त नहीं कर सकता। हिंदुस्तान हिंदू राष्ट्र है और हमेशा हिंदू राष्ट्र ही रहेगा। हिंदुस्तान में सनातन धर्म के उत्थान को देखकर तथाकथित सेकुलर पार्टियां घबरा कर अनाप-शनाप बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक चुनाव में भारतीय जनता पार्टी अपना परचम लहराएगी। मौक पर अजय कुमार पांडेय, सुधान सिंह, श्रवण सिंह, शम्भू लाल ठाकुर, जयप्रकाश राणा, शुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

## मंडा पूजा में अंगारों पर चल कर दिया शिव भक्ति का परिचय



**कुजू (आजाद सिपाही)।** बोंगावार स्थित शिव मंदिर परिसर में मंडा पूजा के अवसर पर शुक्रवार को भगवान शिव की आराधना की गई। धूमधाम से संपन्न मंडा पूजा में अंगारों पर चलकर शिव भक्तों ने शिव भक्ति का परिचय दिया। साथ ही, भक्तों ने फुलखुन्दी कर और बनस झूला झूलते हुए शिव की आराधना की। मंडा पूजा का शुभारभ शनिवार की देर शाम को हुई। जहां मेला का आयोजन हुआ। जिसमें पुरुलिया बंगाल से आए छऊ नृत्य के कलाकारों ने रात्रि में छउ नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मनोरंजन किया। वहीं, शुक्रवार की अहले सुबह दर्जनों भोक्ता स्थानीय तालाब में स्नान कर नए वस्त्र धारण कर मंदिर परिसर पहुंचे। जहां पंडित प्रीतम चक्रवर्ती एवं विजय पाहन द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजार्चना कराया गया। तत्पश्चात भोक्ताओं ने फुलखुंदी की। बाद में पीठ में कील चुभा कर बनस झूला झूल कर भगवान शिव के प्रति अपना आस्था प्रकट किया। मंडा पूजा में आजसू मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, जयकिशोर महतो, हेमनी देवी, मिहिरचंद मुंडा मौजूद रहे।

## पानी की आपूर्ति करेंगे एनटीपीसी के टैंकर



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** पानी की समस्या से जुझ रहे एनटीपीसी परियोजना से प्रभावित गांवो मे टेंकर से पानी आपूर्ती से शुरू हो गयी। स्थानीय विधायक किशुन कुमार दास के पहल पर गुरुवार को टंडवा तीन कामता दो गाड़ीलौंग दो तथा राहम मे दो ट्रेक्टर से गरमी तक पानी आपूर्ती की जायेगी। एनटीपीसी सीएसआर अधिकारी दीप सिंह, विधायक प्रतिनिधि शशी चौरसिया ने संयुक्त रुप से हरी झंडी दिखा कर सभी ट्रेक्टर टंकी को रवाना किया। बताया गया कि हर दिन एक ट्रेक्टर चार चार ट्रीप हर मुहल्लो मे पानी आपूर्ती करेगें, जहां पानी की समस्या अधिक हो। इस मौके पर विकास मालाकार, रंजीत गुप्ता, संवेदक पवन कुमार, आनंद गुप्ता, गुड्डु गुप्ता, नरेश यादव, अनील पासवान, आदि लोग शामिल थे।

## गोबरदरहा में मंडा पूजा का आयोजन, शिव भक्तों ने दी अग्निपरीक्षा

# मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है : मनोज महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 27 गोबरदरहा में श्री श्री मंडा पूजा समिति ने वैशाख पूर्णिमा के दिन मंडा पूजा के अवसर पर छऊ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद रोशन कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उदघाटन फीता काटकर किया गया। जिसके बाद बंगाल के पुरुलिया से आये छऊ कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक पौराणिक कथाओं को दिखाया गया।



मौके पर मनोज कुमार महतो ने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बताया कि मंडा पर्व आस्था का बड़ा महापर्व है। कहा कि मंडा पूजा से हमारी संस्कृति व परंपरा जुड़ी है। यह आस्था और भक्ति का प्रतीक है, जलते अंगारों में चलकर लोग अपने अटूट आस्था का परिचय देते हैं, मंडा पूजा कर लोग गांव की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना करते हैं।

इसके अहले सुबह भोक्ताओं द्वारा दहकते अंगारों में चल कर अपनी भक्ति का परिचय दिये। मौके पर राजेन्द्र महतो, संजय महतो, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सचिव देवेंद्र कुमार, कमिटी अध्यक्ष चंद्रशेखर महतो, सचिव निरंजन महतो, कोषाध्यक्ष गणेश महतो, अरुण महतो, मनोज कुमार, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, अनिल महतो, राजेन्द्र महतो, कृष्णा पांडेय, लालदेव महतो, पवन कुमार, श्याम कुमार, सुनील कुमार, बबलू कुमार, राहुल कुमार, हीरालाल महतो, कौलेश्वर महतो, प्रेमलाल महतो आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## सीसीएल के विरोध में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**टंडवा।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम सेरनदाग में आम्रपाली परियोजना पदाधिकारी के द्वारा गलत तरीके से एक्शन 9,11,12 लगाकर रात को गांवो में सुचना पत्र चिपकाने का ग्रामीणों ने शुक्रवार को विशाल रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। कसिया डीह पंचायत के जनता ने सेरन दाग बाजार टांड से लेकर पूरा गांव भर्मण कर भारी विरोध किया। वही आम्रपाली परियोजना पदाधिकारी देवेन्द्र प्रसाद का पुतला दहन सेरनदाग चौक में सैकड़ों रैयत महिला पुरुष और प्रतिनिधियों ने किया। वही स्थानीय पंचायत समिति सदस्य राजेश राजेश चौधरी ने कहा की जो गलत तरीके से सीसीएल द्वारा एक्शन 9,11,12 लगाया गया है उसे अविलंब रद्द करें और जो कोलवेयारिंग उइअ एक्ट उसे अभिलंब मुक्त करें।

वही पूर्व पंचायत समिति सदस्य पति पारस कुमार गुप्ता ने कहा की जब हमारे जमीन में कोयला नहीं है तो सीसीएल क्यों सेक्शन 9,11,12 लगाकर ग्रामीणों को बरगलाने का काम कर रही है इसलिए एक्शन 9,11,12 अविलंब मुक्त करें और सीसीएल सीसीएल के दलालों अगर सोचते होंगे कि जमीन दलाली करके और ग्रामीणों को छलने का प्रयास करेंगे तो भूल जाये क्यों अब हम ग्रामीण जग चुके हैं अब किसी दलाली नहीं चलेगा।

मोहन कुमार साहू ने कह कि जिस तरह से मनमानी ढंग से सीसीएल ना ग्रामसभा ना आमसभा बिना किए हुए हमारे जमीन में सेक्शन 9,11,12 लगाकर रात को नोटिस गांव में साटना बंद करें और मैं इसका घोर निंदा करता हूं और मैं मांग करता हूं एक्शन 9,11,12 से जमीनों को मुक्त करें

वही स्थानीय विधायक प्रतिनिधि गणेश प्रसाद साहू ललित साहू ने कहा कि सीसीएल द्वारा ग्रामीणों को जो भ्रमित किया जा रहा है कि कभी रेलवे साडिंग बनाएंगे तो कभी पुनर्वास बनाएंगे।

## डोभा खेत गोला रोड एनएच से स्कॉर्पियो की चोरी की शिकायत

**रामगढ़ (आजाद सिपाही संवाददाता)। रांची जिले के बुंडू बिचका टोली निवासी दिलीप कुमार महतो की स्कार्पियो संख्या जेएच01ईई-8439 की चोरी गुरुवार की रात चोरी हो गई है। इस संबंध में भुक्तभोगी ने शुक्रवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। वे अपने चाचा ससुर पंचम राम दांगी के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए बुंडू से अपने स्कार्पियो से रामगढ़ आया था। गुरुवार की रात लगभग 11.30 बजे वे गोला रोड, बाजार टांड़ स्थित डोभा खेत स्थित रामप्रसाद राम के मकान के समीप खडा कर घर सोने चला गया। शुक्रवार की सुबह लगभग 4.30 बजे अपने घर जाने के लिए उक्त स्थान पर पहुंचा तो देखा कि स्कापियो वहां से गायब है। पुलिस से मामले की जांच कर रही है।**

## श्रीमंत झा ने एशियाई पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुरकुंडा।** जाने-माने उद्योगपति नवीन जिंदल के नेतृत्व वाली कंपनी जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के समर्थन से देश के अनुभवी पैरा-आर्म रेसलर श्रीमंत झा ने अपने खाते में एक और पदक जोड़ा है। श्रीमंत झा ने संयुक्त अरब अमीरात के अजमान में आयोजित एशियाई पैरा-आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में पीआईयू स्टैंडिंग 90 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता है। श्रीमंत झा ने प्रभावशाली मुकाबले में कजाकिस्तान के निकिता चेबाकोव को हराया। पदक विजेता श्रीमंत ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं जिन्दल स्टील एंड पावर के चेयरमैन नवीन जिन्दल का आभारी हूं, जिन्होंने मेरी क्षमता पर विश्वास किया और सभी बड़े टूर्नामेंटों में मुझे प्रोत्साहित और समर्थन दिया। यह मेरे लिए विशेष जीत है क्योंकि यह एक साल के अंतराल के बाद मिली है। उन्होंने कहा कि अब मैं आगामी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट पर ध्यान केंद्रित करूंगा और निश्चित रूप से जेएसपी और भारत को फिर से गौरवान्वित करने की कोशिश करूंगा। श्रीमंत झा दुनिया के नंबर-3 और एशिया के नंबर-1 पैरा-आर्म रेसलर हैं। उन्होंने अब तक 41 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते हैं।

## भारतीय मजदूर संघ भुरकुंडा शाखा कमेटी का पुनर्गठन



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के भुरकुंडा शाखा कमेटी का शुक्रवार को पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के मौके पर सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य शाशिभुषण सिंह, बरका-सयाल अध्यक्ष हरिनाथ महातो, कार्यकरी अध्यक्ष सरोज राणा, सचीव शांभु सिंह, संगठन मंत्री जेपी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीकांत गुप्ता मुख्य रूप से मौजूद थें। पुनर्गठित कमेटी में नौशाद आलम अध्यक्ष, अनिल कुमार पासवान सचिव व राहुल राय कोषाध्यक्ष मनोनीत किये गए। वहीं रवि उरांव कार्यकारी अध्यक्ष, कुमार देवेन्द्र शरण, ओम प्रकाश कुमार व रंजन राम उपाध्यक्ष, सत्यनारायण प्रसाद गुप्ता, नौशाद व जगमोहन बेदिया सहसचिव, लक्ष्मी नारायण प्रसाद संगठन मंत्री चुने गए। जबकि कार्यकारिणी सदस्यों में प्यारा महतो, सुरेश बेसरा, रंजनी गुलाब एक्का, मंजूलता कुजूर, शोभा रॉबर्ट शिव कुमार पंकज, अजय राणा, दिनकर कुमार सिंह, निर्मल महतो, राहुल करमाली, मधुसती, राजकुमार आदि शामिल हैं। मौके पर नवमनोनित पदाधिकारियों व सदस्यों को फूल माला पहनाकर स्वागत करते हुए बधायी दी गयी। मौके पर विनय त्रिपाठी, ललन प्रसाद, राज कुमार, सुरेश बेसरा, विनय कुमार पांडेय, सुरेंद्र तिवारी आदि मौजूद थें।

## रघुनाथ मुर्मू की 118वीं जयंती धूमधाम से मनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिद्दी।** औल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118 वां महा,(जयंती) रामगढ़ जिले के ग्राम जोबला गांव में मनाया गया, जिसमें हजारीबाग जिले के भरत जगत माझी परगना महल के मनोतान सोहराय किस्कू ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर बारी बारी से रामगढ़, बोकारो से आये हुए छात्र, छ्त्राए मांझी बाबा और समाज से आए हुए सभी लोगो ने रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया इसके साथ ही रामगढ़ जिले परगना महादेव मरांडी ने ओलचिक लिपि को 2025 तक झारखंड के सभी संथाली परिवारों मे कैसे पहुंचाया जाये इसके बारे में विस्तार अपनी बात को रखा साथ ही उन्होंने कहा कि आज पूरे भारत वर्ष में 6500 जातियों हैं, उनमें सिर्फ 293 भाषा की लिपि ही बचा हुआ है उसमे से हमारी संथाली की लिपि 1925 में पंडित रघुनाथ मुर्मू ने बनाया, लेकिन आज हमारी भाषा अपनी अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है, लेकिन झारखंड में जितनी भी सरकार आए सिर्फ हमारी संस्कृति, भाषा को हमेशा दरकिनार किया गया है,अगर झारखंड सरकार चाहे तो हमारी ओलचिकी लिपि का विस्तार हो सकता है लेकीन सरकार इसमें गंभीर नहीं है,आज हम महल कि और से झारखंड सरकार से मांग करते हैं की सभी स्कूल में ओलचिकी की लिपि की पाठ्यक्रम लागू हो, इसके साथ ही समाज के कई समाज सुधारक प्रतिनिधि उपस्थित हुए, महादेव मरांडी, जयवीर हंसदा, रस्का हेंब्रम, मनेंद्र हेंब्रम, रामसिंह मरांडी, सुखराम हेंब्रम, दसाय बस्के, मुचरु मांझी, चंद्रमोहन मांझी, मनकी टुडू, गणेश मांझी, कर्मा मांझी, चंद्रदेव सोरेन, धनु टुडू, मनीष टुडू, रामे हंसदा, रिंकू हंसदा, सुनीता हंसदा, कुमारी शांति मुर्मू, संगीता हेंब्रम, भोला बास्के जैसे कई सामाजिक लोग उपस्थित हुये।



## जिला के आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य केंद्रों में एनेमिया की जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश में जिले के आंगनबाड़ी केंद्रो और स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष अभियान के तहत दिनांक 08 से 20 मई एनेमिया जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा।

जिले के सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी तथा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारीयों को उपायुक्त अबु इमरान द्वारा निर्देशित किया गया कि दिनांक 08 से 20 तक चलने वाले विशेष अभियान में अपने-अपने प्रखंड क्षेत्रान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष अभियान के तहत रोस्टर अनुसार एनेमिया से ग्रसित मरीजों का जांच करायेंगे। साथ ही एनेमिया से ग्रसित मरीजों की पहचान कर उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सलाह के साथ साथ दवा भी उपलब्ध करायेगें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अपने अपने नजदीकी जांच केंद्रों में जाकर अपने एनिमिक होने की जांच करवाएं। शरीर मे खून की कमी होने से विभिन्न रोग होते हैं। समय रहते इसका समुचित इलाज किया जा सकता है।उन्होंने कहा कि जिले के आमजन चतरा को एनीमिया मुक्त करने की अभियान से जुड़ें। साथ ही न सिर्फ सरकारी कर्मियों की जिम्मेवारी है कि वे एनिमिक लोगों को जांच केंद्रों तक लाएं बल्कि समाज के जागरूक लोग भी इस मुहिम से जुड़े और लोगों को एनिमिया की जांच के लिए प्रेरित करें। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र के प्रखंड प्रमुख से कराना सुनिश्चित करें और एनेमिया जांच कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाये।


फाइल फोटो

## प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ने मौलाना अब्दुल कलाम आजाद पार्क के संचालक पर कार्रवाई करने की रखी मांग

# समाहरणालय परिसर के नवनिर्मित पार्क में संचालक कर रहा मनमानी: कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय परिसर में बने नवनिर्मित मौलाना अब्दुल कलाम आजाद पार्क का संचालक अपनी मनमानी कर रहा है। यह गंभीर आरोप कांग्रेस कमेटी की ओर से लगाये गए हैं। शुक्रवार को कांग्रेस कमेटी के कई वरीय नेता पार्क का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पार्क में घूमने आये लोगों से भी बात की। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि एंट्री फी के नाम पर पहले धांधली हो रही है। अगर कोई सामान लेकर पार्क के अंदर प्रवेश करता है तो उसके नाम पर भी अलग से उगाही की जा रही है। आम लोगों से बात करने के बाद कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने डीसी माधवी मिश्रा से इसकी शिकायत की। उन्होंने डीसी को बताया कि पार्क के संचालक द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। पार्क में प्रवेश शुल्क के नाम पर मनमाने तरीके से राशि की वसूली की जा रही है। शुरू में प्रवेश शुल्क के नाम पर 10 रुपया लिया जाता था। परंतु कुछ दिनों के बाद 50 रुपया लिया जाने लगा। आज 30 रुपया प्रवेश शुल्क के नाम पर लिया जा रहा है। इसके साथ ही कुछ सामग्री साथ ले जाने पर अलग से 400 से 500 रुपए की मांग की जाती है। पार्क संचालक के मनमानी रवैया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए संचालक पर करवाई की मांग की। साथ ही साथ प्रवेश शुल्क की दरों पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। डीसी और एसडीओ के द्वारा इस संबंध में लिखित शिकायत देने पर निश्चित रूप से कार्रवाई करने की बात कही गई। मौके पर जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव, सहजाद खान, बलराम साहू, संजय साव, राम उद्दीन अंसारी, नईम अंसारी, तौफीक मुखिया, इनाम अंसारी, संजू गुप्ता मौजूद थे।




## डिवाइन ओंकार मिशन ने लड़की की शादी में खाद्य सामग्री मुहैया करायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरकाकाना।** गरीब व असहाय लोगो की मदद के लिए रामगढ़ जिले का अग्रणी संस्था डिवाइन ओंकार मिशन ने लड़की की शादी में खाद्य सामग्री का सहयोग किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घुटुवा बस्ती निवासी स्वर्गीय पृथ्वी बेदिया की सुपुत्री की शादी में लड़की के परिजनों ने शादी में मदद को लेकर इंटक रामगढ जिला अध्यक्ष संजय कुमार शर्मा व समाजसेवी रामा ठाकुर,जुगनू मांगर से सहयोग करने की बात कही, जिसके उपरांत श्री शर्मा व अन्य लोगों ने रामगढ स्थित डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश नेगी से संपर्क साधा व गरीब लड़की की शादी में सहयोग की अपील की, जिसके फलस्वरूप संस्था सचिव श्री नेगी ने शादी में खाद्य सामग्री का सहयोग दिया और अन्य सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# जांच में तेजी लायें

दिल्ली के जंतर-मंतर पर 23 अप्रैल से शुरू हुआ पहलवानों का दूसरे दौर का धरना खत्म होना तो दूर उलटे यह मामला और पेचीदा होता जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को इस मामले में कोई और व्यवस्था दिये बगैर सुनवाई समाप्त कर दी। हालांकि इसे मामले के मेरिट पर किसी तरह की टिप्पणी नहीं माना जा सकता। इस बीच, बुधवार रात जंतर-मंतर पर हुई पुलिस के साथ पहलवानों की झड़प के बाद माहौल और गरमा गया है। वैसे, इस मामले में दोनों का अपना पक्ष है। जहां पहलवानों की तरफ से मानवीय नजरिया अपनाते हुए कहा जा सकता है कि बारिश के चलते जमीन गीली होने के कारण रात में अगर उनके लिए फोल्डिंग खाट का इंतजाम किया जा रहा था, तो यह कोई ऐसी बात नहीं थी जो समझी न जा सके। लेकिन पुलिस की यह बात भी सही है कि जंतर-मंतर कोई ऐसी जगह नहीं है, जहां कोई भी, कभी भी मनमाने ढंग से कुछ भी ले आये। वहां धरने पर बैठे लोगों को एक अनुशासन में रहना पड़ता है। उन्हें जरूरी वस्तुओं की सूची पुलिस को देनी पड़ती है, उसकी इजाजत लेनी पड़ती है। ऐसे में रात-बिरात किसी खास राजनीतिक दल से जुड़ा कोई विधायक बिना इजाजत वहां फोल्डिंग खाट लेकर पहुंच जाये, तो ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों का उसे रोकना स्वाभाविक है। लेकिन फिर भी, इस मामले ने जितना अप्रिय मोड़ ले लिया, उसकी जरूरत नहीं थी। इसे बेहतर ढंग से निपटाया जा सकता था। दोनों तरफ से आरोप-प्रत्यारोप के बीच दिल्ली पुलिस ने मामले की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच की बात कही है, जिसका स्वागत होना चाहिए। बहरहाल, ज्यादा चिंता की बात यह है कि अपनी शिकायतों के साथ पहलवानों का धरना लगातार जारी है। इस गतिरोध को दूर करने के कोई गंभीर प्रयास होते नहीं दिख रहे। आरोपों के घेरे में आये कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भी मीडिया में अपनी बात कह रहे हैं, जिसका उन्हें हक है। लेकिन इससे बात कुछ आगे नहीं बढ़ रही। मूल सवाल यह है ही नहीं कि कौन सी राजनीतिक ताकतें इस मामले का कैसे इस्तेमाल कर रही हैं और किसका क्या स्वार्थ सध रहा है। बड़ा सवाल यह है कि जो आरोप महिला पहलवानों ने लगाये हैं, उनमें कितनी सच्चाई है। और इसका जवाब दोनों तरफ के दावों-प्रति दावों से नहीं, बल्कि जांच-पड़ताल से ही मिलेगा। ऐसी जांच रातों-रात नहीं हो सकती, उसमें वक्त लगेगा, लेकिन सभी संबंधित पक्षों को यह भरोसा होना चाहिए कि जांच के नाम पर लीपापोती नहीं होगी। इसी बिंदु पर कमी दिख रही है। पहलवानों को विश्वास दिलाने की कोई ठोस कोशिश भी नजर नहीं आ रही। बुधवार को भारतीय ओलिंपिक संघ की प्रमुख पीटी उषा का जंतर-मंतर पहुंच कर पहलवानों से मिलना जरूर एक पॉजिटिव कदम कहा जा सकता है, लेकिन यह काफी नहीं। आश्वस्त करने वाले ऐसे और कदमों के साथ-साथ जांच में भी तेजी लाने की जरूरत है।

**बड़ा सवाल यह है कि जो आरोप महिला पहलवानों ने लगाये हैं, उनमें कितनी सच्चाई है। और इसका जवाब दोनों तरफ के दावों-प्रति दावों से नहीं, बल्कि जांच-पड़ताल से ही मिलेगा।**

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**आम समाज आज भी 'समलैंगिक' संबंध को सम्मान देना तो छोड़िए स्वाभाविक मानने को तैयार नहीं है। हालांकि ऐसा स्वभाव जिसे स्वीकृति नहीं मिल सकती, उसे भी लगातार चर्चा में रखा जाये और कुछ लोग मर्यादा की सीमा लांघ कर बार-बार उस आचरण का प्रदर्शन करें तो धीरे-धीरे कुछ लोगों की सोच में हल्का बदलाव आने लगता है। वे पूरी तरह असामान्य मानने की मानसिकता में नहीं रहते। वैसे सच यही है कि समलैंगिक रिश्तों को लेकर अभी तक जितने तर्क दिये गये हैं, वे इतने बलशाली नहीं हैं कि इसे वाकई स्वाभाविक मान लिया जाये।**

# समलैंगिक विवाह समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता

**अवधेश कुमार**

इस समय उच्चतम न्यायालय में संविधान पीठ समलैंगिकों के बीच विवाह की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से इस पर हो रही बहस और न्यायालय की टिप्पणियां लगातार सामने आ रही हैं, इसलिए देश में अनेक ज्वलंत मुद्दों के बीच भी इस पर गहन चर्चा जारी है। एक समय था, जब 'समलैंगिक' शब्द का प्रयोग भी समाज में शर्मनाक माना जाता था।

आम समाज आज भी 'समलैंगिक' संबंध को सम्मान देना तो छोड़िए स्वाभाविक मानने को तैयार नहीं है। हालांकि ऐसा स्वभाव जिसे स्वीकृति नहीं मिल सकती, उसे भी लगातार चर्चा में रखा जाये और कुछ लोग मर्यादा की सीमा लांघ कर बार-बार उस आचरण का प्रदर्शन करें तो धीरे-धीरे कुछ लोगों की सोच में हल्का बदलाव आने लगता है। वे पूरी तरह असामान्य मानने की मानसिकता में नहीं रहते। वैसे सच यही है कि समलैंगिक रिश्तों को लेकर अभी तक जितने तर्क दिये गये हैं, वे इतने बलशाली नहीं हैं कि इसे वाकई स्वाभाविक मान लिया जाये। यह अलग बात है कि कई देशों ने इसे कानूनी मान्यता दे दी है।

**ध्यान रखिए हमारे देश में करीब तीन दर्जन विवाह के कानून हैं।**

वास्तव में उच्चतम न्यायालय द्वारा 2018 में समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से हटा देने के बाद, समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की आवाज उठनी शुरू हुई। देश की अलग-अलग अदालतों में करीब 20 याचिकाएं दायर की गयी थीं। इन याचिकाओं में हैदराबाद के सुप्रिया चक्रवर्ती और अभय डांग की याचिका शामिल है, जो स्वयं को गे बताते हुए दावा कर रहे हैं कि वे 10 वर्षों से शादीशुदा जैसी जिंदगी जी रहे हैं, जिसे कानूनी मान्यता दिलाना चाहते हैं।



**कानूनी दृष्टि से भी देखें तो पर्सनल लॉ में व्यापक बदलाव किये बगैर समलैंगिकों के बीच शादी को मान्यता देना संभव नहीं है। इसमें विरासत कानून, मैंटनेंस, गोद लेने और विरासत से जुड़े कानूनों का मसला आ जाता है। केंद्र ने कहा है कि अगर समलैंगिक शादी को मान्यता देनी होगी, तो संविधान के 158 प्रावधानों, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 28 अन्य कानूनों में बदलाव करना होगा।**

2022 में इन्होंने उच्चतम न्यायालय में याचिका डाल कर अपील की कि नागरिकों को भी अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने का अधिकार मिलना चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने देश के अलग-अलग न्यायालयों में इससे जुड़ी याचिकाओं को एक साथ जोड़ते हुए उन्हें अपने पास स्थानांतरित कर लिया। याचिकाओं की सुनवाई करने वाली तीन सदस्यीय पीठ ने समलैंगिक विवाह को 'मौलिक मुद्दा' बताते हुए इसे 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेजने की सिफारिश की। इसके बाद मुख्य न्यायाधीश डॉ डीवाइ चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की संविधान पीठ सुनवाई कर रही है। कुल मिला कर उच्चतम न्यायालय का रुख इसके प्रति सहानुभूतिपूर्ण है अन्यथा संविधान पीठ का गठन होता ही नहीं। अगर खंडपीठ इसे मौलिक मुद्दा बता रही है, तो इस पर क्या टिप्पणी की जा सकती है। सामान्यतः न्यायपालिका की टिप्पणियों या उसके फैसले के विरुद्ध हमारे यहां टिप्पणियां करने से परहेज की परंपरा है। किंतु इस मामले में पूरे देश में जबरदस्त प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इनमें ज्यादातर प्रतिक्रियाएं उच्चतम न्यायालय के विरुद्ध हैं। आप सोशल मीडिया पर प्रतिदिन देख सकते हैं, किस-किस तरह के लोग न्यायालय की टिप्पणियों पर आक्रोश व्यक्त कर रहे हैं। केंद्र सरकार समलैंगिक शादी को कानूनी मान्यता देने का विरोध कर रही है। सरकार ने यहां तक तर्क दिया कि न्यायालय को यह विषय सुनना नहीं चाहिए, क्योंकि विवाह को मान्यता देना न देना अनिवार्य रूप से विधायी कार्य है, जो संसद के दायरे में आता है। सरकार ने यह भी कहा कि समलैंगिक संबंधी विचार शहरों के अभिजात्य वर्ग की श्रेणी में आता है, जिसे संपूर्ण देश का विचार नहीं कहा जा सकता।

कानूनी दृष्टि से भी देखें तो पर्सनल लॉ में व्यापक बदलाव किये बगैर समलैंगिकों के बीच शादी को मान्यता देना संभव नहीं है। इसमें विरासत कानून, मैंटनेंस, गोद लेने और विरासत से जुड़े कानूनों का मसला आ जाता है। केंद्र ने कहा है कि अगर समलैंगिक शादी को मान्यता देनी होगी, तो संविधान के 158 प्रावधानों, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और 28 अन्य कानूनों में बदलाव करना होगा। 1954 के विशेष विवाह कानून की उच्चतम न्यायालय ने चर्चा की।

ध्यान रखिए हमारे देश में करीब तीन दर्जन विवाह के कानून हैं। समलैंगिक विवाह के समर्थक उन सारे कानूनों को खंगाल रहे हैं। स्वयं संविधान पीठ की टिप्पणियों से भी लगता है कि वह इनमें से ऐसे पहलू ढूंढ रहा है, जिनके आधार पर कोई फैसला दे सके। हालांकि ऐसा लगता है कि माननीय न्यायाधीशों को भी इसकी जटिलताओं का आभास है। इन्होंने केंद्र सरकार से कहा है कि बिना वैवाहिक मान्यता के समलैंगिक जोड़ों को सामाजिक लाभ, संयुक्त बैंक खाता या एडमिशन या बीमा में नॉमिनी बनाने जैसे उपाय खोजे। किसी भी विवाह के लिए कानूनी बात समझ में आती है, लेकिन विवाह केवल कानून का विषय नहीं हो सकता। यह संपूर्ण सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व्यवस्था का मूल आधार है।

संतानोत्पत्ति या वंश वृद्धि के बगैर न परिवार संभव है और न उस पर निर्भर जीवन चक्र। यह स्त्री और पुरुष के बीच के संयोग से ही संभव है। इसका कोई दूसरा रास्ता नहीं। दो व्यक्तियों का एक दूसरे के प्रति किसी कारण से आकर्षण हो जाये और वे आपस में यौन क्रिया करने लगें, एक दूसरे का सहयोग करें और उन्हें वैवाहिक जोड़े की तरह मान्यता दे दी जाये तो संपूर्ण जीवन चक्र धीरे-धीरे अराजकता की आग में चला जायेगा। बच्चे का मां की छाती से चिपकना और दूध पीना केवल संस्कार ही नहीं जीवन शक्ति देता है। माता और पिता दोनों के लालन-पालन व सम्मिलित अभिभावकत्व में ही बच्चे का संतुलित विकास संभव है। इसे विज्ञान ने भी प्रमाणित किया है। धार्मिक कर्मकांड में अधिकांश स्थानों पर पति-पत्नी का साथ होना अनिवार्य है। क्या धार्मिक कर्मकांड भी समलैंगिक विवाह के साथ बदल दिया जायेगा? भारत की अंतः शक्ति अध्यात्म और धर्म है तथा कर्मकांड उसके पालन का सामाजिक जीवन में व्यावहारिक और सरल माध्यम है। भारत में पैदा होने से लेकर मृत्यु तक के धार्मिक कर्मकांड हैं। क्या समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के साथ सारे कर्मकांड नये सिरे से लिखे जायेंगे और वे वाकई उद्देश्यों को पूरा करेंगे?

## जमशेदपुर की खबरें

# किशोरी नगर में श्रीश्री सार्वजनिक राधा गोविंद हरिनाम संकीर्तन शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत किशोरी नगर में मिलन संघ व बॉयज क्लब के ओर से 72 घंटा श्री श्री सार्वजनिक राधा गोविंद हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। हर वर्ष की तरह बड़ी ही श्रद्धा और भक्ति भाव से क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। शुक्रवार को गोविंद हरिनाम संकीर्तन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता महावीर मुर्मू व समाजसेवी इंद्रजीत घोष शामिल हुए। मौके पर उन्होंने पूजा अर्चना कर झारखंड राज्य में सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महाबीर मुर्मू ने कहा हरिनाम संकीर्तन से आसपास का क्षेत्र और मन पवित्र होता है। आज के परिवेश में भगवान का नाम घ्यान करना बहुत ही जरूरी है। वही हरि नाम संकीर्तन मे शामिल चिपड़ी टीकर इचागढ़, बहरागोड़ा के मौदा, वृंदावनपुर,पुरिसिल्ली डोबो और चमेडीह पटमदा के कीर्तन टीमों के द्वारा लगातार 72 घंटा हरिनाम कीर्तन किया जाएगा। इस अवसर पर मनोज तांती, संजय सिंह सरदार, चंदन पांडे, करण कालिंदी, बापी मालगोप, चंदन डे, गणेश रजक, राकेश पानी, ओमियो घोष, अंजान पत्रा, देवाशीष डे, मनोज कुशवाहा, लक्षण साहू, बिनोद रजक, तबलु सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पोटका में पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर विधायक संजीव सरदार ने दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पोटका।** ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118वीं जंयती पर पोटका के कासकोम स्टेडियम बाघमारा चौक में रूसिक आखाड़ा के द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित सभा में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक संजीव सरदार शामिल हुए। ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ा के साथ पारंपरिक विधि विधान के अनुसार विधायक का भव्य स्वागत किया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने ग्रामीणों के संग संयुक्त रूप से ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा ओल गुरु पंडित रघुनाथ मुर्मू का ही ओल चिकों लिपि का आविष्कार किया था। गुरू गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू के द्वारा 1925 ई0 में सर्व सुलभ लिपि ओल चिकी लिपि आदिवासियों के बीच में प्रकाशित किया था। आविष्कार के 71 वर्ष बाद भारत सरकार ने 8 वीं अनुसूचि में शामिल किया। पंडित रघुनाथ मुर्मू ने अपने जीवनकाल में कई नाटक कविता और कहानी लिखे थे। जो आदिवासियों के उत्थान में मील का पत्थर साबित हो रहा है। वह न केवल लेखक बल्कि विचारक, समाज सुधारक, आविष्कारक और दूरदृष्टि मेन के नाम से जाने जाते थे। मौके पर विधायक ने समाज के लोगों से उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की अपील की। इस अवसर पर झारखंड आंदोलकारी नेता रोड़ेया सोरेन, तरफ परगाना हरिपद मुर्मू, ग्राम प्रधान दसमात मुर्मू, पोटका प्रखंड झामुमो अध्यक्ष सुधीर सोरेन, आंदोलनकारी नेता भोग्लू टुडू, जिला संगठन सचिव विद्या सागर दास सहित क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।

# विधायक मंगल कालिंदी ने किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगशालाई विधानसभा स्थित पूर्वी घोड़ाबांधा पंचायत के कुम्पूटा बस्ती में पुराने ट्रांसफार्मर से लोड नहीं लेने पर स्थानीय लोगों की परेशानी बढ़ने लगी थी। स्थानीय लोगों ने समस्या के समाधान के लिए विधायक मंगल कालिंदी से संपर्क किया। विधायक ने संज्ञान में लेते हुए 3 दिनों के अंदर नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया।शुक्रवार को विधायक के द्वारा 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कर स्थानीय लोगों की समस्या का समाधान निकाला गया। मौके पर विधायक ने कहा 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लग जाने से लोगों को बिजली के समस्या से निजाद मिलेगी। उन्होंने बताया जुगसलाई विधानसभा के सभी क्षेत्रों में विकास तेजी से हो रहा है। लोगों की वर्षों पुरानी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा जहां भी ट्रांसफार्मर की जरूरत होगी स्थानीय लोग सीधे संपर्क करें या कार्यालय में सूचना दे। जरूरत के मुताबिक उपलब्ध कराया जाएगा।.मौके पर गुंजन कर्मकार, विश्वनाथ कर्मकार, जयराम महतो,राजत प्रसाद, विक्रम सिंह,बिनीत जयसवाल, संजय दास, सुनील गोराई, लाल कर्मकर, सुनील कर्मकर, बोम कर्मकर, अजीत कर्मकार, मिथु बोस, कैसाब बनर्जी, तरुण देय, मोनू, तुषार देय, नीलेश, देबजानी रॉय, सुशीन रॉय मिथिलेश घोष सहित क्षेत्र के स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती पर सांसद विद्युत वरण महतो ने किया माल्यार्पण



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा स्थित देवघर पंचायत के पंडित रघुनाथ मुर्मू क्लब में संथाली साहित्य के साहित्यकार व ओलचिकी लिपि के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की जयंती मनायी गयी। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। मौके पर सांसद ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ उनके चित्र पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सांसद श्री महतो ने कहा पंडित रघुनाथ मुर्मू ने समाज को सही मार्ग पर चलना सिखाया। उन्होंने ही ओलचिकी भाषा को बढ़ावा दिया गया था। समाज के लोगों को एकत्रित होकर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सानंद प्रधान,रमेश तंतुबाई,अर्जुन सोरेन, रामकृष्ण सोरेन, विधान सोरेन,विकास सोरेन, पीथो सोरेन,अजय दास, प्रेमनाथ सिंह,सुनील हेंब्रम,कार्तिक महतो उपस्थित रहे।

### हो समाज महासभा ने मनायी पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118वीं जयंती

# पंडित मुर्मू ने आदिवासी समाज को नयी दिशा दी : लाल सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**खरसावां।** जनजातीय कला संस्कृति भवन खरसावां में आदिवासी हो समाज महासभा के प्रखंड इकाई के द्वारा संथाली ओलचिकी लिपि के आविष्कार ओलगुरू पंडित रघुनाथ मुर्मू की 118 वीं जयंती मनाया गया। शुक्रवार को समाज के लोगों ने बारी बारी से पारंपरिक विधि विधान के तहत पूजा अर्चना कर उनके चित्र पर पुष्प देकर श्रद्धा सुमन अर्पित की। साथ ही उनके अधुरे सपने को पूरा करने का संक्लप लिया।

मौके पर आदिवासी हो समाज महासभा के केन्द्रीय सदस्य लाल सिंह सोय ने कहा आदिवासी समाज को नयी दिशा देने का काम पंडित रघुनाथ मुर्मे ने किया है। संथाली भाषा एवं संथाली समाज तथा सांथाली साहित्य के प्रति पंडित रघुनाथ मुर्मू का अवदान सर्वविदित है। सांथाली लिपि एक वैज्ञानिक आधारित लिपि की मान्यता पा चुकी है।

पंडित रघुनाथ मुर्मू ने ओलचिकी लिपि का आविष्कार वर्ष 1925 में किया था। उनका जन्म 5 मई 1905 को ओड़िशा राज्य के मयूरभंज जिला स्थित डाहरडीह डाड़बुस ग्राम में हुआ था। उनका सपना था भारत के हर स्कूल-कॉलेज में संताली भाषा की पढ़ाई हो। संताली भाषा को भी अन्य भाषा के साथ उचित स्थान व मान-सम्मान मिले।

# डोबो में खुला जदयू का प्रांतीय कार्यालय

## पार्टी के नीति और सिद्धांतों से प्रभावित होकर युवाओं ने सदस्यता ली

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** झारखंड में लोकसभा व विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड के द्वारा डोबो में प्रांतीय कार्यलय के लिए उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह व पार्टी के वरिय नेतागण की उपस्थित रहे। अतिथियों के द्वारा फीता काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र पासवान के नेतृत्व मे सैकड़ो युवाओ ने पार्टी के नीति सिध्दांतो से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा जिलाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्मल सिंह ने कहा बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नितीश कुमार नाम ही नही उनके एक विचार व सोच जनता के प्रति समर्पित है। झारखंड में जनता दल यूनाइटेड युवाओ के लिए एक अभियान चला रही है। ताकि युवा आगे आकर पार्टी से जुड़े और अपनी समस्याओं का समाधान निकाल सके। वीरेंद्र पासवान ने कहा पार्टी के निती सिद्धांतो से प्रेरित होकर पार्टी के द्वारा दी गयी जिम्मेवारी का निर्वहन कर रहे है। झारखंड की जनता के लिए जदयू एक विकल्प के रूप में जनता के समर्थन के लिए खड़ा है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नीति व सिद्धांत के साथ जनता जोड़ रही है। इस अवसर पर महासचिव संजय ठाकुर, अंजली सिंह, कौशल सिंह, सचिव रौशन शर्मा, प्रितेश्वर दुबे, अजय कुमार,जिलाध्यक्ष विश्राम प्रसाद, कौशलेंद्र कुमार, बृजमोहन सिंह, कमल चौबे सहित अन्य शामिल रहे।

# दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव धूमधाम से संपन्न

## कई दिग्गज कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का खूब मनोरंजन किया, मंत्री मिथिलेश ठाकुर और डीसी ने कलाकारों को किया सम्मानित









आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर महोत्सव धूम धाम के साथ संपन्न हो गया। स्थानीय गोसाई बाग मैदान में दो दिनों तक चले इस राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के दूसरे एवं अंतिम दिन गुरुवार की शाम को संगीत संध्या में बालीवुड और इंडियन आइडल के कलाकारों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रोताओं से खचाखच भरे गोंसाई बाग के मैदान में, जिला प्रशासन, उनके परिजन, वीवीआइपी एवं आम दर्शक गायकों के एक एक सुर पर रोमांचित नजर आये। इस मौके पर मुख्य रूप से सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर मौजूद थे। इस दौरान देश के एक से बढ़कर एक धुरंधर कलाकारों द्वारा बेहतरीन प्रस्तुति से लोगों को मनोरंजित किया गया। इनमें छाऊ नृत्य के जाने-माने कलाकार प्रभात कुमार महतो एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुति दी गई। जिसके पश्चात मशहूर गायिका मैथिली ठाकुर द्वारा लाइव परफॉरमेंस दिया गया। उन्होंने तेरे बांके बिहारी लाल.. तू ना कर इतना सिंगार नजर तोहे लग जायेगी। लाल मेरी पत रखियो भला झूलेलाल.. दमा दम मस्त कलंदर सखी शाहबाज कलंदर सहित एक से बढ़कर एक भजन एवं अन्य गाने गाये, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। मौके पर मंत्री द्वारा मैथिली ठाकुर को स्मृति चिंह भेंट कर उनकी गायकी की प्रशंसा करते हुए सम्मनित किया। इस दौरान उपायुक्त गढ़वा, शेखर जमुआर समेत अन्य मंच पर मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं महोत्सव में लोगों का पूरी तरह से मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए हास्य कलाकार विजय ईश्वर लाल पवार उर्फ वीआइपी ने भी अपने प्रस्तुति से लोगों को खूब हंसाया। उन्होंने देश विदेश के दिग्गज कलाकारों का मिमिक्री कर लोगों को खूब हंसा कर लोटपोट कर दिया। प्रस्तुति के पश्चात महोत्सव में उपस्थित उपायुक्त पलामू, आंजनेयुलू दोड्डे ने हास्य कलाकार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इसके अलावा गायक रजत आनंद ने भी बेहतरीन गाना गाया, जिन्हें उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय द्वारा स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में मशहूर गायिका पूजा चटर्जी ने भी अपनी जबरदस्त प्रस्तुति दिखाकर श्रोताओं को झूमने पर विवश कर दिया। उन्होंने खाइ के पान बनारस वाला खुल जाये बंद अकल का ताला.. कनवा में सोहे बाली जूड़ा पर लगा के जाली चाल चले ली मतवाली बगल वाली जान मारेली.. सात समुंदर पार मैं तेरे पीछे-पीछे आ गई सहित एक से बढ़कर एक गाने गाये एवं लोगों का खूब मनोरंजन किया। प्रस्तुति के पश्चात मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, संतोष आनंद प्रसाद द्वारा सिंगर पूजा चटर्जी को स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। महोत्सव में लोक गायक कल्पना पटवारी ने कल बेली भिजला तिवइया हो उगी हे दीनानाथ .. कटलो से कटे ना समईया हो उगी हे दीनानाथ भी एक से बढ़कर एक बेहतरीन गाने गाये, जिसे लोगों ने काफी पसंद किया। पूरे कार्यक्रम में एंकर सोनाली शर्मा द्वारा बेहतरीन ढंग से मंच का संचालन किया गया। प्रस्तुति के पश्चात अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रामनारायण सिंह एवं अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार द्वारा गायिका कल्पना पटवारी एवं एंकर सोनाली शर्मा को सम्मानित किया गया।

**इस दौरान इनकी रही मौजूदगी:** इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर मुख्य रूप से मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष आनंद प्रसाद, उपायुक्त पलामू आंजनेयुलू दोड्डे, उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्त्ता पंकज कुमार सिंह, निदेशक डीआरडीए, दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी समेत जिला एवं विभिन्न प्रखंडों से आये जन प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन की टीम को श्रेय दिया

कार्यक्रम के अंत में डीडीसी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ महोत्सव के समापन की घोषणा की गइ। साथ हीं उपायुक्त ने महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता, पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार एवं एसडीपीओ श्री बंशीधर नगर प्रमोद कुमार केशरी समेत पूरे जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम को श्रेय दिया।

# बिजली पोल से गिर कर श्रमिक की मौत, मुआवजे की मांग



**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के सोहवरिया गांव के एक श्रमिक की मौत गुरुवार को रांची रिम्स में ले जाने के क्रम में रास्ते में हो गई। मृतक शंभू चौधरी 42 वर्ष का पुत्र सूर्य देव चौधरी ने शुक्रवार को मेराल थाना में आवेदन देकर अपने पिता की मौत के लिए जिम्मेदार टाटा कंपनी को ठहराते हुए प्राथमिकी दर्ज कर मुआवजे की मांग की है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि गांव के ही अन्य 3-4 लोगों के साथ मेरे पिताजी गुरुवार को टाटा कंपनी में इंजीनियर राहुल के माध्यम से कुंडी कमता में विद्युतीकरण का काम पोल पर चढ़कर कर रहे थे इसी दरमियान वे अचानक पोल से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां गंभीर अवस्था को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें रांची रिम्स के लिए रेफर कर दिया। रांची ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अन्तपरीक्षण के बाद शव घर पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। परिजनों के चित्कार से पूरा गांव गमगीन हो गया। शंभू चौधरी मिलनसार तथा हंसमुख व्यक्ति थे। उनका अंतिम संस्कार आज स्थानीय श्मशान घाट पर किया गया।

## टीवी मरीजों को दिया पौष्टिक आहार

**गढवा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय के सदर अस्पताल प्रांगण में जिला यक्ष्मा केंद्र के द्वारा 43 टीबी मरीजों के बीच फूड बास्केट के रूप में पौष्टिक खाद्य पदार्थ का वितरण किया गया। फूड बास्केट ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेहला के सी एस आर के द्वारा उपलब्ध कराया गया। टीबी मुक्त बनाने की दिशा में यह एक सकारात्मक पहल है। यह फूड बास्केट किसी भी संस्था, व्यक्ति, आदि के द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर दिया जा सकता है। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ कमलेश कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पौष्टिक खाद्य सामग्री देने से मरीजों के ठीक होने की दर बढ़ेगी।

# प्रत्येक गांव में उपलब्ध होगी आवागमन की सुविधा: मंत्री

## चिनिया में तीन करोड़, 26 लाख की लागत से बनेगा पुल, सरकार ने दी स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा जिला अंतर्गत चिनिया प्रखंड के खुर्री पंचायत में तीन करोड़, 26 लाख रुपए की लागत से पुल का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनने वाले इस पुल की ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। खुर्री एवं नक्सीली गांव के बीच कांके नदी पर इस पुल निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि यथा शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य आरंभ कर दिया जायेगा।

जल्द ही ग्रामीणों को वर्षों पुरानी आवागमन की इस समस्या से निजात मिल सकेगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि खुर्री एवं नक्सीली के बीच कांके नदी पर पुल निर्माण की मांग इस क्षेत्र के लोग वर्षों से करते आ रहे थे। पर शायद पूर्व के प्रतिनिधियों की प्राथमिकता में कुछ और ही था। अब उनकी मांग पूरी हुई है। इसका मुझे सुकून है। इस पुल के नहीं होने से रणपुरा के ग्रामीण बरसात के दिनों में अपने पंचायत सचिवालय तक भी नहीं पहुंच पाते थे। चिनिया के साथ-साथ रंका के निकटवर्ती इलाकों के लोगों को भी छत्तीसगढ़ जाने में भी काफी सुविधा होगी। गढ़वा वासियों के आशीर्वाद से उनके प्रयास में लगातार सफलता मिल रही है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा के सभी गांवों में बेहतर सड़क एवं आवश्यकतानुसार पूल-पुलिया का निर्माण कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र का कोई भी गांव या टोला बेहतर सड़क से वंचित नहीं रहेगा।



### ग्रामीणों की आस्था को मिलेगा मुकाम, छठ महापर्व से पूर्व पूर्ण होगा मंदिर का निर्माण : मिथिलेश ठाकुर

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती पोटमा लगमा गांव स्थित झाउल तालाब में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण किया जायेगा। तालाब के बीचो-बीच बहुत ही आकर्षक जलीय सूर्य मंदिर का निर्माण होगा। शुक्रवार को वैशाख पूर्णिमा के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। आसपास के करीब एक दर्जन गांव के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास एवं सहयोग से इस मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने झाउल तालाब में भगवान भास्कर की मंदिर निर्माण की मांग किया था। उन्होंने ग्रामीणों को यहां काफी भव्य एवं आकर्षक मंदिर निर्माण कराने का आश्वासन दिया था। आज इस का भूमि पूजन किया गया। अगले दिन से निर्बाध रूप से युद्ध स्तर पर मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की आस्था को मुकाम तक पहुंचाया जायेगा। तालाब के मध्य में भव्य एवं आकर्षक जलीय सूर्य मंदिर का निर्माण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी छठ महापर्व के पूर्व इस मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा जिला का यह अनोखा व अद्भुत सूर्य मंदिर होगा। साथ ही इस तालाब का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जायेगा। मंदिर तक पहुंचने के लिए जलीय पहुंच पथ (पुल) भी बनाया जायेगा। आसपास के लगमा, पोटमा, चिरौंजिया, खजूरी, बघौता, अकलवानी, अरंगी, सेमरटांड़ आदि दर्जनभर गांव के ग्रामीण व जनप्रतिनिधि इस कार्य में सहयोग कर रहे हैं। ग्रामीणों का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे संपूर्ण गढ़वा के विकास कार्य के साथ-साथ जन भावना एवं जनआस्था के कार्य को भी पूर्ण करने के लिए संकल्पित हैं। जहां भी मंदिर, छठ घाट आदि की आवश्यकता होती है, ग्रामीण मांग करते हैं। उसे भी वे हर संभव पूरा करने का प्रयास करते हैं।

## मंत्री के सौजन्य से युवा अध्यक्ष दीपक सोनी ने बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को किया 32 हजार का सहयोग

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के कंचनपुर गांव निवासी गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति अवध राम को झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से रंका प्रखंड युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने बतीस हजार रुपये का सहयोग किया है। बताते चलें कि अवध राम पिछले कई महीनों से बीमार चल रहे थे। इनके बीमारी के बारे में युवा सदस्य संतोष राम के द्वारा सहयोग करने की मांग किया गया था। जिसके आलोक में जानकारी मिलते ही इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों के सलाह पर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। रांची रिम्स में भर्ती होने के बाद डॉक्टरों ने खून की कमी बताया तो मंत्री जी के चालक के द्वारा एक यूनिट ब्लड दान किया गया। बावजूद इसके रिम्स के चिकित्सकों ने किसी दूसरे अस्पताल में इलाज कराने की सलाह दी। जिसमें गरीब व्यक्ति होने के कारण परिवार जनों के द्वारा मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जी से सहयोग करने की मांग की गई जिसके मद्देनजर रखते हुए मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर जी के सौजन्य से एवं युवा सदस्य संतोष राम के प्रयास से युवा अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के द्वारा बीमारी पिड़ित अवध राम के भाई रामकेश राम के खाते में बतीस हजार रुपये की सहयोग राशि भेजा गया है। ताकि बेहतर इलाज किया जा सके। इस बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति अवध राम के सहयोग प्रदान करने के लिए रंका अंबेडकर युवा क्लब एवं कंचनपुर लोगों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, दीपक कुमार सोनी एवं संतोष राम को बधाई देते हुए बहुत बहुत आभार व्यक्त किया है।

## महिला की सांप काटने से मौत

**बरडिहा (आजाद सिपाही)।** बरडिहा थाना क्षेत्र के लेभरी गांव निवासी लालू राम के लगभग 28 वर्षीय पत्नी अनीता देवी को सांप के काटने से मौत हो गई। परिजनों द्वारा बताया गया कि आज शुक्रवार की 5:30 घर के लिपाइ-पुताइ करने के लिए मिट्टी लेने गई हुई थी जो कि उसी के दौरान सांप ने दाहिने पैर में काट लिया। उसे झाड़-फूंक के लिए ले जाया गया जहां की स्थिति खराब होने पर अस्पताल ले जाया गया। जहां के गढ़वा जाने के रास्ते में उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद सब घर पहुंचे। मौत की खबर सुनते ही गांव में मातम छा गया।

## झामुमो ने महोत्सव के नाम पर चुनावी मंच बनाया, भाजपा नेताओं को कोसा: भाजपा



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। मिडिया को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी ने कहा कि झामुमो सरकार ने तानाशाही में बाबा बंशीधर का अपमान किया है। महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री विधायक ने मंच को झामुमो का चुनावी मंच बना दिया। उन्होंने कहा कि बाबा बंशीधर महोत्सव पुरी तरह से फेल रहा है। महोत्सव में मनोरंजन के लिए बाहरी कलाकार को बुलाया गया। जिसमें लाखों रुपए जिला प्रशासन ने खर्च किए जबकी स्थानीय कलाकारों को इससे भारी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने भोजपुरी मगही भाषा को झारखंड में स्थान नहीं दिया। फिर भोजपुरी मगही कलाकारों को बुलाकर नाच गाना क्यों कराया। यह दोहरी नीति का खेल नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव का मंच पर बाबा बंशीधर का तस्वीर भी नहीं लगाया गया। वहीं मंच पर मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक सिर्फ भाजपा का चर्चा करते रहे। देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि बाबा बंशीधर महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री मुख्यमंत्री राजनीति मंच बना दिया। महोत्सव में मंच से सिर्फ भाजपा का चर्चा किया गया। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार ने जनता के पैसे का दुरुपयोग कर झामुमो का प्रचार प्रसार का एक माध्यम बना दिया। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दूबे ने कहा कि जिला प्रशासन मंत्री के ईसारे पर तोता की तरह काम किया है। मंच पर मौजूद झामुमो मंत्री मुख्यमंत्री ने बाबा बंशीधर महोत्सव के बजाय भाजपा जनप्रतिनिधि का विरोध करने में समय लगाया। इससे यह साफ जाहिर होता है कि बंशीधर महोत्सव के नाम पर झामुमो मंत्री मिथलेश ठाकुर अपना प्रचार प्रसार करने में लगे हुए थे। लेकिन आम जनता इनकी चाल चरित्र को पूरी तरह से समझ चुकी है। महोत्सव के नाम पर आम जनता को परेशान किया गया। जगह जगह गाड़ी रोक दिया गया। इससे मरीज से लेकर शादी समारोह में आने जाने वाले लोग को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रेसवार्ता में भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, एसटी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामसकल कोरवा, अरविंद धर दुबे, अविनाश पासवान, विकास तिवारी, नवीन जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस ने प्रशिक्षणार्थियों के बीच कंप्यूटर से संबंधित कोर्स के प्रमाण पत्र का किया वितरण

# युवा अपनी ऊर्जा और ज्ञान को सही दिशा में लगायें : सीएस दुबे

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मझिआंव मुख्य पथ स्थित पुराने स्वास्थ्य केंद्र के समीप पोस्ट ऑफिस के बगल में न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस संस्थान में कंप्यूटर कोर्स से संबंधित सर्टिफिकेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य सह मंझिआव बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व एनडीए प्रत्याशी सीएस दुबे एवं एकलव्य कोचिंग के डायरेक्टर विकास सर सहित पत्रकार गण शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान कम्प्यूटर प्रशिक्षणार्थियों के बीच मुख्य अतिथियों के द्वारा प्रमाण पत्र भी साथ मेडल, शील्ड देकर सम्मानित किया गया। जिसमे प्रथम स्थान बकोईया निवासी सौम्या पांडे, और द्वितीय स्थान



छोटकी मंझिआंव निवासी सोनम पाठक प्राप्त की।कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि सीएस दुबे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सच है कि युवा बदलाव के वाहक होते हैं। इतिहास गवाह है कि युवा जिस और कदम बढ़ाया, उस और परिवर्तन निश्चित रूप से हुआ। युवाओं में असीम शक्ति एवं कार्यक्षमता होती है। यदि युवा सकारात्मक सोच के साथ अपनी शक्ति और ज्ञान को सही दिशा में लगाएंगे तो उसका परिणाम सकारात्मक होगा। युवाओं को चाहिए कि अपनी ऊर्जा व कार्यक्षमता को सही दिशा में लगाएं ताकि देश एवं समाज का अपेक्षित विकास हो सके। वहीं बतौर मुख्य अतिथि विकास सर ने कम्प्यूटर प्रशिक्षणाथीयों को बताया कि वर्तमान समय - तकनीक एवं कम्पटीशन का है और ऐसे में युवाओं को तकनीकी शिक्षा की अत्यंत आवश्यकता है। बदलते दौर में अपने आप को स्थापित करने के लिए तकनीकी ज्ञान सकारात्मक सोच को विकसित करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान जो तकनीकी शिक्षा मिली है उसका सदुपयोग समाज एवं देशहित में सृजनात्मक कार्यों में करें और अपना सफलता हासिल करे। वहीं न्यूटन कंप्यूटर क्लासेस के डायरेक्टर अमित कुमार मेहता ने कहा कि अब आप सभी छात्र छात्राएं कंप्यूटर शिक्षा के बाद तकनीकी ज्ञान से लैस हैं और अब कम्पटीशन फाइट कर अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए मेहनत करें और जीवन के लक्ष्य को निर्धारित कर उसे हासिल करने की दिशा में मेहनत करें, सफलता जरूर मिलेगी। क्योंकि ईमानदारी के साथ सही दिशा में किया गया प्रयास और ज्ञान कभी बेकार नहीं जाता।

### प्रमाण पत्र प्राप्त करनेवालों में ये थे शामिल

वहीं कंप्यूटर कोर्स प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं में विभा कुमारी, कोमल कुमारी, ज्योति कुमारी, जूही कुमारी, अनामिका कुमारी, कविता कुमारी, सिमरन कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, रजनीकांत पासवान, सुफियान खान, राजकुमार मेहता, तस्लीम अंसारी, राकेश कुमार, मुजाहिद खान, रूपांजलि कुमारी, श्रुति कुमारी, शशिकांत सिंह, कौशल कुमार सिंह, अंकेश कुमार, रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, आयुष कुमार विश्वकर्मा, राहुल कुमार, शोएब अंसारी, रूपा कुमारी, प्रेरणा कुमारी सहित अन्य छात्र शामिल थे।

## सूर्य मंदिर निर्माण समिति का गठन, मंत्री को बनाया गया मुख्य संरक्षक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पोटमा गांव स्थित झाउल तालाब में सूर्य मंदिर निर्माण का भूमि पूजन के मौके पर सर्वसम्मति से सूर्य मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। इसमें गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को मुख्य संरक्षक, गोविंद उवि के पूर्व प्राचार्य सुरेंद्र तिवारी को संरक्षक बनाया गया है। जबकि त्रिपुरारी कुमार पांडेय को अध्यक्ष, विनोद कुमार तिवारी को उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार तिवारी को सचिव, ओम प्रकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष, शशिकांत पांडेय को उप कोषाध्यक्ष, संजय कुमार सोनी को उपसचिव बनाया गया है। साथ ही कोरवाडीह पंचायत के मुखिया शरीफ अंसारी, खजूरी मुखिया श्रीकांत दुबे, मिथिलेश तिवारी, कौशल कुमार पांडेय, धनवंत प्रसाद गुप्ता, मनोज प्रसाद गुप्ता, अनंत प्रसाद गुप्ता, बुद्धि नारायण प्रसाद एवं अमित सिंह को संयोजक बनाया गया है।

## कुड़ू में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का भाजपाइयों ने किया जोरदार स्वागत

कुड़ू-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी का लातेहार से सड़क मार्ग से रांची जाने के क्रम में शुक्रवार 5 मई को प्रखंड अध्यक्ष सुदामा प्रसाद के नेतृत्व में प्रखंड के कार्यकर्ताओं ने जिला उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू के आवास पर पुष्पगुच्छ तथा फूल माला से भव्य स्वागत किया। उनके साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण कुमार सिंह भी थे। मौके पर सुदामा प्रसाद ने कार्यकर्ताओं का परिचय कराया। श्री मरांडी ने प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं का आभार स्वीकार किया। स्वागत करने वालों में धीरज प्रसाद, नवीन, राजू रजक, अमितू, शशि साहू, वरुण बैठा आदि शामिल थे।

## वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं बुझा पा रही है प्यास

सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय से महज तीन किलोमीटर में स्थित अरु पंचायत के अरु बांध टोली में इन दिनों पानी की किल्लत दिख रहा है। अरु बांध टोली में 35 घरों को पानी की सुविधा मिलने वाला नल जल योजना विगत 2 महीनों से ठनका गिरने से बंद पड़ा है। इसपर स्थानीय लोग वार्ड से लेकर मुखिया तक को मौखिक रूप से बोलकर बनाने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। तब जाकर लोगों के द्वारा आधा किलो मीटर दूर से भिलियस मशीन चलाकर पाइप से नल जल में लगा टँकी में पानी भरकर नहाने खाने के उपयोग में ला रहे हैं। जबकि ग्रामीणों सबीना खातून नूरजहाँ खातून मकिना खातून रूबेना खातून गुलसन अनिजा अफसरी खातून का कहना है कि यह पानी पीने योग्य भी नहीं हैं लेकिन मजबूरी में इसका सेवन करना पड़ रहा है।

## एकमुश्त समाधान योजना और मासिक राजस्व संग्रहण के लिए शिविर आयोजित

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। एकमुश्त समाधन योजना और मासिक राजस्व संग्रहन हेतु बिजलीं ऑफिस में शुक्रवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस सम्बंध में विद्युत कनीय अभियंता विकास महतो ने बताया कि झारखंड सरकार ने बिजली के बकाया बिलों के भुगतान के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू की है। दरअसल काफी दिन तक बिजली के बिलों का भुगतान नहीं करने के कारण उसपर लगने वाले ब्याज की राशि लगातार बढ़ती जा रही थी। जिसकी वजह से बोझ लगातार बढ़ता जा रहा था। ऐसे में कई लोग ऐसे भी थे, जो इस बिजली को भरने में असमर्थ थे। बिजली बिल समय से नहीं भरने के कारण उसपर ब्याज लगने की वजह से बिजली का बिल ज्यादा हो गया था। जिसकी शिकायत भी ग्रामीण कर रहे थे। इसी को ध्यान में रखकर एकमुश्त समाधान योजना लागू की गयी है। जो अब जल्द ही समाप्त होने वाली है। इस अवधि तक तक अगर बिल का भुगतान नहीं किया गया तो उसके बाद बकायेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

**क्या है एक मुश्त योजना**

एकमुश्त समाधान योजना के तहत ग्राहकों को 04 मई 2023 तक के बकाया बिलों पर लगने वाले ब्याज को माफ किया गया है। अगर ग्राहक 31 मई 2023 तक के बाकी बिलों को एक साथ जमा करवाते हैं। तो इसपर लगने वाला ब्याज माफ हो जायेगा।

## सेन्हा के जंगलों में हाथी के आगमन पर किसानों के बीच भय, वन विभाग मौन

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। वन विभाग को सूचना के बाबजूद मौन है। सेन्हा प्रखंड अन्तर्गत अलौदी पंचायत क्षेत्र के धरधरिया जलप्रपात के समीप उरु चटकपुर ग्राम के समीप एक जंगली हाथी लगभग 20 दिन से डेरा जमाये हुये है। जो किसानों का फसल को आये दिन नष्ट करने में कोई कसर नही छोड़ रहा है। वहीं सुदूरवर्ती जंगली क्षेत्र में किसान वर्ग के लोग बड़े पैमाने पर टमाटर फसल की बुआई किये है। जिसे हाथी रौंद रहा है। शाम ढलने से पूर्व सभी अपने अपने खेत से घर चले आते हैं। किसान रामप्रसाद महतो, धनी उरांव, विशु उरांव, उमेश भगत, शंकर उरांव, रोपा अशूर, रामचन्द्र उरांव इत्यादि ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में नित्यदिन हाथी के अगमन से हमलोगों का फसल काफी नष्ट हो रहा है। इससे पूर्व खलिहान में रखा गेंहू का फसल को भी काफी नष्ट को दिया है। किसानों ने पत्रकार को बताते हुए वन विभाग से सहयोग का उम्मीद जताया है।

### डीसी और एसपी करेंगे भारत स्काउट और गाइड के बच्चों को रवाना

# नेतरहाट में आयोजित ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम आज से

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** भारत स्काउट और गाइड जिला कमिटी से जुड़े रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड के विद्यार्थी 6 मई से लेकर 10 मई तक नेतरहाट में आयोजित ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होंगे। सभी विद्यार्थियों के लिए नेतरहाट में रहने और अन्य व्यवस्थाएं करने का कार्य किया गया है। भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में राज्य भर करीब 800 सौ रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड शामिल होंगे। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को प्रतिदिन उपयोग के समान के साथ साथ स्कार्फ,वगल, जींस टीशर्ट, ट्रैक शूट, जूता, ग्लूकोज,थाली,ग्लास, बिछावन, लाठी, पांच मीटर सूत की रस्सी लेकर अपने साथ शामिल होना है। जिला सचिव शैलेन्द्र कुमार सुमन ने कहा की स्काउटिंग का मूल प्रशिक्षण आउटिंग में ही है, ऐसे में प्रतिवर्ष भारत स्काउट और गाइड झारखंड राज्य के द्वारा विभिन्न इलाकों में ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है, जहां शामिल विद्यार्थियों को नेचर स्टडी कराने के अलावे जीवन को विकट परिस्थितियों में संभाल कर रखने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। लोहरदगा डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी आर रामकुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुनंदा चंद्रमोलेश्वर दास, जिला शिक्षा अधीक्षक अपरूपा पॉल चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं। ट्रैकिंग सह नेचर स्टडी कार्यक्रम में मुख्यालय आयुक्त सह जिला संगठन आयुक्त गौतम लेनिन, मुमताज अहमद, पारस कुमार साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट और गाइड शिक्षक कार्यक्रम में शामिल होंगे। पूरे कार्यक्रम में डीएफओ अरविन्द कुमार के द्वारा स्काउट और गाइड बच्चों और शिक्षकों के लिए कई सुविधाएं प्रदान करने की दिशा में कार्य किया है, सभी रोंवर रेंजर और स्काउट गाइड 6 मई दिन शनिवार को सुबह 08.45 बजे साइडिंग बस स्टैंड से डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और एसपी आर रामकुमार हरी झंडी दिखाकर नेतरहाट के लिए रवाना करेंगे।

## ग्रामीणों ने पीएम आवास के तहत मनरेगा का पैसा मिलने वाले पर लगाया गबन करने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** जिले में इन दिनों मनरेगा घोटाला का मामला आए दिन प्रकाश में आ रहा है इसी कड़ी में लातेहार सदर प्रखंड के सांसग पंचायत के समीप तुरी टोला ग्राम में बिना लाभुक के जनकारी के बिना ही बिचौलिया के द्वारा पीएम आवास के तहत मिलने वाले मनरेगा का पैसा का घोटाला करने का मामला प्रकाश में आया है। यह जानकारी तुरी टोला ग्राम निवासी बुधन तुरी, निंकु तुरी, कमलेश तुरी, भोला तुरी विनोद तुरी, दिलीप तुरी, सोना देवी, गजेंद्र तुरी ने दी। उन्होंने इस समस्या को लेकर पंचायत समिति नसबुलेन आलम को अवगत कराया और उन्होने पंचायत समिति को लिखित आवेदन देते हुए कहा कि 2022 -23 में हम लोगों के नाम प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत किया गया था। आवास स्वीकृत होने के तुरंत बाद ही हम लोगों ने आवास का निर्माण का कार्य चालू कर दिया। आवास का निर्माण कार्य भी पुरा हो गया लेकिन लेकिन एक वर्ष बीत गए फिर भी मिलने वाले मनरेगा का पैसा अब तक हम लोगों को नहीं दिया गया है। आगे उन्होंने ने पैसा रिकवरी कराने की मांग की है। वहीं पंचायत समिति आलम ने कहा कि इस तरह का घटना पंचायत में बहुत ही शर्मनाक है। ऐसे करने वाले बिचौलियों का जांच कर इन लोगों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस बात का जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी लेकर जिला उपायुक्त तक इस समस्या को रखूंगा। आगे उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23 का मनरेगा से संबंधित जितने भी योजना पंचायत में कराये गये हैं सभी योजनाओं का उच्च स्तरीय जांच कर जो बिना काम किये पैसा का निकासी किया गया ऐसे लोगों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रखंड कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय तक बात रखेंगे। जितना जल्दी हो सकेगा पीएम आवास का पैसा बिचौलियों के द्वारा निकाला गया उसका रिकभरी कराऊंगा।

**क्या कहते हैं मुखिया प्रतिनिधि:**

मंगल देव उराव ने कहा कि यह जो मामला आया है उस वक्त मैं कार्यकाल में नहीं था और मेरे कार्यकाल से पहले का मामला यह है।

## प्रखंड के करीब सभी पंचायतों मे जल नल योजना फेल

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। बालूमाथ में गर्मी बढ़ने के साथ ही प्रखंड क्षेत्र में जल संकट गहराने लगा है। आम लोगों में पेयजल की चिंता बढ़ गयी है। प्रखंड क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में गाड़े गये अधिकांश चापानल तथा सोलर जलमीनार छोटी-छोटी खराबी के कारण बेकार पड़ गयी है। इस प्रचंड गर्मी के दिनों में पानी भू-जलस्तर में गिरावट से चापाकल सूखते जा रहे हैं, मोटर भी हांफ रहे हैं। बालूमाथ के ग्रामीण इलाके के अधिकांश गांवों में चापाकल के सूख जाने से जल संकट गहराने लगा है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है, पानी की चिता लोगों को सताने लगती है। ग्रामीण इलाकों में भी डिब्बा बंद जल का कारोबार काफी बढ़ गया है। जबकि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को प्रतिदिन जरूरत के अनुसार पानी खरीदना मुश्किल हो गया है।अकेले बालूमाथ में जितने भी मुखिया फंड के 14वां वित्त से जलमीनार लगाये गये थे। वह पिछले एक वर्ष से खराब पड़ी है। ग्रामीण शिकायत कर-करके थक गये। परंतु अधिकारी और जनप्रितिनिधियों और पंचायत सचिव को सिर्फ और सिर्फ एक ही मिशन वह है कमिशन।

## सेन्हा में परिवार कल्याण जागरूकता रथ रवाना



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में परिवार कल्याण जागरूकता रथ को चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वधान में आयोजित किया गया है। जिसके माध्यम से परिवार नियंत्रण और कम उम्र में विवाह से होने वाली समस्याओं को लेकर जगरुक किया जा रहा है। पूरे प्रखंड क्षेत्र में प्रचार रथ के माध्यम ग्रामीण को परिवार कल्याण हेतु बताये गये मार्गदर्शन को अमल करने का अपील किया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी दिव्या निशि ने परिवार कल्याण योजना से लाभ और नियंत्रण नही होने पर होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डालते हुये कहा कि कम उम्र में विवाह होने से जच्चा बच्चा पर बुरा असर पड़ता है। भविष्य में उन बच्चों को और माता को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जनसंख्या नियंत्रण पर प्रकाश डालते हुये कहा कि हम दो हमारे दो अभियान को पालन करने वाले को सरकारी लाभ एवं बच्चों को उच्च शिक्षा स्तर तक लाभ मिलता है। साथ ही परिवार कल्याण को लेकर विभिन्न बिंदुओं से लोगो को ध्यान आकृष्ट कराते हुए सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेने का सुझाव दिया गया।

## ठोस और तरल कचरा को कुड़ादान में ही डालें इधर-उधर ना फेंकें: खालिक अंसारी




कैरो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम पंचायत नरौली में जिला जल और स्वच्छता मिशन प्रकल्प लोहरदगा, उपायुक्त महोदय लोहरदगा, के आदेशानुसार, स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता रैली निकाली गयी, जिसमें नरौली जलसाहिया साबिया खातून ने कहा कि ठोस और तरल कचरा को कुड़ादान मे ही डाले इधर उधर ना फेंके, शौचालय का उपयोग जरूर करे और साफ सुथरा रखें। इस अभियान में प्रखंड समन्वयक खालिक अंसारी ने कहा कि आजकल हम लोग के गांव घर में बहुत से कचरा कहीं कहीं दिखता है जिससे बरसात आने के बाद वही पानी में जम जायेगा कोई जगह गड्ढा में उसके बाद उससे कीड़ा पैदा होगा और आदमी को उससे नुकसान होगा इसलिए आप लोग सभी को कचरा को कूड़ेदान में ही डालें और कुआं में ब्लीचिंग पाउडर डालें और तालाब के आसपास गंदगी ना फैलाएं जिससे बीमारी से बचा जा सके जलसाहिया साबिया खातून, पंचायत प्रतिनिधि अनवर अंसारी, बंधु उंराव सेविका अंजू कुमारी, मनोरमा एक्का, राजमनी उंराव पूनम देवी स्कूल के शिक्षक और स्कूल के बच्चे काफी संख्या में उपस्थित हुए।

## स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय स्थित आवासीय कस्तूरबा छात्रावास में चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन के निर्देश पर महिला चिकित्सक अनुपमा एक्का के नेतृत्व में टीम गठित कर स्वास्थ्य जांच किया गया।चिकित्सकीय टीम के द्वारा आवासीय कस्तूरबा बालिका विद्यालय पहुंचकर स्वास्थ्य जांच किया गया। स्वास्थ्य जांच टीम का अनुपमा एक्का और एमपीडब्ल्यू युवराज विक्रम सिंह कर रहे थे।स्वास्थ्य कर्मी अरुण कुमार के द्वार परिसर में सभी छात्राओं का स्वास्थ्य जांच के उपरांत आवश्यक दवाई दिया गया। मौके पर मौजूद डॉ अनुपमा एक्का ने बताया कि जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक माह को स्वास्थ्य जांच करने का निर्देश दिया गया है निर्देश के आलोक में अस्पताल प्रभारी डॉ आशीष रंजन के द्वारा टीम गठित कर बरवाडीह मेदिनीनगर मुख्य पथ अवस्थित आवासीय कस्तूरबा विद्यालय के छात्राओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। विद्यालय के वार्डन रूबी कुमारी ने बताया कि छात्राओं के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा के मद्देनजर जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रत्येक माह स्वास्थ्य जांच किया जाने की आवश्यकता हेतू बरवाडीह समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के टीम द्वारा जांचोपरांत छात्राओं को आवश्यक दवाई दी गयी। जिससे छात्राएं बेहतर स्वास्थ्य का लाभ ले सुचारू रूप से पठन पाठन कर सके। इसके लिए उन्होंने मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह प्रत्येक माह मेडिकल टीम के द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य जांच किये जाने की आवश्यकता बतायी।

# बेरमो की खबरें

### झारखंड के राज्यपाल पहुंचे उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी

## सरकारी योजनाओं का लाभ लेकर ग्रामीण अपने जीवन स्तर में लायें सुधार: सीपी राधाकृष्णन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेरमो।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन नावाडीह प्रखंड के चपरी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पहुंच विद्यालय के बच्चों से मिले और उनसे बाते की। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में समारोह का आयोजन कर राज्यपाल का स्वागत किया गया। राजपाल के हाथों विभिन्न सरकारी योजनाओं (सावित्रीबाई फुले योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, राशन कार्ड आदि) के लाभुकों को चेक, राशन कार्ड आदि दिया। जिला प्रशासन के सहयोग से सीसीएल ढोरी के सीएसआर मद से 3 एएनएम मैरी हेंब्रम, राजेश्वरी कुमारी, गायत्री कुमारी को इलेक्ट्रिक स्कूटी दिया गया। राज्यपाल ने बच्चों के शौक को पूरा करते हुए उनके साथ काफी फोटो भी खिंचवाई।

राज्यपाल ने कहा कि भारत देश एक है और हम सभी उसके संतान हैं। हमे अपने देश से प्यार करना चाहिए। कहा कि इस सुदूर क्षेत्र के विद्यालय में आकर काफी खुशी हुई है। बहुत जगह देखा गया है कि सरकारी फंड का खर्च नहीं हो पाता है, परंतु यहां पर फंड का सही तरीके से इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने 3 एएनएम को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी का तारीफ करते हुए कहा कि अब यह एएनएम सुदूर क्षेत्र में भी जाकर लोगों की स्वास्थ्य की जांच कर सकती है। गर्भवती महिलाओं की जांच तथा सलाह दे सकती है। समय के हिसाब से हमें अपने आप को बदलने की जरूरत है। उसी के तहत आज सुदूर क्षेत्र में जाकर सेवाओं देने के लिए इन एएनएम को स्कूटी प्रदान की गयी है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चपरी के बारे में कहा कि यह स्कूल अभी आठवीं कक्षा तक है। इसे आगे 10वीं तक उसके उपरांत 12वीं तक किया जायेगा। इसके लिए बोकारो डीसी से जमीन और उपयोग होने वाले फंड के लिए वार्ता किया जायेगा। विद्यालय में नये भवन का निर्माण सहित और भी शिक्षकों की बहाली की जाएगी। यहां के बच्चे को उच्च शिक्षा के लिए दूसरी जगह ना जाना पड़े इसके लिए मैं अपने स्तर से काम करूंगा। इस स्कूल को आधुनिक तरीके से निर्माण कराया जाएगा और पढ़ाई की भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी जिससे कि स्कूल का नाम पूरे क्षेत्र में होगा। कहा कि हम सभी की दो मुख्य जिम्मेदारियां होती है। जिसमें बुजुर्गों और बच्चों का सही से परवरिश करना। पेंशन योजना का फायदा हर जरूरतमंद बुजुर्ग को लेना चाहिए। उज्जवला गैस योजना के तहत प्रत्येक घर में गैस होना चाहिए। जिनके पास जमीन नहीं है या पैसे की कमी है तथा आवास की दिक्कत है उनके लिए प्रधानमंत्री आवास योजना बनाई गई है, इसका जरूरतमंद लाभ उठाएं। सरकार के लिए जरूरतमंद लोगों के लिए कन्यादान योजना चलाई जा रही है इसका भी लाभ लेने का कार्य करे। जल जीवन योजना के तहत प्रत्येक घर में पीने का पानी का कनेक्शन पहुंचाया जाएगा। कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही इन सारी योजनाओं का उपयोग कर अपने जीवन स्तर को सुधारें। इस गांव को विकसित करने के लिए यहां के लोगों को एक साथ मिलकर चलना होगा। यहां के विकास के लिए आप सभी का साथ चाहिए।

बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय को आकर्षित बनाने के उद्देश्य राजपाल महोदय सुदूर क्षेत्र के विद्यालय में आने की इच्छा जाहिर की थी। जिसके तहत आज इस विद्यालय में पहुंचे हैं। इनका मुख्य उद्देश्य सभी जगह बिजली, पानी, शौचालय का व्यवस्था देखना तथा स्कूल की आधुनिकीकरण कर शिक्षा के स्तर में सुधार किया जाना है।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन की सुरक्षा की जिम्मेवारी बोकारो एसपी चंदन झा के नेतृत्व में जिले के तमाम थाने के पुलिस अधिकारी ने संभाला।

इस दौरान ग्रामीणों ने बिजली की समस्या पर राज्यपाल से बातें की। बताया कि ज्यादातर समय यहां बिजली नहीं रहती है।

मौके पर बोकारो डीडीसी कृति श्री सहित बोकारो जिले के तमाम प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## पत्रकार सह प्रोफेसर अजीत कुमार सिंह का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** तेनुघाट के पत्रकार सह प्रोफेसर अजीत कुमार सिंह का गुरुवार की रात निधन हो गया । इसे लेकर तेनुघाट के पत्रकार के द्वारा एक शोक सभा की गयी। शोक सभा को संबोधित करते हुए वरीय पत्रकार सह अधिवक्ता हरिशंकर प्रसाद ने कहा कि दिवंगत अजीत सिंह बहुत ही कुशल पत्रकार थे। पत्रकारिता जगत में उन्होंने काफी ख्याति प्राप्त की। बीती रात अचानक उनकी तबीयत खराब हो गयी। उन्हें बोकारो बीजीएच ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे लगभग 65 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैत्रिक स्थान रांची में उनके पुत्र के द्वारा किया गया। दिवंगत अजीत सिंह अपने पीछे पत्नी संगीता रानी, पुत्र अश्विनी भार्गव, पुत्री रुचि कुमारी सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। दिवंगत की भरपाई कर पाना काफी मुश्किल है। वे तेनुघाट डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर थे। उनकी पत्नी संगीता रानी तेनुघाट मध्य विद्यालय में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। लोगों ने उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की और दो मिनट का मौन धारण किया। शोक सभा में बिरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, शैलेश चंद्र, मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार, बैजनाथ शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। साथ ही पत्रकार संघ गोमिया ने सभा कर दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि दी। अध्यक्ष कुलदीप कुमार, सचिव अनंत कुमार, कोषाध्यक्ष राजकुमार और नागेश्वर, पंकज पांडेय, प्रशांत सिन्हा, जितेंद्र अग्रवाल, अनिल महतो, अमिताभ सिन्हा, बॉबी राज, संजय रवानी, रोशन प्रामाणिक, ओमकार नाथ मिश्रा, विजय साव, दीपक पासवान, जितेन्द्र कुमार ने श्रधांजलि दी।

वही उनके निधन पर तेनुघाट पंचायत की पूर्व मुखिया रेखा सिन्हा, मोहन प्रसाद श्रीवास्तव, तेज नारायण तिवारी, योगेंद्र पांडेय, सुजीत कुमार, दिनेश जयसवाल, रमेंद्र कुमार सिन्हा (निसु), वेंकट हरी विश्वनाथन, रतन कुमार सिन्हा, चंद्रिका यादव, अशोक यादव आदि ने भी शोक संवेदना प्रकट की।

## महावीर शामी की क्रांति पहुंची झुमरा पहाड़

चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)। माटी क्रांतिकारी के चित्रकारी महावीर शामी जी चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चुट्टे पंचायत के झूमरा पहाड़ के राजू प्रसाद महतो के विवाह में उनके घर पर शहीद निर्मल महतो, शहीद शक्ति महतो, बिरसा मुंडा, रघुनाथ महतो, सिद्धू कान्हु समेत झारखंड के वीर सपूतों के साथ झारखंडी सांस्कृतिक विरासत को पूरे झारखंड के 32640 गांवो में निशुल्क निस्वार्थ भाव से मेहनत कर चित्र के माध्यम से झारखंड की संस्कृति सभ्यता को बचाए रखने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में विष्णुगढ प्रखंड के बनासो मुखिया चंद्रशेखर पटेल और माही पटेल उन से मुलाकात हुई और रात बनासो रुके। साथ में महेंद्र प्रसाद महतो उर्फ माही ने अपने साथ उन्हें झुमरा पहाड़ चुट्टे तक साथ ले कर गये।

## ब्लूम साइंस ओलंपियाड की प्रतियोगिता में लोयला स्कूल के विद्यार्थी अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता

**आईईएल।** राष्ट्रीय स्तर पर ब्लूम साइंस ओलंपियाड द्वारा आयोजित ऑनलाईन प्रतियोगिता में बोकारो जिला के गोमिया स्थित लोयला इंग्लिश मीडियम स्कूल की छात्रा ने देश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी स्कूल से तीन अन्य छात्र और छात्राओं ने भी क्रमशः 16, 18 एवं 19 वां स्थान प्राप्त किया है। इस ओलंपियाड प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों के 15 सौ स्कूल के दो लाख छात्र एवं छात्राओं ने ऑनलाइन परीक्षा में शामिल हुए थे। उक्त ऑनलाइन परीक्षा 2023- 24 के सत्र के लिए आयोजित किया गया था। परीक्षा परिणाम आने के बाद लोयला इंग्लिश मीडियम प्लस टू हाई स्कूल गोमिया की सातवीं कक्षा की छात्रा जिया क्रिस्टीना हांसदा ने साइंस में देश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सातवीं की ही छात्रा लावण्या ने 16 वॉ, दसवीं के छात्र आशुतोष कुमार सिंह 17 वां स्थान एवं चौथी कक्षा की छात्रा स्मृति डे 19 वां स्थान प्राप्त किया है। देश स्तर पर इस मुकाम हासिल करने पर शुक्रवार को स्कूल परिसर में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद शामिल हुए। श्री प्रसाद ने देश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एवं अन्य विद्यार्थियों को मोमेंटो और प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के सुदूरवर्ती गोमिया क्षेत्र के विद्यार्थियों ने देश में पहला स्थान प्राप्त कर यह गौरव प्राप्त किया है। सम्मान समारोह में इस उपलब्धि के लिए स्कूल सचिव फादर सीरियक को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया बंटी उरांव, मुखिया अंशु कुमारी, पंसस हरि सिंह, लोयला उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर सुरेंद्र, इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्राचार्य सिस्टर अलीशा मुंजनी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# विक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म गैंग रेप की आशंका जतायी गयी

## दुष्कर्म का विरोध करने पर बदमाशों ने लड़की को पीट कर किया अधमरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में, एक विक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म की शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि तालाब के किनारे ले जाकर उक्त विक्षिप्त लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया। दुष्कर्म की घटना को बेहद दरिंदगी के साथ अंजाम दिया गया है। घटनास्थल में खून के धब्बे पाये जाने की पुष्टि हुई है। ग्रामीणों की मानें तो गांव ने ही एक युवक की शादी थी और इसी शादी के शोर शराबे का गलत फायदा किसी ने उठा लिया। पीड़िता के पिता का कहना है कि पीड़िता की मां एक युवक के शादी समारोह में भाग लेने गई थी जो देर रात तक शादी समारोह में ही थी। आशंका जतायी जा रही है कि रात्रि लगभग 11 बजे कई युवकों द्वारा पीड़िता के घर के दरवाजा को पीटा गया। संभवत देर रात पीड़िता खुद ही दरवाजा खोलकर बाहर निकली होगी। जिसके बाद वे लोग पीड़िता को बुरी नीयत से तालाब की तरफ ले गये होंगे। उसके बाद इस वहशियाना घटना को अंजाम दिया गया होगा।

### चेहरे पर काफी गंभीर चोट लगी है



घटना में पीड़ित लड़की के चेहरे पर कई बार वार किया गया है जिससे चेहरे पर काफी गंभीर चोट लगी है। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि दरिंदों ने किस हद तक पीड़िता पर शारीरिक अत्याचार किया है। पीड़िता को गांव के ही एक तालाब के पास ले जाकर दुष्कर्म किया गया। सुबह गांव के लोगों को इसकी जानकारी हुई। स्थिति को देखते हुए उसे ईलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

## महुआ पाठ पहाड़ से शव बरामद



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** थाना अंतर्गत मालम पंचायत के महुआ पाठ पहाड़ से शुक्रवार को पुलिस ने लगभग 25 वर्षीय एक युवक का सड़ा गला शव बरामद किया है। वहीं युवक के शव के पास से एक पेड़ में दुपट्टा लटका मिला, पुलिस के अनुसार युवक ने दुपट्टा के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की है। वहीं पास से एक काला रंग का बैग मिला है जिसमें एक लाल दुपट्टा, नेक बैंड एयरफोन व कुछ कपड़े मिले हैं वही शव के पैंट पॉकेट से पुलिस ने एक पर्स बरामद किया है जिसमें कुछ फोटोग्राफ मिले हैं पर शव इतना सड़ चुका है कि फोटो से मिलान करना संभव नहीं हो पा रहा है इसलिए फोटो किसकी है यह कहना मुश्किल है चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि युवक का शव लगभग 1 सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है मृतक युवक की उम्र लगभग 25 वर्ष है तथा वह ब्लू जींस पैंट एवं ब्लू चेक शर्ट पहने हुए हैं वही शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया गया है।

## प्रेमी जोड़े की शादी करायी



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर के संत जॉन कैथोलिक चर्च में गुरुवार की देर रात जेएसएलपीएस जेलर सीआरपी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रयास से प्रेमी जोड़े की शादी कराई गई। शादी पल्ली पुरोहित डीन फादर रजत एकता के द्वारा विधिवत रूप से कराई गई एवं रजिस्टर में नव वर-वधू एवं गवाहों का हस्ताक्षर लिया गया, इस संबंध में उप प्रमुख प्रमोद खलखो ने बताया कि लोरम्बा खड़िया टोली गांव निवासी 33 वर्षीय रोशन एक्का एवं शंखसेमर टोली निवासी सुमंती कुजूर लड़के के घर में ही लव इन रिलेशनशिप में पिछले 6 माह से रह रहे थे पर लड़के के परिजन इस रिश्ते से नाखुश थे और इस रिश्ते को समाप्त करना चाह रहे थे जब इस बात की सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ शिशिर कुमार सिंह को हुई तो उन्होंने जेएसएलपीएस की मदद से मामले की जांच की जिसके बाद जेएसएलपीएस जेलर सीआरपी ने स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, उपप्रमुख प्रमोद खलखो, छिछवानी पंचायत के मुखिया फुलदोर एक्का, वार्ड सदस्य सहित कई ग्रामीणों के साथ बैठक कर मामले का निपटारा करने का प्रयास किया गया जब बात नहीं बनी तो युवती स्मृति कुजुर ने अपने प्रेमी रोशन एकता एवं उनके कई परिजनों के खिलाफ थाना पहुंच गई जहां जनप्रतिनिधियों के काफी समझाने के बाद युवक और उसके परिवार वाले शादी के लिए राजी हो गए जिसके बाद आनन-फानन में तैयारी की गई और लगभग रात 10 बजे दोनों प्रेमी जोड़े का चर्च में विधि पूर्वक विवाह कराया गया उपस्थित लोगों ने वर-वधू को शुभकामनाएं दी।

## सोनिया को विष कन्या कहने वाले विधायक की रद्द की जाये विधायकी: रमेश कुमार चीनी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** कर्नाटक में विस चुनाव नजदीक आते ही राजनीतिक पार्टियों के बयान से बवाल खड़ा हो रहा है। जहां कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा मोदी को जहरीला सांस कहा जा रहा है वहीं बीजेपी एमएलए यतनाल ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को विष कन्या कह दिया है। सोनिया को विष कन्या कहने पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने प्रतिक्रिया दी है। कहा है कि जिस महिला के पति ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके मान सम्मान को क्षति पहुंचाकर विधायक ने अशोभनीय बात कही है। इसके लिए वे मांग करते है कि विधायक सोनिया गांधी से माफी मांगे और मोदी महिला का अपमान करने वाले विधायक को निष्काषित करें। उन्होंने कहा कि खड़गे मोदी पर दिए बयान पर अपनी गलती स्वीकार करते हुए अफसोस जाहिर कर चुके है।

## मिशन बदलाव के प्रयास से रेड़वा कामडारा के पलायन मजदूर लेदे बरला को प्रशासन ने ढूढ़ना शुरू किया

# डीसी ने लिया संज्ञान, मजदूर को ढूढ़ने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बादलव कामडारा के जेम्श होरो और सिकंदर सिंह ने बताया कि रेड़वा कामडारा के लेदे बरला कामडारा के निवासी है और पिछले दिनों कार्य करने के लिये महाराष्ट्र के औरंगाबाद में जेपी कंपनी कंस्ट्रक्शन गये थे और उसके बाद से लापता हैं एवं इन सभी समस्याओं को लेकर उनके परिजन बहुत चिंतित थे। इसकी जानकारी मिशन बदलाव कामडारा के जेम्श होरो और सिकंदर सिह को मिली और उन्होंने ने मजदूरों के परिजनों से बात कर सभी समस्याओं को समझा और ढांढस देकर बताया कि आपके परिजन को ढूंढ कर निकाला जायेगा। मिशन बदलाव के ट्वीटर हैंडल के द्वारा इस मजदूर के लापता मामले को ट्वीट करने के बाद गुमला उपायुक्त महोदय के द्वारा संज्ञान लिया गया और जिला प्रशासन और राज्य सरकार द्वारा इस मामले में करवाई करते हुए लेदे बारला को ढूंढ कर उनके घर तक पहुंचाने का काम किया जायेगा। ये आस्वस्त किया गया एवं प्रसाशन के द्वारा मजदूर को ढूढ़ने में सक्रियता दिखाने के लिये मिशन बदलाव कामडारा प्रखंड कमिटी ने प्रशासन को सराहा और धन्यवाद दिया।



# भगवान बुद्ध की जयंती मनायी



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने भगवान बुद्ध के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व पुष्पार्चन कर किया। छात्र तुलसी उराँव, आशीष भगत,अनुज उराँव, रोनिक उराँव, प्रेमचाँद लोहरा, अलोक उराँव, शिवम महली तथा करन उराँव ने भाषण के माध्यम से भगवान बुद्ध की जीवनी तथा विभिन्न प्रसंगों को छात्रों के समक्ष रखा।शिक्षक अमरदीप बक्सराय तथा कंचन कुमार ने भगवान बुद्ध के विचारों को विस्तार से बताते हुए वर्तमान समय में उनके विचारों की प्रासंगिकता पर चर्चा किया।संगीत शिक्षक सूरज कुमार प्रसाद ने भगवान बुद्ध से संबंधित सुंदर गीत गाया।प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने वर्तमान समय मे भगवान बुद्ध की तरह सदचिंतन की आवश्यकता पर बल देते हुए सभी छात्रों से सोने से पूर्व 10 मिनट दिन भर की गतिविधियों के बारे में चिंतन करने की सलाह दी।संचालन शिक्षक अभिषेक कुमार ने किया।

## व्याख्यान दिया

**चैनपुर।** शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नेतरहाट आवासीय विद्यालय के गौतम आश्रम में छात्रों के बीच बीडीओ चैनपुर डॉ. शिशिर कुमार सिंह के द्वारा कैरियर काउंसलिंग एवं ग्लोबलाइजेशन पर व्याख्यान दिया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम भी किया गया। विभिन्न विषयों पर वाद विवाद तथा परिचर्चा की गई। डॉ शिशिर कुमार सिंह द्वारा छात्रों के बीच गुरुकुल शिक्षा से लेकर मोंटेश्नरी शिक्षा पद्धति तक ज्ञान बताया गया जिसमें छात्र काफी प्रभावित हुए एवं छात्रों का ज्ञान उपर्जन हुआ साथ ही साथ आकांक्षी जिला में गुमला उपायुक्त को पीएम अवार्ड मिलने के उपलक्ष पर विद्यालय के उपाचार्य डॉ प्रसाद पासवान द्वारा उपायुक्त गुमला को बधाई भी दी गई और गुमला जिला प्रशासनिक कार्यशैली के विषय में भी डॉ सिंह ने नेतरहाट के छात्रों को विस्तार से बताया।

## बिशुनपुर: युवक पुल से नीचे गिर कर हुआ घायल

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के चिंगरी नवटोली मोड़ के समीप बाइक सवार लोहरदगा भंडारा निवासी 30 वर्षीय अर्जुन उरांव अपने मोटरसाइकिल के साथ सड़क में बने पुल के नीचे जा गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इधर राहगीरों द्वारा घटना की सूचना 108 एंबुलेंस को दिया गया जिसके उपरांत एंबुलेंस के माध्यम से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर गुमला रेफर कर दिया घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अर्जुन लौट बहुर कार्यक्रम मैं गुरदरी थाना क्षेत्र के अरंगलोया गांव आया था। जिसके उपरांत वह बनारी से अरंगलोया गांव लौट रहा था। तभी चिंगरी मोड़ के समीप बाइक से अपना संतुलन खो दिया और बाइक सहित सड़क में बने पुल के गड्ढे में जा गिरा।

## रेबीज का प्रथम डोज लेने के दौरान कई मरीज हुए बेहोश

# पागल कुत्ते का आतंक, आठ गांव में 14 लोगों को काट कर किया घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड में अहले सुबह से ही एक पागल कुत्ता का आतंक जारी है। प्रखंड के 8 अलग-अलग गांव के 14 महिला पुरुष को काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ित बारी-बारी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर पहुंचे जहां चिकित्सा पदाधिकारी सोनाली डीजी मींज के द्वारा घायलों का इलाज करते हुए उन्हें एंटी रेबीज का प्रथम डोज दिया गया। हालांकि इस दौरान कई घायल बेहोश हो गए थे। चिकित्सकों द्वारा सलाइन एवं अन्य दवा दिया गया। जिसके बाद घायलों की स्थिति ठीक है।

### इन लोगों को पागल कुत्ते ने काटा

अनिल उरांव 50 वर्ष नरमा महेश्वर उरांव 24 वर्ष, नरमा बृजेश उरांव 28 वर्ष, चटकपुर बिगल उरांव 16 वर्ष, कोकोटोली उपल उरांव 7 वर्ष, अंकुरी हराटोली लालदेव उरांव 6 वर्ष, हेसराग बुटना उरांव 48 वर्ष, चिंगरी किरण कुमारी 6 वर्ष, चिंगरी बासमती उरांव 50 वर्ष, बिशुनपुर सेवती देवी 45 वर्ष, चटकपुर सलोनी उरांव 55 वर्ष, अंकुरी चंदन सिंह 30 वर्ष, जाहूप ब्रजनि लकड़ा, जोरी बुटन पंडित 70 वर्ष, हेसराग शामिल है।

## मेडिकल टीम ने कैंप लगा कर किया घायलों का इलाज



**डुमरी (गुमला)।** सड़क दुर्घटना में घायल लोगों के उपचार के लिए शुक्रवार को कटारी ग्राम में स्वास्थ्य कैंप लगाकर सीएचसी डुमरी के मेडिकल टीम द्वारा मरीजों का इलाज किया गया। ज्ञात हो की पिकअप वाहन से घटे दुर्घटना में घायल हुए लोगों एवं मृतकों के परिजनों से मिलने के क्रम में पूर्व विधायक शिव शंकर उरांव, सांसद प्रतिनिधि अनिरुद्ध चौधरी एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय केशरी की अगुवाई में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा ग्राम का भ्रमण किया गया था। जिसमें ग्रामीणों की मांग थी की गांव में ही आकर घायलों का इलाज होता तो बेहतर होता। इस पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं प्रखंड प्रशासन से वार्ता कर ग्राम में ही कैंप लगाने की अपील की गई थी। क्योंकि कई घायल लोग हॉस्पिटल जाने से कतरा रहे थे, जिस कारण उनका ड्रेसिंग एवं अन्य उपचार नहीं हो पा रहा था। ब्लेकिन मेडिकल टीम के गांव पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने से पीड़ितों को भारी राहत मिली है।

## मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन सह शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** छारदा गांव में देवी मंडप प्रांगण में शुक्रवार को शिव मंदिर निर्माण को लेकर भूमि पूजन सह मंदिर का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने वैदिक विधि से गणेश - गौरी, कलश, नवग्रह,षोडश मातृका, शिव पूजन के साथ वास्तु देव का पूजन किया गया। पूजन कार्यक्रम आचार्य सतीश कुमार पाण्डेय के द्वारा वैदिक मंत्रों के द्वारा भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। इस दौरान यजमान के रूप में नारायण गिरी, जीतु साहू, वीरन साहू, अरूण केशरी, मनोज गिरी, बिहारी केशरी सपत्नीक शामिल हुए। शिलान्यास सह पुजन कार्यक्रम में महिला एवं बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से किशोर महली, दीपक अधिकारी, रोहित शर्मा, नन्दकिशोर नाथ शाहदेव, प्रभाष अधिकारी, राधे बाबा, रघुनंदन साहु, नीलकंठ केशरी, छेदु साहू, संकेत साहू, सुखु साहू, नितेश साहु ने महत्वपूर्ण योगदान निभाया।

## प्रखंड कार्यालय में आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं ने बैठक की



**घाघरा ( आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले शुक्रवार को आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओ ने बैठक आयोजित किया। बैठक में संगठन की मजबूती और कार्यो पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में पोषण टेक्रर एप के माध्यम से आंगनबाड़ी सेंटर खोलने का बताया गया। बैठक में देश में आंगनबाड़ी कर्मचारियों का सरकारी कर्मचारी घोषित करने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों को केंद्र द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 18000 देने, सहायिका को 10 हजार देने, आंगनबाड़ी कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने, देश के सभी आंगनबाड़ी कर्मचारियों में भविष्य निधि, पेंशन का लाभ देने, ठेका प्रथा समाप्त करने व अनुबंध पर हो रहे बहाली को रोक लगाने जैसे मांग पर चर्चा की गई। समुचित मांग पूरा करने का आग्रह केंद्र सरकार से बैठक के माध्यम से की गई। इस मौके पर नोरबेता ऐक्का, सावित्री देवी, अनिता भगत, रुपूवती देवी, किरण कुजूर, सरोजनी देवी, सीता मुनी देवी, जीरा देवी, मालती देवी, हिरामुनी देवी, इरमिना टोप्पो शांति देवी, बसमतिया देवीसहित कई आंगनबाड़ी सेविका सहायिका उपस्थित थे।

## शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने को लेकर सहियाओं को किया प्रोत्साहित



**गुमला (आजाद सिपाही)।** संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देकर शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के लिए सहिया बहनों को प्रोत्साहित करने के कवायद तेज हो गये हैं। जिला स्वास्थ समिति, गुमला द्वारा सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रेफरल अस्पताल अंतर्गत कार्यरत सहिया बहनों का संस्थागत प्रसव लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धि का आकलन सहिया साथी और प्रखंड प्रशिक्षक दल (ग्रामीण) द्वारा किया गया। तत्पश्चात इस आकलन के आधार पर अपने-अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र/रेफरल अस्पताल में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहिया बहनों की सूची बनाई गई और फिर विभाग निदेर्शानुसार श्रेष्ठ सहिया का नाम और पोस्ट कार्ड साइज फोटो को बैनर में लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समवयक, राज्य प्रशिक्षक दल, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, प्रखंड लेखा प्रबंधक, प्रखंड प्रशिक्षक दल, साथी साथी, सहियाओं सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति में लगाया गया। अप्रैल, 2023 में संस्थागत प्रसव इंडिकेटर में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहिया में रेफरल अस्पताल, बसिया से सुषमा देवी, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, भरनो से रेखा देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बिशुनपुर से ललिता देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चैनपुर से संध्या देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, डुमरी से सुमैया खातून और निर्मला केर-केट्टा, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, घाघरा से सुरनती देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कामडारा से मंजू देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पालकोट से सुनीता देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रायडीह से अजीरन बीबी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर से आसमा खातून और रेफरल अस्पताल, सिसई से सुमति देवी का नाम है। श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली सहिया बहनों ने बताया कि इस प्रकार से सम्मानित होने से बहुत खुशी महसूस हो रही है। यह विभाग का सराहनीय कदम है। ऐसे कार्य या प्रतियोगिता हमेशा और सभी विषयों पर होनी चाहिए।

### क्षेत्र में चर्चा का विषय, कई तरह के लगाये जा रहे कयास, जांच में जुटी पुलिस

# रेहला में प्राचीन शिव मंदिर के पास मिली हनुमान जी की चांदी की मूर्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**बिश्रामपुर/पलामू।** विश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला के स्टेशन रोड में प्राचीन शिव मंदिर के पास स्थित पीपल पेड़ के नीचे से चांदी के हनुमान जी की मूर्ति बरामद होने का मामला प्रकाश में आया है। बरामद मूर्ति का वजन करीब 870 ग्राम बताया जा रहा है। जिसके बाद से क्षेत्र में कौतूहल बना हुआ है। लोग मूर्ति को देखने के लिए काफी संख्या में पीपल पेड़ के पास जमा हो गए। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर रेहला पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच और मूर्ति को अपने साथ थाने ले गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की शाम स्थानीय लोगों ने पीपल पेड़ के नीचे हनुमान जी की मूर्ति को देखा। उसके बाद लोग पीपल पेड़ के पास जमा होने लगे और देखते ही देखते वहां लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। वहां मौजूद कुछ लोगों ने इसकी सूचना रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक को दी। जिसके बाद वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये और इसकी जांच पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने स्थानीय लोगों से मूर्ति को लेकर पूछताछ की, लेकिन कोई भी कुछ स्पष्ट रुप से नहीं बता सका। मूर्ति की जांच कराई तो पता चला है कि प्रचिन नहीं, बल्कि नया-नया किसी ने बनवाया है। जो चांदी का है और उसका वजन 870 ग्राम है। थाना प्रभारी नेमधारी रजक ने बताया कि मूर्ति कहां से आई और यहां किसने किस मकसद से लाकर रखा है इसकी जांच की जा रही है। पुलिस आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे को भी खंगाल रही है, ताकि मूर्ति के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिल सके। इधर, स्थानीय लोगों की मानें तो मन्नत के पूरा होने पर कुछ महिला एक कार से गुरुवार की देर शाम में आयी और पूजा-अर्चना के बाद चांदी के हनुमान जी की मूर्ति को पीपल पेड़ के नीचे रख कर चली गयी। इसके आलावा भी स्थानीय लोग कई तरह के कयास लगा रहे हैं।


बरामद संकट मोचन बजरंग बली की मूर्ति।

# झारखंड सरकार की नीति और नीयत दोनों स्पष्ट नहीं: सतेंद्र नाथ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**विश्रामपुर/पलामू।** वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे ने कहा कि झारखंड की महागठबंध सरकार की नीति और नीयत दोनों ही स्पष्ट नहीं है। नियोजन नीति से लेकर स्थानीय नीति सभी अस्पष्ट है। सरकार की अस्पष्ट नीतियों के कारण ही राज्य का विकास ठहर गया है। प्रदेश के भलाई के लिए इस सरकार को उखाड़ फेंकना बेहद जरूरी है। ललन चौबे शुक्रवार को विश्रामपुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की सरपरस्ती में माफिया अवैध बालू का कारोबार कर लखपति बन रहे हैं, जबकि आम लोगों को सरकारी आवास निर्माण के लिए भी बालू नहीं मिल रहा है। अपराधियों का मनोबल इस सरकार में चरम पर है। नक्सलवाद फिर से सिर उठाने लगा है। विधि व्यस्था चौपट हो चुकी है। ललन चौबे ने कहा कि हेमंत सरकार निकाय चुनाव भी नहीं करा पा रही है। जिससे निकायों में अधिकारियों की मनमानी कायम हो चुकी है। सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार चरम पर है। यह सरकार अब तक की सबसे निकम्मी सरकार साबित हो चुकी है। जनता भी इस सरकार के कारनामों से ऊब चुकी है। झारखंड में अगली सरकार पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा की बनेगी।



# हुसैनाबाद में 14 वर्षीय नाबालिग को भगाने का आरोप, मामला दर्ज

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र में 14 वर्षीय नाबालिग को शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस बाबत किशोरी के पिता ने खडारपर गांव के ही भरदूल राम (25) के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें कहा है कि तीन मई को वे लोग बेटी के घर चौखड़ा में गृहप्रवेश में गये थे। जहां उसकी बड़ी बेटी सुषमा ने फोन कर बताया कि उसकी छोटी बहन घर पर नहीं है। तब वे लोग भागे-भागे पहुंचे तो पता चला कि खड़ारपर गांव के भरदुल राम नामक युवक उसकी नाबालिक बेटी को भगा लगा ले गया। वारदात के दिन से आरोपित रामदूल भी घर पर नहीं है। किशोरी के पिता ने आरोप लगाया कि बेटी घर से आठ हजार रुपए भी साथ लेकर गई है। उधर, हुसैनाबाद इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरनाथ धान ने बताया कि केस पंजीकृत कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

# भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ संघर्ष के लिए युवा रहें तैयार: राजन सिन्हा

**आजाद सिपाही स्ंवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भंडरिया में बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों के प्रतिनिधियों कि शुक्रवार को सभा हुई। जिसमें बड़गड़-भंडरिया प्रखंड के 25 गांव के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभा को संबोधित करते हुए युवा जागृति केंद्र के केंद्रीय अध्यक्ष राजन सिन्हा ने कहा कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए सांगठनिक अनुशासन एवं रणनीति के अंतर्गत कार्य करने की आवश्यकता है। समस्याएं आज इतनी विकराल हैं कि आम आदमी का जीवन निराशा-हताशा का पर्याय हो गया है। जनप्रतिनिधियों की लूट और स्वार्थ ने क्षेत्र में विकास नहीं होने दिया है। समस्याओं के समाधान के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से संघर्ष को युवा तैयार रहें। संगठन की रणनीतियों एवं आगामी कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए भंडरिया प्रखंड अध्यक्ष उपेंद्र विश्वकर्मा ने कहा शीघ्र ही कुछ गांव जो छूट गए हैं उन्हें भी संगठन से जोड़ दिया जाएगा। बड़गड़ प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन राम ने कहा कि क्षेत्र की जनता युवा जागृति केंद्र को एकमात्र विकल्प के रूप में देख रही है। सभा में विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधियों ने केंद्रीय अध्यक्ष एवं वरीय पदाधिकारियों से संवाद किया एवं स्थानीय समस्याओं की चर्चा की और उनके समाधान के लिए संगठन को क्षेत्र में और भी मजबूत करने की बात पर जोर दिया। सभा में केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश विश्वकर्मा, जिला सचिव अमित रंजन, नीरज तिवारी, वाईजेकेएसएफ के प्रमंडलीय अध्यक्ष प्रिंस सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह, जिला सचिव मोहित साहू, आनंद सिंह, विशेश्वर मांझी, काश्मीर कुजूर, अमरदीप तिर्की, ईश्वरदास तिर्की, भीम सिंह, रोहित सिंह, इंद्रराज मुंडा, रिझु सिंह, जयदीप तिर्की, चंदन बाखला, मनोज सिंह, संजीव सिंह, खुशहाल सिंह, रामवृक्ष नगेसिया, देव नारायण सिंह, सिंधु कच्छप, रंजीत तिग्गा, रंजीत लकड़ा, अशोक कुमार सिंह, धनंजय सिंह, राजेश कुमार पासवान, मनोज कुमार ठाकुर, पितांबर सिंह, विनोद कुमार सिंह समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# बुद्ध पूर्णिमा पर निकली भव्य कलश यात्रा


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती सरसोत पंचायत के अंबेडकर नगर (पांचूडीह) में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर डॉ अवध कुमार दास के नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। स्वास्थ्य उप केंद्र स्थित बने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कलश यात्रा की शुरूआत की गई। इस दौरान पारपहार स्थित लुंबिनी वन में पहुंच कर बुद्ध भक्तों ने त्रिशरण व पंचशील पाठ के साथ पूजा अर्चना कर बट वृक्ष का रोपण किया। बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर इस बार बट वृक्ष का रोपण करते हुए वक्ताओं ने उस वृक्ष को सदैव कल्याणकारी बताया। बतातें चलें कि बीते साल की इस साल भी बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर बौद्ध पीपल वृक्ष का रोपण कर भगवान बुद्ध के संदेशों का प्रसार करने का संकल्प लिया गया। कलश यात्रा में हरिहरगंज पश्चिमी के पूर्व जीप सदस्या आशा कुमारी के अलावा डॉ पूनम कुमारी, इंद्रदेव भारती, रवि कुमार, बालचंद राम, शिवशंकर राम, नेमन राम,ममता देवी, रम्भा देवी, पार्वती देवी, लिलम देवी सहित काफी संख्या में बुद्ध भक्तगण शामिल थे।


बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर निकाली गयी कलश यात्रा में शामिल लोग।

# हुसैनाबाद में सांसद चिराग पासवान का करेंगे जोरदार स्वागत : विक्रमा





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान सात मई को औरंगाबाद से हरिहरगंज के रास्ते छत्तरपुर, पंडवा मोड़, बी मोड़ होते हुए गढ़वा जिला अंतर्गत रमुना प्रखंड जाने वाले हैं, जहां कार्यक्रम में शामिल होंगें। इसकी जानकारी देते हुए लोजपा के पलामू जिलाध्यक्ष विक्रमा सिंह ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम को लेकर डीसी को पत्र देकर पलामू के सीमावर्ती क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है। कहा कि छतरपुर पहुंचने पर हुसैनाबाद समेत कई प्रखंडों के कार्यकर्ता लोजपा (फ) के अध्यक्ष का जोरदार स्वागत करेंगे।

# बुद्ध जयंती पर मोटिया मजदूर संघ ने अस्पताल में किया फल वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**खूंटी।** भगवान बुद्ध की जयंती पर शुक्रवार को असंगठित कामगार मोटिया मजदूर किसान संघ के अध्यक्ष सयूम अंसारी ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सदर अस्पताल में मरीजों के बीच फलों का वितरण किया। सयूम अंसारी ने कहा कि भगवान बुद्ध का एक ही धर्म था गरीबों और मजबूर लोगों की सेवा करना। हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए हमेशा समाज सेवा में लगे रहना चाहिए। वहींस संगठन के सदस्यों ने हितुटोला गांव के एक मरीज विकास रूंडा को अस्पताल में भर्ती भी कराया। इस मौके पर पवन महतो, आनंद बैठा, राजेश महतो, रेखा देवी, सुनीता देवी, इम्तियाज अंसारी, कलीम अंसारी, राहुल, अनीता देवी, कुलदीप महतो और इमानुएल मुंडू आदि मौजूद थे।



### चैयरमैन बनने पर काउंसिल के सदस्यो ने पीएम प्रसाद से की मुलाकात



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** ऑल इंडिया एससी/एसटी ओबीसी ईम्पलाईज को-ऑर्डिनेशन काउंसिल पिपरवार क्षेत्र के प्रतिनिधि दल ने शुक्रवार को सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद से मुलाकात की। इस दौरान सीएमडी को कोल इंडिया चेयरमैन पद पर चयनित होने पर बधाई दी। काउंसिल के सीसीएल उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि सीसीएल के सीएमडी पीएम प्रसाद का कार्यकाल सीसीएल कंपनी में काफी सराहनीय रहा। कोल इंडिया में चैयरमैन के पद पर उनका योगदान सीसीएल के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर रतन लाल, रामचंद्र उरांव, सरजू सिंह, रमेश भोगता सहित काउंसिल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बराही धाम का वार्षिक उत्सव समारोह 7 मई को, तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अनुमंडल के बराही धाम का प्रथम वार्षिक उत्सव समारोह 7 मई को धूमधाम से मनाया जायेगा। समारोह को सफल बनाने के लिए शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व धाम समिति के सदस्य के लोग मिलकर प्रयास कर रहे हैं। शुक्रवार को शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बराही धाम पहुंचकर आलोकन किया। धाम परिसर की सजावट फूल माला से की जा रही है। शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट व बराही धाम समिति के पदाधिकारियों ने बताया की शुक्रवार से पूजा व हवन यज्ञ अनुष्ठान शुरू है। सात मई को विशाल भंडारा व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगी। बतातें चलें कि बराही धाम परिसर में देवी मंदिर और 105 दक्षिणमुखी हनुमान जी की प्रतिमा पलामू ही नहीं, झारखंड के साथ ही देश के लिए भी गौरव है। यहां प्रतिदिन काफी संख्या में लोग झारखंड, बिहार, मध्य प्रदेश और छतीसगढ़ आदि राज्यों से आकर माता और हनुमान जी की मंदिर में मत्था टेक सुख व शांति की कामना करते है। यह लंबे अर्से से आस्था का केंद्र बना हुआ है।


बराही धाम मंदिर।

## स्पोर्ट्स



बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने को लेकर अनभिज्ञता जाहिर की है। कहा कि जिसकी पूरी जानकारी ना हो उस पर टिप्पणी नहीं

### कहा- नहीं जानता वहां क्या हो रहा है, मुझे तो अखबारों से घटना का पता चला

# पहलवानों को अपनी लड़ाई लड़ने दीजिए: सौरव गांगुली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने को लेकर बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि 'मैं सच में नहीं जानता कि वहां क्या हो रहा है। मैंने अभी अखबारों में पढ़ा है। सौरव गांगुली ने कहा कि 'उन्हें अपनी लड़ाई लड़ने दीजिए। मुझे स्पोर्टस में एक बात समझ में आई है कि आपको उन चीजों के बारे में बात नहीं करनी चाहिए, जिनके बारे में आपको पूरी जानकारी नहीं है। गांगुली ने कहा कि 'मुझे उम्मीद है कि इस मसले का हल निकल आएगा। रेसलर्स ने हमेशा देश का मान बढ़ाया है और उम्मीद है कि यह हल हो जाएगा।



### कई खिलाड़ियों ने किया है समर्थन

इससे पहले ओलिंपिक गोल्ड मेडल विजेता नीरज चोपड़ा, मुक्केबाज निकहत जरीन, टेनिस स्टार सानिया मिर्जा, हॉकी खिलाड़ी रानी रामपाल, क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग, हरभजन सिंह, इरफान पठान और मदन लाल ने भी पहलवानों का समर्थन किया था। वहीं, पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने रेसलर्स के समर्थन में कहा था कि साक्षी, विनेश भारत की शान हैं। मैं एक खिलाड़ी के रूप में सड़कों पर विरोध करने के लिए अपने देश के गौरव को देखकर दुखी हूं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उन्हें न्याय मिले।

### पहलवानों के समर्थन में वीरेंद्र सहवाग भी

पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने भी पहलवानों का समर्थन किया है। उन्होंने लिखा, बहुत दुःख की बात है कि हमारे चैंपियंस, जिन्होंने देश का बड़ा नाम किया है, झंडा लहराया है, हम सबको इतनी खुशियां दी हैं, उन्हें आज सड़क पर आना पड़ा है। बड़ा संवेदनशील मामला है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उम्मीद है खिलाड़ियों को न्याय मिलेगा। वहीं, क्रिकेटर इरफान पठान ने रेसलर्स के समर्थन में कहा कि ये हमारे गौरव का प्रतीक हैं। सिर्फ तब ही नहीं जब वो मेडल जीतकर आते हैं।

### सड़क पर देख कर कष्ट होता है : नीरज चोपड़ा

स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने कहा था कि सड़क पर इंसाफ मांग रहे एथलीट्स को देख कष्ट होता है, इन्हें न्याय मिलना चाहिए।

### क्या है मामला?

डब्ल्यूएफआइ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप है। इसे लेकर 18 जनवरी 2023 को पहलवान पहली बार धरने पर बैठे थे। 21 जनवरी को पहलवानों ने खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से बात की और धरना खत्म कर दिया, लेकिन 23 अप्रैल को पहलवान दूसरी बार धरने पर बैठे और सुप्रीम कोर्ट में बृजभूषण सिंह के खिलाफ एफआइआर को लेकर याचिका दायर की। कोर्ट में सुनवाई के बाद दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण सिंह के खिलाफ दो एफआइआर दर्ज की है। अब धरने पर बैठे पहलवानों का कहना है कि बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी के बाद ही वह जंतर-मंतर से उठेंगे।

# एमकेडीएवी में एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी में 44वां बटालियन एनसीसी कैडेट्स भर्ती कैंप का आयोजन किया गया। यह भर्ती 44वां बटालियन मेदिनीनगर एनसीसी के कमांडेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी के निर्देशन में आयोजित किया गया था। इस भर्ती प्रक्रिया के दौरान कैडेट से दौड़, पुश-अप कराया गया। स्टेडियोमीटर से हाइट मापी गई। चिकित्सकीय परीक्षण, पोस्चर डिफॉर्मिंग के साथ-साथ अभिलेख परीक्षण, आधार कार्ड, अंकपत्र फोटो का मिलान किया गया।

इस अवसर पर कमांडेंट कर्नल अमिताभ मुखर्जी ने बताया कि इस केंद्र से 50 कैडेट्स का चयन हुआ है, जिसमें 15 बालिका जेडब्ल्यू एवं 35 बालक जेबी की भर्ती हुई है। उन्होंने बताया कि कैडेट्स के रूप में विद्यार्थी जीवन में परिश्रम अनुशासन एवं अन्य जीवन उपयोगी बातें सीख कर अपने व्यक्तित्व में निखार लाते हैं एवं देश भक्ति भावना से परिपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए बताया कि एनसीसी में प्रशिक्षित छात्र देश की पूंजी बनते हैं। अनुशासन युक्त जीवन उनके अंदर देश भक्ति भावना का संचार करता है और वह एक कुशल देशभक्त नागरिक बनकर देश सेवा के लिए तैयार होते हैं। भारत सरकार कैडेटस को सेना के तीनों अंगों में आरक्षण देती है और अन्य नौकरियों एवं उच्च शिक्षा में भी उन्हें इसका लाभ मिलता है। छात्रों को इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को बधाई एवं शुभकामना प्रदान की। इस अवसर पर हवलदार लाल पुर्ती, हवलदार सर्वजीत सिंह एवं विद्यालय के खेल शिक्षक सह सीटीओ डां राजेंद्र राणा उपस्थित थे। चयनित छात्रों में विनीत राज, आयुष कुमार पांडे, अनंत कुमार, नव्या राणा, अतुल्य सिंह एवं राखी कुमारी सम्मिलित थी।



**दुस्साहस :** बस्ताकोल कोलियरी की बंद विक्ट्री खदान में एक दर्जन हथियारबंद लुटेरों ने बोला धावा

# आधा दर्जन कर्मियों को बंधक बनाकर केबल लूटे, पानी के लिए तरसी 5 हजार की आबादी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** बस्ताकोला कोलियरी क्षेत्र के बंद विक्ट्री खदान के सैकड़ों फिट गहरे अंडरग्राउंड से गुरुवार की रात में हथियारबंद लूटेरों ने धावा बोल दिया। वहां माइनिंग सरदार संजय कुमार सोनिक और ओवरमैन उपेंद्र सिंह सहित आधा दर्जन कर्मियों को हथियार का भय दिखाकर बंधक बना लिया। इसके बाद पंप का लगभग 60 मीटर केबल काट कर चलते बने। लूटे गए केबल की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये बतायी जा रही है। उधर, केबल काटे जाने से विक्ट्री कॉलोनी, दुर्गा स्थान और दुमहल्ला के लगभग पांच हजार की आबादी क्षेत्र में पीटवाटर आपूर्ति ठप हो गयी। उधर, घटना की सूचना पाकर अभियंता दीपक कुमार और


इसी खदान में की गयी लूटपाट।

एसीएम गौरव अग्रवाल शुक्रवार को बंद खदान के अंडरग्राउंड पहुंचे और मामले की छानबीन की। साथ ही प्रबंधन की ओर से दूसरा केबल लगाकर जलापूर्ति शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। इस बाबत बस्ताकोला कोलियरी के पीओ एके शर्मा ने झरिया थाने में शिकायत भी दर्ज करायी है। जानकारी के मुताबिक

### इस खदान से लूटपाट की प्रमुख घटनाएं

| | |
|---|---|
| 26 दिसंबर 2019 | 11 जुलाई 2021 |
| 30 सितंबर 2020 | 26 जुलाई 2021 |
| 20 दिसंबर 2030 | 26 सितंबर 2021 |
| 26 जनवरी 2021 | 03 नवंबर 2021 |
| 14 मार्च 2021 | 18 नवंबर 2021 |
| 6 जून 2021 | 1 दिसंबर 2022 |

गुरुवार की रात भी एक दर्जन से अधिक लूटेरों ने धावा बोल दिया और कर्मियों को हथियार के बल पर बंधक बना लिया। इसके बाद मोटरपंप में लगे 60 मीटर केबल काट कर ले गये। बतातें चलें कि इस बंद अंडरग्राउंड में केबल लूट की घटना से प्रबंधन बेहद परेशान है। विगत दो साल में यहां से लूटेरों ने 15 से अधिक बार केबल लूट की घटना को अंजाम दिया है। इससे पूर्व 26 दिसंबर 2019 को लूटेरों ने पूर्व एसीएम सौरभ कुमार और अभियंता गौरव कुमार की पिटाई कर दी थी। जिससे यहां काम करने वाले कर्मियों में हमेशा भय बना रहता है। अंडरग्राउंड खदान से लूट की घटना होना प्रबंधन, सीआइएसएफ और पुलिस पर सवाल उठने लगे है। कर्मियों का कहना है कि सैकड़ों फिट गहरे खदान में लूट के बाद घंटों अपराधी खदान के अंदर रहते है, फिर भी वे लोग पकड़े नहीं जाते हैं। गौरतलब हो कि पहले लूटेरे इस खदान में विश्वकर्मा परियोजना के सिरमुहान से घूसते थे। पर यहां बीसीसीएल विभागीय पैच चालू होने से सभी सिरमुहान बंद हो गए। इसके बाद अपराधियों ने बस्ताकोला आउटसोर्सिंग में उत्पादन के दौरान बने सिरमुहान से अपना रास्ता बना लिया है। वहीं, बस्ताकोला कोलियरी प्रबंधन सिरमुहानों को बंद करने के तैयारी में जुट गई है।

### दो साल में इस खदान से डेढ़ दर्जन बार लूट की घटना

जानकारी के अनुसार दो साल के भीतर उक्त खदान में डेढ़ दर्जन से अधिक बार लूटपाट की घटना को अंजाम जा चुका है। प्रबंधन हर बार थाने में शिकायत दर्ज करवाया है। बावजूद इसके यहां लूट की घटना पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वहीं, बस्ताकोला कोलियरी पीओ एके शर्मा कहते हैं कि जब भी ऐसी घटना घटती है। थाने में शिकायत करते है। पर पुलिस अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती। उन्होंने कहा कि लूटेरे सिरमुहान के अंदर किस रास्ते से घूस रहे है। इसकी जांच की जा रही है। संदेह है कि बस्ताकोला आउटसोर्सिंग बने गैलरी सिरमुहान से घूस रहे है। एक सिरमुहान को बंद कर दिया गया है। अन्य मुहाने को भी बंद कर दिया जाएगा। वहीं, झरिया इंस्पेक्टर एसके सिंह ने बताया कि बीसीसीएल प्रबंधन की ओर से शिकायत दर्ज करायी गयी है। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## वेदांता में लोहा गिरने से दब कर मजदूर की मौत

**त्रिपक्षीय वार्त में 15 लाख रुपये मुआवजा के साथ ही मृतक के एक परिवार को नियोजन का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** इलेक्ट्रोस्टील वेदांता कंपनी प्रबंधन की कथित लापरवाही के चलते कार्य के दौरान मजदूर के शरीर पर लोहा गिरने के कारण प्लांट के भीतर ही उसकी मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान पप्पू कुमार महतो (30) के रूप में हुई है। वह सियालगजरा का रहने वाला था। उधर, घटना से नाराज मजदूरों ने प्रबंधन से मांग की कि मृतक के आश्रित को नौकरी एवं 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। नियोजन व मुआवजा देने को लेकर प्रबंधन, थाना प्रभारी व ग्रामीणों की बीच त्रिपक्षीय बैठक भी हुई, जिसमें बोकारो विधायक प्रतिनिधि सह जिला महामंत्री संजय त्यागी ने कहा कि बोकारो विधायक के लगातार प्रयास और जिला प्रशासन के सहयोग से मृतक के भाई के खाते में प्रबंधन द्वारा 15 लाख रुपये दे दी गई है। साथ ही प्रबंधन ने कहा कि 20 मई के भीतर मृतक के परिवार में से एक सदस्य को नियोजन दी जाएगी। लगे हाथ प्रबंधन से इस तरह की घटना दोबारा ना हो इसे लेकर आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया है। वार्ता में भाषा आंदोलन के नेता टाइगर जय राम महतो, करण महतो, जिलापरिषद प्रतिनिधि सुजीत चक्रवर्ती, मुखिया दिनेश रजक, स्वदेश खवास, जयराम महतो, डॉ प्रकाश, अशोक रजक, प्रेम महतो और निमाइ महथा आदि मौजूद थे।

## बीएसएल में सम्मानित किये गये विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल में एएसके इंजीनियरिंग एंड कंसल्टेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाये जा रहे सुरक्षा कार्यक्रम कवच के तहत बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत अधिकारियों, कर्मियों, ठेका कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित किये गए पोस्टर, वाल आर्ट, बीडीओ और स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के लिए मानव संसाधन विकास केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी, अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी सहित पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी (सुरक्षा एवं फायर सर्विसेज) आनंद रौतेला ने सभी का स्वागत किया और प्रतियोगिता के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथियों ने पोस्टर, वॉल आर्ट, विडिओ, तथा स्लोगन प्रतियोगिता के विजेताओं को उपहार कूपन देकर सम्मानित किया। पोस्टर प्रतियोगिता में ऑपरेटर कम टेक (सीआरएम-3) नीलू सिंह को प्रथम, कंसल्टेंट (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ वर्षा कुमारी, ओसीटी ट्रेनी (सीआरएम-3) सुवर्णा मुजुमदार, सीनियर ओसीटी ट्रेनी (सीआरएम-3) अभिषेक कुमार सिंह तथा ठेका मजदूर (सीओ एवं सीसी) हरिनंदन को द्वितीय एवं नेहा परवीन पुत्री सीनियर टेक कम ऑपरेटिव (ईआरएस) मो सलीम अंसारी, एस राय की पुत्री सीनियर ऑपरेटर करण (आरजीबीएस) एसके राय, अनुज कुमार भाई ऑपरेटिव(सीआरएम) सरोज कुमार और ओसीटी(ईटीएल) ज्योति कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वाल आर्ट प्रतियोगिता में टेक्नीशियन(टेक्निकल सेल) शालिनी प्रसाद को प्रथम, ठेका मजदूर(सीओ एवं सीसी) हरिनंदन प्रजापति को द्वितीय और ठेका मजदूर(सीओ एवं सीसी) राजेश कर्मकार को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, वीडियो प्रतियोगिता में प्रबंधक (सीआरएम-3) निहारिका अनुपम, ओसीटी (सीआरएम-3) ज्योति कुमारी को द्वितीय और सहायक महाप्रबंधक (सीआरएम-3) तरुण श्रीवास्तव को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। स्लोगन प्रतियोगिता में ओसीटी (एसएमएस-न्यू) औरंगजेब को प्रथम, ऑपरेटर कम टेक (सीआरएम-3) नीलू सिंह, सीनियर ऑपरेटर कम टेक ( सीएसआर) सूरज चन्द्र तिवारी, ठेका मजदूर(फॉस्बेल बैटरी) उदय दुबे को द्वितीय और प्रबंधक( सीआरएम-3) एच के मालवीय, ओसीटी(सीआरएम-3) बी बेहरा, सहायक महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) जीआर पागड, प्रबंधक (सीआरएम-3) निहारिका अनुपम और प्रबंधक(सिंटर प्लांट) प्रभात कुमार सिंह को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया

## गौतम बुद्ध सेवा समिति ने मनाई भगवान बुद्ध की 2585वीं जयंती



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** गौतम बुद्ध सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में शुक्रवार को धनबाद प्रणव वाटिका सभागार में कुशवाहा समाज की ओर से विश्व शांति व अहिंसा के दूत भगवान गौतम बुद्ध की 2585वीं जयंती मनाई गई। वक्ताओं ने भगवान बुद्ध की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। कहा कि भगवान बुद्ध के बताए गए मार्ग पर चल कर ही समाज और विश्व का उत्थान हो सकता है। इस दौरान एक विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष बीके सिंह और सचिव उचित महतो आदि पदाधिकारियों द्वारा भगवान बुद्ध की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए बीके सिंह ने बताया कि इस गोष्टी में समाज के उत्थान और कल्याण के साथ साथ जो पिछड़े है उन्हें साथ लेकर चलना है। समाज के किसी कार्यक्रम या आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के शादी-विवाह व अन्य समारोह के लिए अपना कोई भवन नहीं है जिस कारण कई बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे कार्यों के लिए समाज का अपना भवन जल्द से जल्द बनाने का निर्णय किया गया। जिसे लेकर ट्रस्ट का गठन किया गया है। साथ ही जमीन चिन्हित करने की प्रक्रिया जारी है। वहीं ट्रस्ट सह झारखंड कुशवाहा महासभा के प्रदेश सचिव उचित महतो ने कहा कि बुद्ध जयंती कुशवाहा समाज के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा धर्मशाला निर्माण के लिए जल्द ही जमीन व्यवस्था करने की बात कही। कहा कि समाज का धर्मशाला होने से आगे बढ़ने में भी मदद मिलेगा। इस मौके पर प्रियंका देवी, हलधर महतो, भगवान प्रसाद, मोहन सिंह, रामदेव महतो, गुलाब सिंह कुशवाहा, सतेंद्र मंडल, वंशराज सिंह, अनिल सिंह, संतोष कुशवाहा, सुरेंद्र महतो, अजय महतो आदि थे।

## धनसार में संदिग्ध परिस्थिति में व्यक्ति की मौत, धोबिया तालाब से बरामद हुआ शव

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** धनसार थाना क्षेत्र में 40 वर्षीय एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। शुक्रवार की सुबह मनईटाड़ स्थित धोबिया तालाब से उसका शव बरामद हुआ, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पाकर धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह घटनास्थल पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से निकला गया। शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेज दिया। मृतक की पहचान वहीं हो सकी है। थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को यहां


शव का पंचनामा करती पुलिस।

तीन दिन तक सुरक्षित रखा जाएगा, ताकि उसकी पहचान कर स्वजनों को सौंपा जा सके। बतातें चलें कि स्थानीय लोगों ने तालाब में शव को पानी के उपर उपले हुए देखा। इसके बाद धनसार पुलिस को सूचना दी। वहीं, धनसार थाना प्रभारी राजदेव सिंह का कहना है कि फिलहाल शव के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।

### सिंदरी में महिला का शव बरामद

**धनबाद (आजाद सिपाही)। बलियापुर थाना क्षेत्र स्थित मनोहरटांड़ स्थित हीरक पुल के पास बंद शॉफ्ट कोक भट्ठे के पीछे जोड़िया से शुक्रवार को एक मलिका का शव बरामद होने का मामला प्रकाश में अया है। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। साथ ही मामला दर्ज कर शव की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है।**

## कांग्रेसियों ने अपनी ही पार्टी के जिलाध्यक्ष का पुतला फूंका

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कांग्रेसियों ने अपनी ही पार्टी के जिला अध्यक्ष संतोष सिंह शुक्रवार को पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दिन धनबाद के छह विधानसभा क्षेत्र से रणधीर वर्मा चौक पर जुटे कांग्रेसियों ने संतोष सिंह के खिलाफ नारेबाजी की। पुतला दहन में शामिल कार्यकर्ता



चंडी ग्याली ने बताया कि पिछले दिनों बाघमारा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने यह बयान दिया कि वे शेख गुड्डू को नहीं जानते। उनके इस बयान से शेख गुड्डू के समर्थकों एवं कार्यकर्ताओं को गहरा दुख पहुंचा है। बाघमारा क्षेत्र के शेख गुड्डू कांग्रेस पार्टी के एक सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता है। हम संतोष सिंह के बयान की घोर निंदा करते हैं। पुतला दहन में सुभाष बंसल, केदार ग्याली, अनिस सिंह, शेख डब्ल्यू, सुभाष सिंह, अनिल रजवार, ललिता देवी, लीला देवी, यशोदा देवी, कैलाश महतो, विक्रम पासवान, शंकर पासवान, राजा सिन्हा, जितन नापित, फिरोज अंसारी, शेख बद्रुद्दीन, शेख राहमान, अनिश आरबी, ज्योति देवी, शेख संटू, किशोर नापित, पिंकू रजक आदि मौजूद थे।

### लोयाबाद में निर्वस्त्र कर युवक की घंटों पिटाई, युवती ने भी लगाये गंभीर आरोप

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद थाना क्षेत्र के कनकनी में हनी ट्रैप का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार निरसा थाना क्षेत्र निवासी प्रेमी युवक की लोयाबाद में निर्वस्त्र कर जमकर धुनाई की गयी। यही नहीं, नग्न कर वीडियो भी बनाया गया और पेशाब भी पिलाया गया। घटना कनकनी हनुमान बाजार में गुरुवार की शाम की बताई जा रही है। उधर, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया। घटना के दौरान युवक की बाइक, फोन और सात हजार रुपये नगद भी छीन लिया गया। युवक ने इसकी शिकायत पुलिस से की है। वहीं, प्रकरण में एक युवती एक दूसरे पर पैसे ठगने का आरोप लगा रहे है। एक तरफ युवक का कहना है कि युवती ने उससे रुपये ली थी। जब मांगने पहुंचा तो उसने झूठे आरोप में फंसा दिया. वहीं, युवती ने भी थाने में लिखित शिकायत दी है। उसने शारीरिक शोषण का आरोप लगाया है। उधर, फोन पर लोयाबाद थाना प्रभारी विकास कुमार यादव ने बताया मामले की जांच की जा रही है।**

पदुगोडा पंसस ने मुखिया पर लगाया मनरेगा दीदीबाड़ी योजना में फर्जीवाड़ा का आरोप

## दीदीबाड़ी योजना करवाने के नाम पर मुखिया प्रत्येक महिला से लेते हैं 100-100 रुपये: पीड़ित महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** पदुगोड़ा पंचायत अंतर्गत कुलटांड़ गांव में शुक्रवार को सभा आयोजित की गई, जिसकी अगुवाई पंचायत समिति सदस्य अजय कुमार दास ने किया। सभा में धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव सिंह, बाघमारा प्रखंड प्रमुख गीता देवी, विधायक प्रतिनिधि अनील उपाध्याय के अलावा वार्ड सदस्य भी उपस्थित थे। जहां अजय दास ने पंचायत में दीदीबाड़ी योजनाओं एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में बताया। इस दौरान सभा में दर्जनों ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थी, जिन्होंने मुखिया महेश पटवारी पर कई गंभीर आरोप लगाये। महिलाओं ने बताया कि मुखिया दीदीबाड़ी करवाने के नाम से प्रत्येक महिलाओं से 100-100 रुपये लेकर योजना करवाते हैं। जो पैसे



नहीं देते उनका योजना नहीं किया जाता हैं। साथ ही कुछ महिलाओं ने बताया कि मुखिया द्वारा योजना के नाम से जो राशि आती हैं उसमे से 1400 रुपये ले लिया जाता हैं। अगर विरोध करते हैं तो पैसे रोकने की धमकी दी जाती है।

### गड़बड़ी की होगी जांच

प्रखंड प्रमुख गीता देवी ने कहा कि सरकार की ओर से दी जाने वाली कोई भी स्कीम का पैसा कोई नहीं रोक सकता हैं। चिंता ना करें। जिस किसी को भी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है हमसे सीधे संपर्क करें। हर हाल में सभी जरुरतमंदों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। अगर किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी हुई हैं तो इसकी जांच की जायेगी।

### मामले को दबाने का प्रयास शुरू

### सभी आरोप निराधार, निजी फायदे के लिए कुछ लोग कर रहे बदनाम: मुखिया

**वहीं, मुखिया महेश पटवारी ने कहा कि जो भी आरोप लगाया जा रहा सभी निराधार हैं। अपने निजी फायदे के लिए पंसस समिति कुछ महिलाओं को बहकाने की कोशिश कर रहा हैं। अगर ऐसा होता तो कुछ ही गिने चुने महिलाओं को लेकर पंसस समिति योजना में गड़बड़ी का जिक्र कर रहे हैं। कुलटांड़ गांव या पंचायत के अन्य गांव के ग्रामीण क्यों विरोध नहीं करते ये समझ से परे हैं। हमने पंचायत के अंतिम लोगों तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाने की कोशिश की है। जो कई दलालों को राश नहीं आ रहा हैं। इसी लिए तरह-तरह के हतकंडे अपनाकर पंचायत में कार्य करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। ऐसे दलालों से डरने वाले नहीं हैं, हमें गांव की जनता ने चुना हैं, उन सभी को प्रत्येक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारा कर्तव्य हैं।**

पंसस समिति के अजय दास ने इस संबंध में बताया कि बाघमारा प्रखंड की पदुगोड़ा पंचायत में मनरेगा की राशि से जेएसएलपीएस के माध्यम से संचालित दीदी बाड़ी योजना में बिना काम तकरीबन लाखों रुपये की निकासी कर ली गई है। मामला उजागर होने के बाद अब गड़बड़ियों को दबाने की पहल तेज हो गई है। वहीं, ग्रामीण बिट्टू राय ने आरोप लगाया कि राय टोला में एक भी व्यक्ति का कोई योजना नहीं किया गया। विरोध करने पर रंगदारी, सरकारी काम में बाधा एवं मारपीट का केस लगाया जाता हैं।

### लोहा चोरी करते रंगे हाथ धराया चोर




**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन स्थित डीवीसी के गैस टरबाइन से लोहा चोरी करते हुए निसार अंसारी नामक एक युवक को गुरुवार की रात मैथन पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने शुक्रवार को ओपी प्रांगण में प्रेस वार्ता कर बताया कि गिरफ्तार निसार अंसारी कुमारधुबी शिब्लीबाड़ी का रहने वाला है। उसका चार-पांच लोगों का एक गिरोह है, जो मैथन व आसपास के क्षेत्रों में फैक्ट्री आदि जगहों पर लोहा चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। उन दिनों इनका गिरोह लगाचार चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहा था, जिसकी सूचना हमें मिल रही थी। गुरुवार को सूचना मिली की लोहा चोरी करने के उद्देश्य से कुछ लोग डीवीसी के बंद पड़े गैस टर्बाइन की तरफ गए हैं। जिसके बाद तत्काल योजना बनाकर एक टीम गठित कर छापामारी की गयी। पहुंचकर घेराबंदी की गई, तो झाड़ियों में छिपा एक बिना नंबर प्लेट की स्कूटर बरामद हुई। तभी दीवाल के उस पार से कुछ आवाजें सुनाई दी तो वहीं छिपकर पुलिस इंतजार करने लगी। इसी बीच निसार अंसारी दीवाल फांदकर भागने की कोशिश की जाने लगा, जिसे हमारे सशस्त्र बल के जवानों ने दौड़ा कर पकड़ लिया। पूछताछ में उसने बताया कि स्कूटी उसी की है। उसके पास से ब्लू कटर पिलास, आरी पत्ती, गैस प्लांट से चोरी हुआ करीब 200 किलो बल्ब आदि बरामद हुए। जबकि उसके साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहे। हालांकि गिरफ्तार निसार से पूछताछ कर उसके बाकि के साथियों का नाम-पता हासिल करप लिया गया है। गिरोह में कुंदन मिर्धा, मोहित विश्वकर्मा, राहुल पासवान एवं मेढा ग्राम का एक और अन्य व्यक्ति शामिल है।

# सीएम नवीन पटनायक ने भुवनेश्वर में कॉन्सेंट्रिक्स बीपीओ का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कॉन्सेंट्रिक्स बीपीओ का उद्घाटन किया, जो दुनिया की अग्रणी पेशेवर सेवा संस्था में से एक है। यह राज्य में बड़े पूंजी निवेश के लिए आयोजित 'मेक इन ओड़िशा' सम्मेलन की सफलता का एक चमकदार उदाहरण है। हाल के वर्षों में, आईबीएम, हैपिएस्ट माइंड्स, डेलॉइट के 'क्षमता संवर्धन केंद्र' और आज कॉन्सेंट्रिक्स बीपीओ सेंटर की स्थापना ने राज्य की सूचना और प्रौद्योगिकी विकास में एक स्वर्ण युग की शुरुआत की है।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा खेल एवं युवा कल्याण एवं गृह विभाग मंत्री तुषारकांति बेहेरा, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सलाहकार अनुभव पटनायक, 5टी सचिव वीके पांडियन, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा विभाग बिष्णुपद सेठी, प्रमुख सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मनोज कुमार मिश्र, प्रमुख सचिव इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के मानस रंजन पंडा, रामादेवी विश्वविद्यालय के उपाध्यक्ष- चांसलर अर्पिता चौधरी मौजूद रहीं।

कंसेंट्रिक्स द्वारा भुवनेश्वर में इस कस्टम एक्सपीरियंस सेंटर की स्थापना से राज्य की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी और युवाओं के लिए उच्च वेतन वाले महत्वपूर्ण रोजगार के अवसर पैदा होंगे। 17 से अधिक वर्षों के निर्बाध वैश्विक परिचालन के साथ, कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी पेशेवर सेवा प्रदाता है। इसे 'ब्रांड फाइनेंस' द्वारा दुनिया के सबसे मजबूत और सबसे मूल्यवान वाणिज्यिक सेवा ब्रांड के रूप में भी मान्यता दी गयी है। भारत सहित विभिन्न देशों में स्थित कंपनी के केंद्रों को 'सर्वश्रेष्ठ कार्यस्थल' के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

कंसेंट्रिक्स भुवनेश्वर में एक ग्राहक अनुभव केंद्र स्थापित करने के अलावा, महिला सशक्तिकरण और रोजगार के अवसरों के लिए रामादेवी महिला विश्वविद्यालय भुवनेश्वर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के परिणामस्वरूप, योग्य छात्रों को उनके पेशेवर कौशल को बढ़ाने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण और रोजगार प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय परिसर में ₹कौशल विकास केंद्र₹ स्थापित किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने प्रसन्नता व्यक्त की और उल्लेख किया कि कॉन्सेंट्रिक्स कस्टमर एक्सपीरियंस सेंटर ओडिशा में सूचना और प्रौद्योगिकी के विकास में बहुत मदद करेगा। उन्होंने कॉन्सेंट्रिक्स के विस्तार में तेजी से प्रगति की कामना की और आशा व्यक्त की कि यह प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अधिक अवसर पैदा करेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ओड़िशा सरकार भुवनेश्वर कस्टमर एक्सपीरियंस सेंटर के कर्मचारियों की संख्या को जल्द से जल्द 5000 तक बढ़ाने के लिए हर संभव साहाय्य और सहायता प्रदान करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री पटनायक ने उम्मीद जताई कि भुवनेश्वर रमादेवी महिला विश्वविद्यालय और कॉन्सेंट्रिक्स के बीच हुए समझौते से महिला रोजगार और सशक्तिकरण के क्षेत्र में मार्ग प्रशस्त होगा।

अंत में कॉन्सेंट्रिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवींद्र सिंह राणा ने राज्य सरकार को उसके त्वरित सहयोग के लिए धन्यवाद दिया और घोषणा की कि कॉन्सेंट्रिक्स जल्द ही ओड़िशा में अपने पेशेवर कर्मचारियों को 2,000 से बढ़ाकर 5,000 कर देगा।

उन्होंने वादा किया कि इनमें से 50 प्रतिशत कर्मचारियों को महिलाएं नियुक्त करेंगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि निकट भविष्य में भुवनेश्वर केंद्र पूर्वी भारत में सूचना प्रौद्योगिकी के एक प्रमुख केंद्र के रूप में परिवर्तित हो जायेगा।

# सोआ ने एक वर्ष में 5000 से अधिक पशुओं का किया इलाज

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एजुकेशन एंड रिसर्च (सोआ) द्वारा शुरू किए गए शहरी पशु चिकित्सालय में एक साल से भी कम समय में करीब 5527 पशुओं का विभिन्न रोगों के लिए इलाज किया गया है। यह जानकारी सोआ द्वारा संचालित पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन संस्थान के डीन प्रोफेसर ब्रह्मदेव पटनायक ने दी। भुवनेश्वर के उपकंठ शामपुर में पिछले साल 28 अप्रैल को शुरू किए गए पशु चिकित्सालय का उद्घाटन सोआ के संस्थापक अध्यक्ष प्रो (डॉ) मनोजरंजन नायक और तत्कालीन कृषि और किसान अधिकारिता और पशुपालन मंत्री और नयागड के विधायक डॉ अरुण साहू ने किया था। अस्पताल में प्रयोगशालाओं और ऑपरेशन थिएटर सहित सभी प्रकार के जानवरों के इलाज की सुविधा है।

# ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने कुलसचिव को दी विदाई



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओड़िशा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने गुरुवार को सुनाबेड़ा के परिसर में निवर्तमान रजिस्ट्रार डॉ असित कुमार दास को सम्मानित किया। डॉ दास मई 2018 में विश्वविद्यालय में शामिल हुए और पांच साल तक जीवित रहे। उन्होंने अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस अवसर पर कुलपति प्रो चक्रधर त्रिपाठी, अकादमिक और प्रशासनिक सलाहकार प्रो सुधेंदु मंडल, डीन, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधन संरक्षण स्कूल प्रो एसके पालिता, डीन, स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज प्रो एनसी पांडा, वित्त अधिकारी के कोशला राव ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों और सिविल सेवकों के साथ उन्हें भव्य विदाई और सम्मानित किया।

कुलपति प्रो त्रिपाठी ने कहा कि डॉ दास ने विश्वविद्यालय में अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा कर लिया था, जिससे विश्वविद्यालय और कई कर्मचारियों को गहरा लाभ हुआ है। डॉ दास ओड़िशा के हमारे केंद्रीय विश्वविद्यालय परिवार के मुख्य सचिव थे। उन्होंने उड़िया संस्कृति और जगन्नाथ संस्कृति के सभी अच्छे गुणों को धारण किया है और उन्हें समृद्ध भी किया है। इस अवसर पर कुलपति ने उन्हें शाल और आदिवासी कलाकृति भेंट कर सम्मानित किया। अंत में कुलपति ने उनके स्वस्थ, स्वस्थ और शांतिपूर्ण जीवन की कामना की।

प्रो मंडल ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के पद तक पहुंचने के लिए डॉ दास के आजीवन संघर्ष को याद किया। उन्होंने निवर्तमान रजिस्ट्रार की विभिन्न शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रो मंडल ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ भविष्य की कामना की। प्रो पांडा ने वेद मंत्रों के उच्चारण के माध्यम से उन्हें विदाई दी। प्रो एसके पालिता ने विश्वविद्यालय की कई निर्णय लेने वाली समितियों में अपनी भागीदारी को याद किया, जिसने विश्वविद्यालय प्रशासन को कई संकटों के दौरान सही समाधान के साथ आने में मदद की। अपने विदाई भाषण में कुलसचिव डॉ दास ने कुलपति, शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों और सहयोगियों को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल के दौरान विश्वविद्यालय के शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सहयोग से विश्वविद्यालय के विकास के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मैं अपने जीवन में ओडिशा केंद्रीय विश्वविद्यालय को कभी नहीं भूलूंगा और इसे हमेशा याद रखूंगा। इस अवसर पर ओडिया भाषा एवं साहित्य की प्राध्यापक डॉ रुद्राणी मोहंती ने कार्यक्रम का संचालन किया तथा जनसंपर्क अधिकारी डॉ फगूनाथ भोई ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# भारत के मुख्य न्यायाधीश दो दिवसीय ओड़िशा दौरे पर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ दो दिवसीय ओड़िशा दौरे पर हैं। शुक्रवार को भुवनेश्वर हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद उनका स्वागत किया गया। वह से सीधे पुरी गये और श्रीमंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ के दर्शन किये। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, अन्य न्यायाधीशों, राज्य के मुख्य प्रशासनिक सचिव प्रदीप जेना ने श्रीमंदिर के सिंह द्वार के पास मुख्य न्यायाधीश को स्वागत किये। मुख्य न्यायाधीश शनिवार को कटक न्यायपालिका अकादमी में होने वाले सम्मेलन में शामिल होंगे। वहां डिजिटाइजेशन पेपरलेस कोर्ट सम्मेलन में आयोजित किया जायेगा।

# पीड़ित परिवार से मिले लक्ष्मण प्रसाद सिंह



आजाद सिपाही संवाददाता

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा निवासी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के वरिष्ठ अचार्य राधेश्याम के बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत की सूचना के बाद शुक्रवार को भाजपा नेता जह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सड़क दुर्घटना में मृत युवक के स्वजनों से मिल कर उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि डीजे वाहन लदे वाहन की लापरवाही के कारण युवक की जान चली गयी। सरकार को ऐसे डीजे लदे वाहनों पर रोक लगाने की आवश्यकता है। श्री सिंह ने कहा कि वे आजीवन पीड़ित परिवार के साथ हैं। परिवार के छोटे बेटे की वे कहीं न कहीं निजी कंपनी में जॉब लगवा देंगे, ताकि परिवार का भरण पोषण आसानी से हो सके। मौके पर योगेंद्र प्रसाद, राजकुमार सिंह, आनंदी यादव, बिनोद पांडेय, राजेंद्र विश्वकर्मा, नागेश्वर साव आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रपति ने ज्ञानी जैल सिंह को श्रद्धांजलि दी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 5 मई को रायरंगपुर, ओडिशा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# नवीन पटनायक कल दीपाली दास के लिए प्रचार करने झारसुगुड़ा जायेंगे

**भुवनेश्वर, झारसुगुड़ा भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** । मुख्यमंत्री नवीन पटनायक सात मई को झारसुगुड़ा जायेंगे। दोपहर साढ़े तीन बजे मुख्यमंत्री झारसुगुड़ा पहुंचेंगे। वे झारसुगुड़ा सर्किट हाउस के समीप अमलीपाली में जनसभा में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री झारसुगुड़ा उपचुनाव में बीजेडी के उम्मीदवार दीपाली दास के लिए प्रचार करेंगे और आम लोगों को संबोधित करेंगे। झारसुगुड़ा जिला पर्यवेक्षक देवीप्रसाद मिश्र ने इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि झारसुगुड़ा उपचुनाव के वोटों की गिनती 13 मई को होगी।

# जेट एयरवेज और नरेश गोयल के ठिकानों पर सीबीआइ का छापा

**नयी दिल्ली।** सीबीआइ ने केनरा बैंक से संबंधित 538 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के मामले में शुक्रवार को जेट एयरवेज और इसके संस्थापक नरेश गोयल के मुंबई स्थित परिसरों सहित सात स्थानों पर छापा मारा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सीबीआइ ने गोयल, उनकी पत्नी अनीता और एयरलाइन के पूर्व निदेशक गौरांग आनंद शेट्टी के आवासों और कार्यालयों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने केनरा बैंक की शिकायत पर 538 करोड़ की कथित धोखाधड़ी का नया मामला दर्ज किया है।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**